दैनिक **नवप्रदेश**
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — राज्यपाल ने की मप्र में फंसे छग के श्रमिकों...
4 अभिव्यक्ति — सरकार नहीं चेती तो गैस त्रासदियां होती...
9 मनोरंजन/खेल — जग्गा जासूस में इरफान खान को कास्ट करना...
11 व्यापार — सोनी इंडिया ने स्टे होम स्टे सेफ प्रोग्राम...

www.navpradesh.com | रायपुर, मंगलवार 12 मई 2020, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-पंचमी , विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-91 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोना ने ऐसा कोहराम मचाया है कि बाकी बीमारियां गधे के सिर से सिंग की तरह गायब हो गई है। अस्पतालों के ओपीडी बंद पड़े है। आलीशान निजी अस्पतालों में उल्लू बोल रहे है। कोरोना के सामने स्वाईन फ्लू, मलेरिया, पीलिया और कैंसर जैसी बीमारियों की कोई पूछ परख नहीं हो रही है। पता नहीं कैसे लोग एकदम से स्वस्थ हो गए है कि उन्हे अस्पताल जाने की जरूरत ही नहीं पड़ रही है। मौसम का मिजाज बदल रहा है फिर भी मौसमी बीमारियों के प्रकोप से लोग बचे हुए है। ऐसा लगता है कि एक बड़ी मछली ने तमाम छोटी मछलियों को निगल लिया है।

डेढ़ माह बाद लौट आई राजधानी के बाजार की पुरानी रौनक

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। लॉकडाउन के बीच करीब डेढ़ माह बाद राजधानी रायपुर के बाजारों की पुरानी रौनक वापस लौट आई है। रविवार की देर शाम एक आदेश जारी कर लॉकडाउन में और ज्यादा छूट दी गई है। इसके तहत अब तक बंद रहने वाले व्यापारिक संस्थानों को भी सशर्त खोले जाने का निर्देश दे दिया गया है। इसके तहत कपड़ा दुकान, रेडिमेड होजियरी, जूता-चप्पल की दुकानें, मिठाई की दुकानें, हार्डवेयर, इलेक्ट्रानिक एंड इलेक्ट्रिकल्स जैसी दुकानें भी शामिल हैं। लिहाजा शनिवार और रविवार को बरती गई सख्ती के बाद सोमवार को शहर में फिर से रौनक लौट आई है। सुबह विभिन्न व्यापारिक संस्थानों के शटर खुले तो ग्राहक भी खरीददारी के लिए उमड़ पड़े। शहर की सड़कों पर एक बार फिर से चहल-पहल बढ़ गई है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नए आदेश के तहत उन दुकानों के भी खुले शटर, जिन्हें सोमवार तक अनुमति नहीं थी

कपड़ों की दुकानों पर भी खरीदारी

आज सुबह जैसे ही शहर में डेढ़ माह से बंद रहने वाली दुकानों के शटर खुले तो आमजनों के चेहरों पर भी संतोष स्पष्ट नजर आई। कपड़ों की दुकान, जूते-चप्पल की दुकान खुल जाने से इन दुकानों में भी आज अच्छी ग्राहकी हो रही है। इसके अलावा घर और मरम्मत के लिए हार्डवेयर की दुकानों को भी खोल दिया गया है। इससे शासकीय कार्यालयों के साथ ही निजी सेक्टरों में भी ठप पड़े काम शुरू हो गए हैं। निर्माणाधीन मकान व भवन मालिकों को भी इससे काफी राहत मिली है।

कोरोना संकट। राज्यों के मुख्यमंत्रियों से फिर मुखातिब हुए प्रधानमंत्री मोदी

पीएम बोले- गांवों को हर हाल में रखें कोरोना मुक्त, सीएम ने मांगे अधिकार

राज्य को मिले जोन निर्धारण व आर्थिक गतिविधियों संबंधी हक : सीएम बघेल

नई दिल्ली/ रायपुर/ए./नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ कोविड-19 की समीक्षा बैठक में गांवों को कोरोना संकट से दूर रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन में ढील के बाद हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती गांवों को कोरोना मुक्त रखने की है और हमें इसे सुनिश्चित करना ही होगा। वहीं बैठक में शामिल हुए प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने राज्यों को कुछ अधिकार दिए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को राज्य के भीतर आर्थिक गतिविधियां संचालित करने संबंधी व जोन निर्धारण संबंधी अधिकारी प्रदान किए जाए। उन्होंन प्रधानमंत्री मोदी से छत्तीसगढ़ को 30 हजार करोड़ रुपए का पैकेज देने की मांग भी दोहराई। मुख्यमंत्री ने नियमित ट्रेन, बस व हवाई सेवा के लिए राज्यों से विचार-विमर्श पर भी जोर दिया। हालांकि, इस मीटिंग में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने 31 मई ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मुख्यमंत्री ऐसे रखी अपने मन की बात

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि राज्य के अंदर आर्थिक गतिविधियों के संचालन के निर्णय का अधिकार राज्य सरकार को मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कोरोना संक्रमण को लेकर रेड, ग्रीन और ऑरेंज जोन के निर्धारण का दायित्व राज्य सरकारों को दिया जाना चाहिए। बघेल ने कहा कि रेल सेवा शुरू होने से वर्तमान स्थिति में बदलाव आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेगुलर ट्रेन और हवाई सेवा, अंतर राज्यीय बस परिवहन की शुरुआत राज्य सरकारों से विचार विमर्श कर किया जाना चाहिए। उन्होंने श्रमिकों के परिवहन के लिए एसडीएमआरसी मद से राशि व्यय किये जाने की अनुमति देने का भी सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने राज्य का वित्तीय घाटा भी इस वर्ष अपवाद के रूप में जीएसडीपी का 5 प्रतिशत के बराबर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कुछ मुख्यमंत्रियों ने दिया लॉकडाउन बढ़ाने का सुझाव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कोरोना संकट पर मौजूदा हालात और भविष्य की रणनीतियों की चर्चा करते हुए कुछ मुख्यमंत्रियों ने लॉकडाउन बढ़ाने का सुझाव दिया। दिलचस्प बात यह है कि पाबंदियां जारी रखने के सुझाव विरोधी दलों के मुख्यमंत्रियों की ओर से ही आए। लॉकडाउन बढ़ाने की मांग करने वालों में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का नाम शामिल हैं। ठाकरे ने यहां तक कहा कि लॉकडाउन आगे नहीं बढ़ाया गया तो कोरोना वायरस का संक्रमण फैलने से रोकना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन हो जाएगा। वही प. बंगाल की सीएम ममता ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पीएम के समक्ष सीएम भूपेश ने ये मांगें भी रखीं

■ औद्योगिक संस्थानों से प्राप्त राशि मिले राज्य को

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री केयर फंड में छत्तीसगढ़ राज्य के औद्योगिक संस्थानों द्वारा बड़ी राशि दान दी गई है। इस संकट की घड़ी में छत्तीसगढ़ के जरूरत मंद लोगों को राहत पहुंचाने के लिए यह राशि राज्य को अंतरित की जानी चाहिए।

■ एफसीआई और खरीदे राज्य का चावल

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है। धान यहां की प्रमुख उपज है। एफसीआई द्वारा राज्य से 24 लाख मैट्रिक टन चावल लिया गया है, उन्होंने इसे बढ़ाकर 31.11 लाख मैट्रिक टन किए जाने की अनुमति देने का भी आग्रह प्रधानमंत्री से किया।

■ मनरेगा में 100 की जगह मिले 200 दिन का रोजगार

मनरेगा के तहत 100 दिन के रोजगार दिए जाने का प्रावधान 200 दिन करने का आग्रह करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लॉकडाउन की वजह से छत्तीसगढ़ राज्य में लाखों की संख्या में ऐसे श्रमिक हैं, जो 100 दिन का रोजगार पूरा करने की स्थिति में आ गए हैं। इसमें बढ़ोतरी किए जाने से उन्हें मई और जून माह में भी गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराया जा सकेगा। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अच्छी खबर

बिलासपुर से 14 मई को निकलेगी स्पेशल यात्री ट्रेन

नई दिल्ली/नवप्रदेश। रेलवे मंगलवार यानी 12 मई से राजधानी दिल्ली से 15 जोड़ी स्पेशल यात्री ट्रेन चलाने जा रहा है। इनमें से एक जोड़ी ट्रेन बिलासपुर के लिए भी होगी। रायपुर, नागपुर, भोपाल व झांसी स्टेशन पर इनका स्टॉपेज होगा। बिलासपुर से ये विशेष यात्री ट्रेन हर सोमवार व गुरुवार को दोपहर 2 बजे छूटेगी। इस लिहाज से बिलासपुर से पहली स्पेशल ट्रेन गुरुवार 14 मई को निकलेगी। जबकि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोरोना अपडेट

देश	कंफर्म केस	मौत
भारत	70,638	2,255
अमेरिका	1,370,999	80,870
ब्रिटेन	223,060	32,065
इटली	219,070	30,560
स्पेन	268,143	26,744
फ्रांस	176,970	26,380
बेल्जियम	53,449	8,707
ब्राजील	163,510	11,207
जर्मनी	171,999	7,569
ईरान	109,286	6,685

गर्वनर, स्पीकर पहुंचे अस्पताल पूर्व सीएम जोगी का जाना हाल

■ पूर्व सीएम रमन सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता भी पहुंचे

रायपुर/नवप्रदेश। हृदयघात के बाद कोमा में चले गये छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी हालत गंभीर ही बनी हुई है। उनका हाल जानने सोमवार को श्री नारायणा अस्पताल में प्रदेश की दिग्गज राजनीति हस्तियों का तांता लगा रहा। राज्यपाल अनुसुइया उईके, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह सोमवार को अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने डाक्टरों व अजीत जोगी की पत्नी रेणु जोगी तथा पुत्र अमित जोगी से उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली। रेणु जोगी व अमित ने अजीत जोगी के स्वास्थ्य को लेकर डॉ. महंत को विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान डॉ. महंत के साथ साथ कांग्रेस नेता गुरुमुख सिंह होरा, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

चिकित्सा पेशेवरों के आवागमन पर पाबंदी न लगाएं राज्य : गृह मंत्रालय

■ केंद्रीय गृहसचिव ने सभी राज्यों और केंद्र प्रदेशों को लिखा पत्र

नई दिल्ली/ (वार्ता)। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को चिकित्सकों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के निर्बाध आवागमन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। केन्द्रीय गृह सचिव ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर कहा है कि केबिनेट सचिव की अध्यक्षता में रविवार को हुई बैठक में कुछ राज्यों द्वारा चिकित्सा पेशेवरों के आवागमन तथा उनकी गतिविधियों पर पाबंदियों का मुद्दा उठाया गया था। केबिनेट सचिव ने इसका संज्ञान लेते हुए राज्यों से इस बारे में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

स्वस्थ हुए और 4 मरीज एम्स ने किया डिस्चार्ज

राज्य में अब सिर्फ 6 एक्टिव पॉजिटिव केस

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर से सोमवार को चार और कोविड-19 रोगियों को ठीक होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। अब यहां छह एक्टिव रोगी रह गए हैं जिनकी हालत स्थिर है। एम्स के मेडिकल बुलेटिन के अनुसार सोमवार को प्रातः चार और रोगियों को डिस्चार्ज कर दिया गया। इसमें सूरजपुर के दो पुरुष क्रमशः 27 और 30 वर्ष एवं कबीरधाम के दो युवक क्रमशः 19 और 20 वर्ष शामिल हैं। इन सभी को 14 दिन के क्वारेंटाइन में रहने की सलाह दी गई है। निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने बताया कि वर्तमान में छह रोगी कोविड-19 वार्ड में उपचार प्राप्त कर रहे हैं। इन सभी की हालत स्थिर बनी हुई है। सोमवार तक एम्स से 51 रोगियों को उपचार के पश्चात् ठीक होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है।

छत्तीसगढ़ का हाल	
कुल मामले	59
डिस्चार्ज हुए	53
पॉजिटिव बचे	6

अब जिलावार एक्टिव केस	
दुर्ग	2
रायपुर	1
कबीरधाम	1
सूरजपुर	2

वारदात

बीजापुर में नक्सली मुठभेड़ सीआरपीएफ जवान शहीद

बीजापुर/नवप्रदेश। सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच सोमवार की दोपहर मिरतुर थाना क्षेत्र के हुर्रेपाल के जंगल में हुई मुठभेड में सीआरपीएफका एक जवान शहीद हो गया। डीआरजी, एसटीएफ, सीआरपीएफ की संयुक्त टीम सोमवार को सर्चिंग पर निकली थी। तभी फोर्स का नक्सलियों से सामना हो गया। एसपी कमलोचन कश्यप ने बताया कि सोमवार की दोपहर डेढ़ से 2 बजे के बीच डीआरजी, एसटीएफ और सीआरपीएफके जवान हुर्रेपाल के जंगलों में एरिया डोमिनेशन के लिए निकले थे तभी जवानों को देख नक्सलियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान 170 बटालियन में पदस्थ जवान मुन्ना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

उपचार

मनमोहन की हालत स्थिर डॉक्टरों की निगरानी में रहेंगे

नई दिल्ली/नवप्रदेश। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को दवा के रिएक्शन के कारण रविवार की देर रात यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत स्थिर बतायी गयी है। एम्स के सूत्रों ने सोमवार को डॉ सिंह की स्थिति को स्थिर बताते हुए कहा कि उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों के दल की देखरेख में उन्हें रखा गया है। उन्होंने बताया कि डॉ सिंह को बुखार भी है और इसके कारणों की जांच की जा रही है। डॉ सिंह का इलाज कर रहे डॉक्टरों ने बताया कि नई दवा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

स्वेच्छा

मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. आभा ने लिया वीआरएस

रायपुर/नवप्रदेश। मेडिकल कॉलेज, रायपुर की डीन डॉ. आभा सिंह ने सोमवार को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस)ले ली। सूत्रों के मुताबिक उन्होंने न केवल वीआरएस के लिए आवेदन लगाया बल्कि, बल्कि तीन माह की सैलरी भी जमा कर दी। नौकरी छोड़ने बाबत नोटिस नहीं दिए जाने के कारण उन्होंने सैलरी जमा कराई। उनके इस कदम से उन्हें वीआरएस स्वीकृति तक आफिस भी नहीं आना होगा। मेडिकल कॉलेज से जुड़े सूत्रों का कहना है कि उन्होंने स्वास्थ्य कारणों के चलते वीआरएस के लिए अप्लाई किया है। बता दें कि आभा सिंह अप्रैल महीने में तब चर्चा में आई थीं, जब अवकाश पर जाने के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने डीन से हटाकर उनका तबादला ■ शेष पृष्ठ 8 पर

विधायक, भिलाई नगर देवेंद्र यादव कोरोना संकट पर नवप्रदेश से कहा

सीएम की दूरदृष्टि से मेरा मिनी भारत स्वस्थ

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। कोरोना संक्रमण कोविड-19 से पूरा देश लड़ रहा है। ऐसे में इस संक्रमण से ना सिर्फ मेरी विधानसभा बल्कि पूरा छत्तीसगढ़ राहत की अनुभूति कर रहा है। इसका सारा श्रेय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विजनरी डिजीजन यानि कि दूरदृष्टि को दूंगा। उनके फैसले लेने की क्षमता का ही नतीजा है कि आज मेरा मिनी भारत पूरी तरह स्वस्थ है। विधायक देवेंद्र यादव ने कोरोना संक्रमण से लेकर इसके पड़ने वाले प्रभाव पर दैनिक नवप्रदेश से विस्तृत चर्चा की। वायरस नियंत्रण, इसके बचाव के लिए किए गए इंतजामात और लॉकडाउन की वजह से पड़ने वाले आर्थिक दुष्परिणामों पर बेबाक राय पेश की। उन्होंने कहा भिलाई को प्रदेश का मिनी भारत कहा जाता है, क्योंकि यहां जम्मू-काश्मिर से लेकर भारत के सभी राज्यों के लोग रहते हैं। ऐसे में संक्रमण के फैलाव का खतरा भी यहां अपेक्षाकृत ज्यादा था, लेकिन सीएम श्री बघेल की दूरदर्शिता ही कही जाए कि उन्होंने इसके फैलाव व गंभीरता को समझते ही 13 मार्च को रोक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दिए हर जरूरी संसाधन

इस वजह से भिलाई का जो कल्चर है मिनी भारत वाला वहां प्रशासनिक सख्ती से कोरोना को नियंत्रित किया जा सका। संदिग्धों की जांच, क्वारंटाइन रेग्यूलर किया गया। मैं एमएलए के साथ मेयर भी हूं इसलिए मेरी दोहरी जिम्मेदारी हैं जिसे बखूबी निभाने के लिए सीएम ने हर जरूरी संसाधन हमें मुहैया करवाए। 25 मार्च को 1 केस अरब से आए युवक का था जिसे मौके में ही आईसोलेट कर दिया गया। उसके आसपास के इलाकों के 200 घरों को त्वरित सेनेटाईज किया गया। 2 केस की ट्रेवह हिस्ट्री कटक और उत्तर प्रदेश की मिली। मैं कहुंगा मेरे क्षेत्र की जनता भी जागरुक थी और इसलिए हम इसे रोक पाए हैं।

गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद बोले

सीएम के सुनियोजित कार्यों से मिला लाभ

रायपुर। कोरोना कोविड-19 के खतरनाक संक्रमण से मेरी विधानसभा बिलकुल महफूज है। यह सभ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सुनियोजित कार्यशैली का ही परिणाम है कि स्वास्थ्य, रोजगार, जरूरी व्यवस्थाएं लॉकडाउन में भी मिल रही हैं। सबसे ज्यादा श्रमिक व मजदूर बहुल इलाकों, विकासखंडों, गांवों में रोजगार, सूखा राशन और आर्थिक के अलावा संक्रमण से सुरक्षित जनता मेरे जिले में है। गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कोरोना महामारी से बचाव के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को इसका सारा क्रेडिट दिया है। उन्होंने कहा सीएम बघेल की वजह से उनके क्षेत्र में बाहरी राज्यों में फंसे 4384 लोगों के अलावा 65 विदेश यात्री भी सकुशल लौट आए। सभी को आईसोलेशन -क्वारेंटिन में रखा गया था। इसमें से 3542 लोगों ने 28 दिन का क्वारेंटिन समय भी पूरा कर लिया है। सभी स्वस्थ्य हैं और शेष 842 लोग भी क्वारेंटिन में चंद रोज रहते हुए स्वास्थ्यलाभ ले रहे हैं। 88606 लोगों का सामुदायिक सर्वेक्षण भी कर लक्षणों की जांच की गई है। 802 की लैब जांच हो चुकी है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जो कहा वह कर दिखाया

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जो कहा था वह किया उन्होंने किसी को भी भूखा नहीं सोने दिया है। रोजगार के साथ ही सूखा राशन निःशुल्क वितरण करवाया। 5 विकासखंड, 3 विधानसभा क्षेत्र के 435 ग्राम पंचायतों के 689 गांवों में हर समय 1 क्विंटल चावल व 25 से 50 किलो दाल की व्यवस्था की गई है। कुल 9372 हितग्राहियों को सूखा राशन व पका भोजन दिया गया है। भविष्य में मनरेगा के साथ साथ विभागीय योजनाओं के तहत यात्री प्रतिक्षालयों, सामुदायिक भवन, स्कूल में अतिरिक्त कक्ष, नई सड़कें, सिंचाई व पेयजल की कई योजनाएं हैं। बाहर से आने वाले हमारे मजदूरों को क्वारेंटिन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

यूएस-चीन के कोल्ड वॉर में पिसेगा पाक, तबाही की ओर अर्थव्यवस्था

इस्लामाबाद ए.। आर्थिक मंदी और कोरोना वायरस से तबाही के साथ ही पाकिस्तान का अमेरिका और चीन बीच जारी कोल्ड वॉर में भी पिसना तय माना जा रहा है। कभी अमेरिका का चहेता रहा रहा पाकिस्तान इन दिनों चीन की गोद में बैठा हुआ है। पाकिस्तान के स्टेट बैंक ने इस साल देश की आर्थिक विकास दर निगेटिव स्थिति में जाने का अनुमान व्यक्त किया है। आने वाले वर्षों में भी पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति में कोई सुधार होता नहीं दिख रहा है।

अमेरिका और चीन के बीच कोरोना वायरस को लेकर जारी तनाव और ट्रेड वॉर के कारण खैरात पर निर्भर पाकिस्तान कर्ज के बोझ तले डूब सकता है। हाल में ही पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने कोरोना से बचाव के लिए वैश्विक समुदाय से पैसे देने की गुहार भी लगाई थी लेकिन उन्हें किसी भी देश ने कर्ज नहीं दिया। इस समय अमेरिका और चीन अंदरूनी हालात को सही करने में उलझे हुए हैं। ऐसे समय में ये दोनों देश पाकिस्तान की मदद करने की स्थिति में नहीं हैं।

- पाकिस्तान में कोरोना जांच की किट नहीं, डॉक्टरों ने मास्क और प्रोटेक्टिव सूट के लिए की हड़ताल
- आईएमएफने भी कर्ज देने से किया इनकार, पहले से ही पाक पर अरबों का कर्ज बकाया
- चीन ने भी बनाई दूरी, कोरोना से उबरने में जुटे हैं जिनपिंग

पाक का सबसे बड़ा साथी है चीन

2015 में चीन ने अरब सागर तक अपनी पकड़ को मजबूत करने के लिए चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे की शुरूआत की थी। इसी के साथ चीन पाकिस्तान में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाला सबसे बड़ा देश बन गया था। हालांकि, 2016 से बाद इस गलियारे के निर्माण को लेकर पाकिस्तान में खासी राजनीति हुई। जिस कारण फिलहाल इस रोड का काम रूका हुआ है। साल 1970 के दशक में पाकिस्तान ने अमेरिका और चीन से अपने संबंधों का भरपूर फायदा उठाया।

चीन ने 1980 और 1990 के दशक में परमाणु हथियारों को बनाने और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए तकनीकी सहायता मुहैया कराई। आज भी दोनों देश रक्षा के क्षेत्र में कई प्रकार के हार्डवेयर का उत्पादन करते हैं जिसमें जेएफ-17 लड़ाकू विमान भी शामिल है।

आईएमएफ कर्ज देने को तैयार नहीं

आर्थिक रूप से नाकाम साबित हो चुके पाकिस्तान ने आईएमएफसे कर्ज देने की गुहार लगाई थी। हालांकि इस संस्था ने मांग की आधी से भी कम रकम पाकिस्तान को दी। वर्तमान में पाकिस्तान के ऊपर अंतरराष्ट्रीय कर्ज बहुत ज्यादा हो गया है।

पाकिस्तान की अकड़ ढीली भारत से मंगा रहा दवाई

इस्लामाबाद ए.। भारत के साथ ट्रेड संबंध सस्पेंड करने वाले पाकिस्तान को अपनी हालात समझने में ज्यादा देर नहीं लगी। कोरोना संकट ने उसे समझा दिया कि भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार को सस्पेंड करने का उसपर कैसा प्रतिकूल असर हो रहा है। अब हालात यह आ गए हैं कि जरूरी दवाओं के आयात की आड़ में वह भारत से खाने-पीने की चीजें मंगवा रहा है। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को निरस्त करने के बाद पाकिस्तान ने भारत के साथ व्यापार संबंध तो सस्पेंड किया ही था साथ ही ट्रेन और बस सेवा तक रोक दी थी।

इमरान सेविपक्ष ने मांगा हिसाब

विपक्षी पार्टी पीएमएल-एन ने केंद्र सरकार ने दवाइयों के घोटालों के आरोप लगाए हैं। इसके साथ पीएमएल-एन ने ताना मारते हुए कहा कि अगर हमारे कार्यकाल में ऐसा कुछ होता तो हमें तुरंत ही देशद्रोही कह दिया जाता और मकुदमा भी दायर कर दिया जाता। वहीं, पीपीपी ने भी भारत से अरबों रुपये की दवाइयों के आयात की जांच की मांग की है। पार्टी नेता नैय्यर हुसैन बुखारी ने कहा कि व्यापार प्रतिबंध के बावजूद दवाइयों का आयात हो रहा है और इसके लिए जिम्मेदार शख्स का पता लगाया जाना चाहिए।

क्या है पूरा मामला

दरअसल, पाकिस्तान यंग फार्मासिस्ट असोसिएशन ने पीएम इमरान खान के विशेष सहायक शहजाद अकबर को चिट्ठी लिखकर शिकायत की है कि ट्रेड सस्पेंड होने के बाद भी भारत से 450 से ज्यादा दवाइयां मंगवाई जा रही हैं। असोसिएशन ने बताया, 'सरकार को कैंसर की दवा की कमी की जानकारी दी गई थी लेकिन संघीय सरकार की तरफसे जारी समरी में सभी तरह की दवाइयों के साथ ही सरसों तेल के आयात को भी मंजूरी दे दी गई है।

वंदे भारत : चार दिन में देश लौटे 3908 भारतीय

नयी दिल्ली (वार्ता)। विदेशों में फँसे भारतीयों को स्वदेश लाने के लिए सरकार द्वारा शुरू किये गये 'वंदे भारत' मिशन के तहत पहले चार दिन में 3,908 लोग देश लौट चुके हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 07 मई से 10 मई तक सरकारी विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया और उसकी सहयोगी एयरलाइन एयर इंडिया एक्सप्रेस की 23 उड़ानों से कुल 3,908 भारतीयों को स्वदेश लाया गया है। सरकार की योजना आरंभ में 12 देशों से 64 उड़ानों के परिचालन की है जिनमें 14,800 लोगों को वापस लाया जाना है। इसके अलावा विदेश से भारतीयों को वापस लाने के लिए जाते समय लॉकडाउन के कारण यहाँ फँसे लोगों को भी उनके संबंधित देश पहुँचाया गया है। अब तक 25 ऐसी उड़ानों में कुल 833 ऐसे लोग विदेश गये हैं जो या तो उन देशों के नागरिक हैं या उनके पास वहाँ का लंबी अवधि का वीजा है।

माली में तीन संरा शांतिदूतों की हत्या, चार घायल

बामाको (शिन्हुआ)। माली में संयुक्त राष्ट्र बहुआयामी एकीकृत स्थिरता मिशन (मिनुस्मा) के तीन शांतिदूतों की पैट्रोलिंग के दौरान भारी विस्फोटक उपकरण से हत्या कर दी गयी है। मिनुस्मा ने बयान जारी कर बताया कि इस हमले में चार अन्य शांतिदूत घायल हुए हैं जिनका इलाज जारी है। मिनुस्मा के प्रमुख माहमात सालेह अनादिफने इस हमले की कड़ी निंदा की और इसे कार्यतापूर्ण कृत्य करार दिया। श्री अनादिफने कहा,÷हम इस हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों की पहचान करने की पूरी कोशिश करेंगे और उन्हें इस कृत्य के लिए सजा देंगे।

मॉस्को की धर्मशाला में आग लगने से सात की मौत

मॉस्को (स्पूतनिक)। मॉस्को क्षेत्र के क्रासनोगोर्स्क में एक निजी धर्मशाला में आग लगने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय आपातकालीन सेवा के प्रवक्ता ने इसकी जानकारी दी। जब यह हादसा हुआ उस वक्त धर्मशाला में 29 लोग मौजूद थे। आग इमारत के दूसरे तल्ले में रविवार देर रात लगी। दमकलकर्मियों के मौके पर आने से पहले 11 लोग वहां से सफलतापूर्वक निकल गए थे। प्रवक्ता ने बताया कि सात लोगों के शव घटनास्थल से मिले हैं। आग पर हालांकि काबू पा लिया गया है। इस धर्मशाला में एक भी बच्चा मौजूद नहीं था।

तालिबान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़, छह सैनिकों की मौत

काबुल (स्पूतनिक)। अफगानिस्तान के पूर्वी लाघमन प्रांत में तालिबान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में छह सैनिकों की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य घायल हो गए। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा, ÷अलिशांग जिले में कल रात जांच चौकी में हमला हुआ, जिसमें छह सैनिकों की और और अन्य पांच घायल हो गए। सैनिकों ने भी जवाबी कार्रवाई की और दोनों ओर से गोलीबारी में तालिबानी भी हताहत हुए हैं।

ब्रिटेन में एक जून से स्कूल खोलने पर विचार : जॉनसन

लंदन (स्पूतनिक)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा है कि कोरोना वायरस के कारण लॉकडाउन में धीरे-धीरे ढील दी जा सकती है और इसके तहत एक जून से स्कूल खोलने पर विचार चल रहा है। श्री जॉनसन ने कहा, लॉकडाउन को एक बार में नहीं हटाया जा सकता। हालांकि हम कुछ प्रतिबंध हटाने पर विचार कर रहे हैं।

गुजरात : श्रमिक स्पेशल ट्रेन हुई रद्द तो मजदूरों का फूटा गुस्सा

बस के शीशे और खिड़कियां तोड़ी

तस्वीर - अहमदाबाद रेलवे स्टेशन

भावनगर ए.। गुजरात में फंसे प्रवासी मजदूरों का गुस्सा एक बार फिर देखने को मिला। यूपी जाने वाली श्रमिक स्पेशल ट्रेन के रद्द होने पर सैकड़ों मजदूरों ने बवाल किया और बस में तोड़फोड़ की। ये सभी मजदूर एक डिटर्जेंट पाउडर की फैक्ट्री में काम करते थे और लॉकडाउन से पहले से यहीं फंसे हैं।

एसपी जयपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि घटना काला तालाव क्षेत्र में स्थित कंपनी के कारखाने के पास श्रमिकों की कॉलोनी में हुई। राठौड़ ने बताया कि मजदूर यह सोचकर क्रोधित हो उठे कि कंपनी उन्हें लॉकडाउन के दौरान अपने गृह राज्य नहीं जाने देगी जो कि सच नहीं था। उन्होंने कहा, 'सोमवार की सुबह कुछ मजदूर भावनगर रेलवे स्टेशन से उत्तर प्रदेश के लिए स्पेशल ट्रेन पकड़ने वाले थे। जब उन्हें कर्मचारियों की बस से स्टेशन ले जाया जा रहा था तब कंपनी प्रबंधन को पता चला कि ट्रेन किसी कारणवश रद्द कर दी गई है। इसलिए बस आधे रास्ते से ही श्रमिकों की कॉलोनी में वापस आ गई।

10 मजदूरों पर मुकदमा

राठौड़ ने बताया कि मजदूरों ने सोचा कि कंपनी उन्हें जाने नहीं देना चाहती। उन्होंने कहा, 'वापस आने के बाद मजदूरों ने तोड़-फोड़ की। उन्होंने बस खिड़कियां और शीशे तोड़ डाले।' उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है और 10 मजदूरों को गिरफ्तार करने की प्रकिया जारी है।

यूपी: इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे शिक्षामित्र

नयी दिल्ली (वार्ता)। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र एसोसिएशन ने शिक्षक भर्ती मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ सोमवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया।

वकील गौरव यादव की ओर से दायर इस याचिका में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने या उसे रद्द करने की मांग की गई है। इससे पहले राज्य सरकार की तरफ से शीर्ष अदालत में एक कैविएट दाखिल की गई है, जिसमें कहा गया है कि शीर्ष अदालत उसका पक्ष सुने बिना इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर कोई आदेश जारी न करे।

इस मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने अपना फैसला सुनाया था। उसके बाद राज्य में बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में सहायक शिक्षकों की भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। उत्तर प्रदेश में शिक्षकों की बड़े पैमाने पर होने वाली भर्ती लटकी हुई थी। ऐसा कटऑफ मार्क्स से संबंधित विवाद के कारण था।

इस मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रदेश सरकार के कटऑफ बढ़ाने के फैसले को सही बताया था। इसके अलावा इस भर्ती प्रक्रिया को तीन महीने के अंदर पूरा करने का आदेश भी दिया है।

दिल्ली में रेप पीड़िता कोरोना पॉजिटिव, आरोपी को तिहाड़ में किया गया क्वारंटाइन

नई दिल्ली ए.। कोरोना वायरस से जुड़ा एक चौंकानेवाला मामला दिल्ली में सामने आया है। यहां एक बलात्कार पीड़िता कोरोना पॉजिटिव पाई गई है। इसके बाद बलात्कार के आरोपी को जेल में ही क्वारंटाइन कर दिया गया है। बलात्कार का आरोपी दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद है। उसके साथ दो और कैदियों को क्वारंटाइन किया गया है। कोरोना के बढ़ते कहर को देखते हुए तिहाड़ जेल प्रशासन ने भी इस जानलेवा वायरस की जांच के लिए खास तैयारी की है। जेल में आइसोलेशन वार्ड बनाए गए हैं। जिसमें मौजूदा कैदियों की जांच की स्क्रीनिंग की गई है। इसके साथ ही जेल प्रशासन ने नए कैदियों की जांच पर खास फोकस किया जा रहा है। भारत और दिल्ली दोनों में ही कोरोना के केस बढ़ते जा रहे हैं। भारत में सोमवार तक कोरोना के मामले 67152 तक पहुंच गए थे। दिल्ली की बात करें तो यहां कुल केस 6923 हैं। इसमें से 2069 ठीक हो चुके हैं। वहीं 73 कोरोना से अपनी जान गंवा चुके हैं। भारत में 2206 लोग कोरोना से मारे जा चुके हैं।

सड़क, रेल, हवाई मार्ग खोलना आर्थिक गतिविधियों के लिए जरूरी : चिदम्बरम

नयी दिल्ली (वार्ता)। पूर्व वित्त मंत्री तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदम्बरम ने रेल गाड़ियों का संचालन धीरे धीरे शुरु करने के सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि आर्थिक गतिविधियां आरंभ करने के लिए रेल के साथ ही सड़क तथा हवाई यातायात भी चरणबद्ध तरीके से शुरु किया जाना चाहिए। श्री चिदम्बरम ने सोमवार को ट्वीट किया सरकार ने अंतरराज्यीय यात्री रेल गाड़ियों के संचालन का सही और स्वागत योग्य निर्णय लिया है। इसी तरह से धीरे धीरे तथा सावधानी से सड़क और हवाई परिवहन भी शुरु किया जाना चाहिए। यात्रियों तथा सामान के लिए रेल, सड़क तथा वायु परिवहन का संचालन आर्थिक और वाणिज्यिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से शुरु करने का एक मात्र तरीका है।÷

गौरतलब है कि रेलवे ने मंगलवार से चरणबद्ध तरीके से रेल यातायात शुरु करने का फैसला लिया है। रेल टिकट सिर्फ ऑनलाईन मिलेंगी और इसके लिए सोमवार को चार बजे से बेवसाइट पर टिकटों की बिक्री करने की घोषणा की गयी। शुरुआत में सिर्फ 15 विशेष गाडियों के 30 फेरे लेंगेगे। दिल्ली से चलने वाली ये गाड़ियां असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ, गुजरात, जम्मू , झारखंड, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना तथा त्रिपुरा को जोडेंगी।

सऊदी अरब ने तीन गुना किया टैक्स

अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने खर्च में 26 अरब डॉलर की कटौती

एजेंसी,दुबई। सऊदी अरब ने कहा कि वह कोरोना वायरस महामारी और तेल कीमतों में गिरावट से अर्थव्यवस्था को हुए नुकसान के कारण बुनियादी वस्तुओं पर टैक्स को तीन गुना कर उन्हें 15 प्रतिशत तक बढ़ा रहा है। वहीं, प्रमुख परियोजनाओं पर खर्च में करीब 26 अरब डॉलर की कटौती कर रहा है। सऊदी अरब के वित्त मंत्री के मुताबिक वहां के नागरिकों को 2018 से शुरू हुआ निर्वाह व्यय भत्ता भी नहीं मिलेगा।

अर्थव्यवस्था के विविधीकरण के प्रयासों के बावजूद सऊदी अरब राजस्व के लिए तेल पर बहुत अधिक निर्भर है। ब्रेंट क्रूड इस समय करीब 30 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर है। कीमत का यह स्तर सऊदी अरब के अपने खर्च को पूरा करने के लिए काफी कम है। इसके अलावा कोरोना वायरस महामारी के चलते लागू लॉकडाउन के कारण मुस्लिम तीर्थस्थल मक्का और मदीना की यात्रा भी बंद है। इससे राजशाही को राजस्व का नुकसान हो रहा है। साथ ही अनुमान जताया जा रहा है कि इस साल सऊदी अरब के पड़ोसी देश भी अपने नागरिकों पर ऊंचे कर लगा सकते हैं।

खाड़ी के देशों में इस साल रहेगी आर्थिक मंदी

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का अनुमान है कि सभी छह तेल उत्पादक खाड़ी के देशों में इस साल आर्थिक मंदी रहेगी। सऊदी अरब के वित्त मंत्री और अर्थव्यवस्था तथा नियोजन कार्यवाहक मंत्री मोहम्मद अल-जादान ने कहा, ''हम एक ऐसे संकट का सामना कर रहे हैं, जिसे आधुनिक इतिहास में दुनिया ने कभी नहीं देखा है, जो अनिश्चितता का प्रतीक है। सरकारी सऊदी प्रेस एजेंसी द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक उन्होंने कहा कि ''आज जो उपाए किये गए हैं, वे जितने कठिन हैं, व्यापक वित्तीय और आर्थिक स्थिरता को बनाए रखने के लिए उतने ही जरूरी और लाभदायक भी हैं। सरकार का राजस्व वर्ष 2020 की पहली तिमाही में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 22 प्रतिशत कम हुआ, और घाटा नौ अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इस दौरान पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले तेल से कमाई 24 प्रतिशत घटी।

पाकिस्तान में अश्लील तस्वीर-वीडियो से महिलाओं को ब्लैकमेल करने में महिलाएं ही आगे

इस्लामाबाद ए.। पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) का कहना है कि देश में अश्लील तस्वीरों व वीडियो की मदद से महिलाओं को महिलाओं द्वारा ही ब्लैकमेल करने की घटनाओं में चिंताजनक हद तक बढ़ोतरी हुई है। 'जियो न्यूज उर्दू' की रिपोर्ट के मुताबिक, एफआईए से मिले आंकड़ों से पता चला है कि पाकिस्तान के तीन बड़े शहरों कराची, लाहौर और इस्लामाबाद में बीते साल और मौजूद साल के पहले चार महीनों में साइबर अपराध के 95 मामले दर्ज हुए। इनमें से 67 मामले (कुल मामलों का 70 फीसदी) महिलाओं ने उन्हें ब्लैकमेल किए जाने का आरोप लगाते हुए दर्ज कराए और कहा कि उन्हें ब्लैकमेल किए जाने की आरोपी महिलाएं ही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि चिंताजनक तथ्य यह भी सामने आया है कि कथित तौर पर जिसे समाज का शिक्षित तबका कहा जाता है, वह अश्लील ब्लैकमेलिंग में आगे है।

जम्मू-कश्मीर में हिज्बुल मुजाहिद्दीन का नया चेहरा बना गाजी हैदर

मेडिकल की कर चुका पढ़ाई, डॉक्टर सैफबुलाते हैं साथी आतंकी

नई दिल्ली ए.। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि 26 साल का सैफुल्लाह मीर उर्फ??गाजी हैदर अब जम्मू-कश्मीर में हिज्बुल मुजाहिद्दीन का नया चेहरा बन गया है। अधिकारी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हिजबुल का नेतृत्व करने के लिए सैफुल्ला मीर की नियुक्ति की घोषणा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के मुजफ्फराबाद में मौजूद आतंकवादी समूह के प्रवक्ता सलीम हाशमी ने की। जफरूल इस्लाम को तथाकथित डिप्टी चीफ ऑपरेशनल कमांडर के रूप में चुना गया है और एक अन्य आतंकवादी अबू तारिक भाई को मुख्य सैन्य सलाहकार बनाया गया है। इससे पहले हिज्बुल का चेहरा रहा नाइकू अपने सहयोगी आदिल अहमद के साथ जम्मू-कश्मीर पुलिस और 21 राष्ट्रीय राइफल्स के सैनिकों के संयुक्त ऑपरेशन में मारा गया था। नाइकू अपने गांव में एक गुप्त बंकर में छिपा था। सैफुल्लाह मीर को मुसाहिब और 'डॉक्टर सैफ' के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि वह पुलिस मुठभेड़ों में घायल हुए आतंकवादियों का इलाज कर चुका है। मीर दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के मलंगपोरा से 12वीं पास है, हालांकि रियाज नाइकू ग्रेजुएट था। सैफुल्लाह मीर ने स्कूल के बाद व्यावसायिक प्रशिक्षण का विकल्प चुना।

उसने पुलवामा में सरकार द्वारा संचालित आईटीआई में बायो मेडिकल कोर्स किया और इसके बाद एक तकनीशियन के रूप में श्रीनगर के राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान में नौकरी पा ली। मीर ने तीन साल तक नौकरी की और फिर आतंक की राह पर चल पड़ा।

■ न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री सहायत कोष में अब तक 56 करोड़ से अधिक की राशि हुई जमा

रायपुर। मुख्यमंत्री सहायता कोष में दानदाताओं, सामाजिक संगठनों, शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों, उद्योग एवं व्यवसायिक संगठनों के साथ-साथ जनसामान्य द्वारा कोविड-19 की रोकथाम तथा लॉकडाउन के दौरान जरूरतमंदों की सहायता के लिए राशि दान दिए जाने का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। बीते 24 मार्च से लेकर 7 मई तक मुख्यमंत्री सहायता कोष में राज्य के विभिन्न संगठनों एवं दानदाताओं द्वारा स्वस्फूर्त रूप से 24 मार्च से 7 मई तक कुल 56 करोड़ 4 लाख 38 हजार 815 रूपए की राशि दान की गई है। मुख्यमंत्री सहायता कोष से राज्य में कोरोना संक्रमण की रोकथाम एवं जरूरतमदों की सहायता के लिए अब तक राज्य के सभी जिलों को 10 करोड़ 25 लाख 30 हजार रूपए की राशि जारी की जा चुकी है। मुख्यमंत्री सहायता कोष में विभिन्न संगठनों द्वारा 24 मार्च से 30 मार्च तक 3 करोड़ 13 लाख 66 हजार 785 रूपए, 31 मार्च से 6 अप्रैल तक 10 करोड़ 81 लाख 25 हजार 386 रूपए, 7 अप्रैल से 13 अप्रैल तक 5 करोड़ 58 लाख 91 हजार 398 रूपए, 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक 31 करोड़ 26 लाख 25 हजार 148 रूपए, 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक 3 करोड़ 18 लाख 70 हजार 7 रूपए, 28 अप्रैल से 07 मई तक एक करोड़ 57 लाख 52 हजार 46 रूपए की राशि दान में प्राप्त हुई। इसी प्रकार 5 मई को 29 लाख 43 हजार 371 रूपए, 6 मई को 15 लाख 45 हजार 658 रूपए और 7 मई को 3 लाख 19 हजार 16 रूपए की राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा कराई गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस सहयोग राशि के लिए समस्त संगठनों, उनके पदाधिकारियों एवं दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री सहायता कोष में दान दी गई राशि पर आयकर अधिनियम की धारा 80जी के तहत छूट का प्रावधान है।

56 लाख राशन कार्डधारियों को नि:शुल्क नमक वितरण

रायपुर। राज्य में कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम और इसके बचाव के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अनेक प्रभावी कदम उठाए जा रहे है। राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग 56 लाख राशनकार्डधारियों को शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से नमक की निःशुल्क उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। लॉकडाउन की परिस्थितियों में प्रदेश में खाद्य पदार्थों और आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता और आपूर्ति के साथ-साथ इनके बाजार मूल्यों की भी प्राइस मॉनिटरिंग सेल के माध्यम से सतत् निगरानी की जा रही है।

राज्यपाल ने की मप्र में फंसे छग के श्रमिकों की मदद

सूचना मिलते ही रहने-खाने और छत्तीसगढ़ आने का इंतजाम कराया, श्रमिकों ने कहा धन्यवाद, हम सदैव आभारी रहेंगे

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने मध्यप्रदेश में फंसे छत्तीसगढ़ के श्रमिकों की सूचना मिलने पर स्वयं सुध ली और उनके रहने-खाने और छत्तीसगढ़ आने का भी इंतजाम कराया। इस समय सारे मजदूर बिलासपुर जिले के ग्राम हरदी के एक स्कूल में क्वारेंटाइन में हैं। उन्होंने राज्यपाल को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी पहल से हमारा जीवन बचा, हम उनके सदैव आभारी रहेंगे।

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के ग्राम हरदी निवासी श्री चन्द्रमणि सहित 25 लोग होशंगाबाद में निर्माण कार्य में मजदूर के रूप में होली के पूर्व से कार्यरत थे। अचानक कोरोना वायरस के संक्रमण फैलने पर लॉकडाउन की घोषणा के बाद काम बंद हो गए, तो उन्होंने कुछ दिनों तक आसपास के मदद से खाने का इंतजाम किया, उसके

बाद हालत बिगड़ने पर वहां से निकलने का निर्णय लिया और वहां से पैदल ही घर के लिए रवाना हो गए। होशंगाबाद से पैदल निकले बिलासपुर छत्तीसगढ़ के मजदूर शनिवार रात को छिंदवाड़ा पहुंचे और खजरी बायपास पर एक निर्माणाधीन भवन में ठहरे थे। मजदूरों का छिन्दवाड़ा के सामाजिक कार्यकर्ता के माध्यम से राज्यपाल से संपर्क हुआ। उनकी पहल पर वहां के समाजसेवी संस्थाओं ने भी उनके लिए खाने-पीने का इंतजाम कराया। सुश्री उइके ने फोन पर संपर्क होते ही छिंदवाड़ा के जिला प्रशासन से संपर्क कर छिंदवाड़ा में ही रहने खाने-पीने का इंतजाम कराया और शासन को निर्देशित कर छत्तीसगढ़ आने का इंतजाम कराया।

राज्यपाल ने तुरंत ही छत्तीसगढ़ के श्रम विभाग के सचिव सोनमणि बोरा को मजदूरों की मदद के लिए निर्देशित किया। इसके बाद श्रम सचिव श्री बोरा ने मध्यप्रदेश के श्रम विभाग के सचिव श्री केसरी से चर्चा की। इसके बाद श्री बोरा ने समन्वय कर मजदूरों के लिए छिंदवाड़ा में उपयुक्त इंतजाम कराया। छत्तीसगढ़ में पहुंचने के पश्चात् राज्य शासन द्वारा ग्राम हरदी में पहुंचाने की भी व्यवस्था की गई। मजदूरों के समूह के श्री चन्द्रमणि कर्मकार ने कहा- पिछले 45 दिनों से होशंगाबाद में फंसे हुए थे। छह दिन चलकर छिंदवाड़ा पहुंचे। उनके साथ 6 महिलाएं और 5 छोटे बच्चे भी शामिल थे। राज्यपाल की पहल पर हम लोगों को बहुत मदद मिली। राज्यपाल को उनकी संवेदनशीलता के लिए हम धन्यवाद देते हैं।

सीएम भूपेश बघेल के फरमान के बाद ऐसी केबिन हुआ खाली

भरी गर्मी में कलेक्टर, आईजी और एसएसपी मोर्चे पर डटे

■ **बिलासपुर और रायपुर आईजी बहाते रहे पसीना**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। एक वक्त था जब गर्मी में साहब अपने वातानुकूलित दफ्तर से बाहर नहीं निकलते थे। सारी जिम्मेदारियां कूल-कूल रहते हुए अपने मातहतों को फोन पर ही देते थे। लेकिन सूबे का निजाम बदलते ही अब आला अफसर भी मातहतों संग मोर्चे पर तैनात हैं। इस तब्दीली की अहम वजह है सूबा-ऐ-सदर भूपेश बघेल का खास अंदाज में दिया गया फरमान। सीएम श्री बघेल ने राज्य से होकर गुजरने वाले मजदूरों के खाने, पीने, दवा और उन्हें उनके राज्यों की सीमा तक वाहनों में छोड़ने के लिए स्पष्ट निर्देश दिया है। बता दें कि दो दिन पहले ही ट्रेन से कटकर मध्य प्रदेश के

मजदूरों की दर्दनाक मौत हुई थी। कोरोना की वजह से अन्य राज्यों में फंसे मजदूरों का पलायन जारी है। पैदल और रेलवे ट्रेक से लेकर सड़कों तक के रास्ते से वे घरों का रास्ता तय कर रहे हैं। इसलिए उनका दर्द समझते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तत्काल ही शासन का पूरा अमला इन मजदूरों की तिमारदारी व सुविधा में लगा दिये हैं। सीएम के आदेश के फौरन बाद ही आज बदला बदला माहौल था। रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक आनंद छाबड़ा भी काम करते दिखे। कलेक्टर भारतीदासन, आईजी आनंद छाबड़ा और एसएसपी आरिफ शेख मजदूरों की व्यवस्था में मशगूल दिखे।

बाहरी राज्यों के जो मजदूरों की टोलियां रायपुर पहुंची उनके खाने, पीने और वाहन की व्यवस्था इन्हीं अफसरों ने की। तपती गरमी में पसीने पसीने होकर बिलासपुर आईजी दिपांशु काबरा भी मजदूरों की सेवा में तैनात रहे। छत्तीसगढ़ से होकर जाने वाले अन्य राज्यों के मजदूरों को यह सब देखकर सुखद आश्चर्य भी हुआ क्योंकि जिन राज्यों को पार कर वे यहां पहुंचे वहां तो इतने बड़े-बड़े अफसर कहीं दिखाई ही नहीं दिए थे।

शराब दुकान खोले जाने से खफा भाजपा दिग्गजों राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

शराब दुकान खोले जाने से खफा भाजपा दिग्गज राज्यपाल को सौंपे ज्ञापन

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। कोरोना अंतर्राष्ट्रीय आपदा बन चुका है। ऐसे में इसके संक्रमण से बचाव के लिए एकमात्र विकल्प के तौर पर फिजिकल और सोशल डिस्टेंसिंग ही मानी जाती है। राज्य सरकार 17 मई तक लॉकडाउन की स्थिति में है। ऐसे में छत्तीसगढ़ में शराब दुकानों को खोलने से खफा होकर भाजपा के दिग्गज नेताओं ने राजभवन जाकर कड़ी आपत्ति दर्ज करवाई है। राज्यपाल सुश्री अनुसूईया उईके को भाजपा नेताओं ने शराब की होम डिलीवरी सुविधा तक दिए जाने को लेकर विरोधस्वरूप ज्ञापन सौंपा है। विरोध में भाजपा के वरिष्ठ नेता सोमवार को दोपहर राजभवन पहुंचकर राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके को ज्ञापन सौंपा। पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, भाजपाध्यक्ष विक्रम उसेंडी, सांसद रामविचार नेताम, सांसद सरोज पांडे,सांसद सुनील सोनी,पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और अजय चंद्राकर राजभवन पहुंचने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे।

करोना से सबको साथ लेकर ही लड़ा जा सकता है : त्रिवेदी

मोदी जी आज की बातचीत को मन की बात न बनायें

रायपुर। आज प्रधानमंत्री की मुख्यमंत्रियों से वीडियोकांफ्रेंसिंग से करोना पर बातचीत पर कांग्रेस ने कहा है कि करोनामहामारी से सबको साथ लेकर ही लड़ा जा सकता है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि बातचीत होनी चाहिये कि कैसे हम सब साथ मिलकर करोना की समस्या का समाधान करें। बातचीत एकतरफा नहीं हो सकती है। जरूरी है कि आज की बातचीत में प्रधानमंत्री सब की बात सुने और न केवल सुने उस पर कार्य भी करें। जरूरत इस बात की है कि मोदी जी आज की बातचीत को

मन की बात न बनायें

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि जीएसटी के मनरेगा के पैसे बकाया है राज्य सरकारों के संसाधनों पर रोक लगाई गई है। आज राज्य सरकारों को करोना से लड़ने के लिए अधिक संसाधनों की जरूरत है लेकिन उन्हें सामान्य रूप से जो संसाधन मिलते थे वह भी नहीं मिल पा रहे हैं। राज्य सरकारों के सीमित संसाधन होते हैं और लॉक डाउन के कारण आर्थिक गतिविधियां शून्य हो गई है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि देश की सभी राज्य सरकारें लगातार केंद्र सरकार को लिख रही कि हमें सहायता चाहिए हमारे पास संसाधन नहीं है हमारे पास राशि नहीं हैं, हमें ये दिक्कतें हैं। केंद्र सरकार ने ने इस बारे में अब तक कुछ भी नहीं किया है। राज्य सरकारों को करोना से लड़ने के लिये अब तक सहायता राशि भी नहीं दी गयी है।

अभी केवल स्पेशल ट्रेनें, यात्री ट्रेन सेवा की पुन: बहाली फिलहाल नहीं

रायपुर। देश में यात्री ट्रेन सेवा शुरू होने को लेकर एक बार फिर से अटकलों का बाजार तेज हो गया है। हालांकि रेलवे ने इस बात को खारिज करते हुए वर्तमान में केवल स्पेशल ट्रेन संचालित किए जाने की बात दोहराई है। मजदूरों, प्रवासी मजदूरों, छात्रों को लेकर इस समय देश के विभिन्न राज्यों की मांगों पर स्पेशल ट्रेन संचालित की जा रही है। देश के विभिन्न हिस्सों में फंसे ऐसे लोगों को उनके गृहराज्य तक पहुंचाने के लिए वर्तमान में स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य की मांग पर भी स्पेशल ट्रेन अब संचालित की जा रही है। इससे देश के विभिन्न इलाकों में फंसे लोगों ने राहत की सांस ली है। अकेले छत्तीसगढ़ राज्य के मजदूरों व अन्य लोगों को निकालने के लिए ही 11 ट्रेनें संचालित होंगी। इधर अब आमजनों को भी इस बात की उम्मीद बढ़ गई है कि जल्द ही रेलवे सेवा पुनः बहाल होगी और आमजन भी यात्री ट्रेन सेवा का लाभ उठा सकेंगे। देश में जारी लॉकडाउन-3 की अवधि 17 मई को समाप्त हो रही है। ऐसे में देशवासियों को उम्मीद है कि 18 या 20 मई से यात्री ट्रेन सेवा शुरू हो जाएगी।

भाजपा नेताओं के राजभवन जाने पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया

लॉकडाउन में इन हरकतों से अपनी विश्वसनीयता खो बैठे भाजपा नेता

रायपुर। कोविड-19 में शराब बेचने और रमन सरकार के दौरान के किसानों के दो साल का बकाया बोनस देने की मांग को लेकर राजभवन पहुंचे भाजपा नेताओं पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा नेताओं की चोरी और सीनाजोरी की आदत गई नहीं है।

भाजपा नेता लॉकडाउन में टाइम पास कर रहे हैं। डॉ रमन सिंह सत्ता में रहते 15 साल तक छत्तीसगढ़ कि ढाई करोड़ जनता के साथ धोखा छल फरेबबाजी करते रहे अब विपक्ष में है तब भी जनता को धोखा देंने की आदत से बाज नहीं आ रहे। भाजपा का नेता स्वीकार करें ना करें देश की जनता समझ गई है कोविड-19 लाक डाउन 3.0 के दौरान देशभर में खुले शराब दुकानों के लिए केंद्र कि मोदी सरकार जिम्मेदार है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने राजभवन पहुंचे भाजपा के नेताओं से सवाल पूछा कोविड-19 महामारी के दौरान लॉक डाउन में देशभर में क्या दुकान खुलेगी, क्या बंद रहेगी यह तय करने का अधिकार किसके पास में है? भाजपा नेताओं को ज्ञात होगा लाकडॉन 1.0 में देशभर में शराब की दुकान मोदी सरकार के निर्देश पर बंद हुआ था?

तकनीक का सहारा रेरा के अध्यक्ष विवेक ढांड और सदस्य आर.के. टम्टा ने की सुनवाई

रेरा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की प्रकरणों की सुनवाई

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। लॉकडाउन के दौरान छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) द्वारा आज से भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 की धारा 31 के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों की जांच हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई प्रारंभ कर दी गई है। रेरा के अध्यक्ष विवेक ढांड और सदस्य आर.के. टम्टा ने आज सुनवाई की। रेरा द्वारा वेबएक्स (ॅमइम्) का उपयोग कर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की गई। आवेदक हरिद्वार से तथा अनावेदक प्रमोटर और अधिवक्ता रायपुर में अपने निवास से इस सुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित हुए।

रेरा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिनके अनुसार पक्षकार और अधिवक्तागण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रकरणों की सुनवाई में शामिल हो सकते हैं। रेरा के अध्यक्ष विवेक ढांड से प्राप्त जानकारी के अनुसार रेरा द्वारा 11 मई से सुनवाई हेतु नियत प्रकरणों की केस लिस्ट प्राधिकरण के वेब पोर्टल पर उपलब्ध है। वर्तमान परिदृश्य में प्राधिकरण के समक्ष पक्षकारों की उपस्थिति के स्थान पर वीडियो

कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की जा सकेगी। केस लिस्ट में उल्लेखित निर्धारित तिथि पर सुनवाई हेतु नियत प्रकरणों से संबंधित पक्षकारों व अधिवक्तागणों को सुनवाई के एक दिन पूर्व तथा सुनवाई के एक घंटे पूर्व पुनः उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आईडी पर सूचित किया जाएगा।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई के लिए सभी पक्षकारों को अपने मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी की जानकारी रेरा की शासकीय मेल आईडी ींविपबमण्तमतंण्बह/हवअण्पद पर एक सप्ताह के भीतर निर्धारित प्रारूप में भेजने को कहा गया है, जिसमें प्रकरण क्रमांक, पक्षकार तथा अधिवक्ता (यदि कोई हो) का नाम, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से लिखा हो। प्राधिकरण द्वारा तीन कार्य दिवसों में ई-मेल प्राप्त होने की पुष्टि की जाएगी। इसमें किसी प्रकार की त्रुटि होने पर पक्षकार या अधिवक्ता प्रकरण की पेशी तिथि के तीन कार्य दिवस पूर्व तक नवीन मेल से सुधरी हुई जानकारी भेज कर प्राधिकरण के टेलीफोन नंबर 0771-4918927 पर सूचित कर सकेंगे। रेरा द्वारा पक्षकारों तथा अधिवक्तागणों को उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी पर सुनवाई से संबंधित जानकारी-सुनवाई का दिनांक तथा समय, सुनवाई हेतु मीटिंग में सम्मलित होने की सूचना, मीटिंग में सम्मिलित होने के लिए एसेस कोड (।बबमे बवकम), मीटिंग के लिए पासवर्ड तथा मीटिंग के लिए लिंक भेजा जाएगा। रजिस्टर्ड मेल आईडी के मोबाइल नंबर पर प्राधिकरण द्वारा भेजी गई सूचना तामिल होना मानी जाएगी।

सुनवाई में शामिल होने के लिए पक्षकार तथा अधिवक्ता अपने मोबाइल, लेपटॉप, डेस्कटॉप पर ॅमइमग ।चचध्वेजिूंतम इंस्टाल कर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भाग ले सकेंगे। इसके अतिरिक्त पक्षकार तथा अधिवक्ता अपनी डिवाइज पर पूर्व से इंस्टाल किसी भी ब्राउसर से रजिस्टर्ड मेल, मोबाइल नंबर पर प्राप्त लिंक को क्लिक कर भी सुनवाई में सम्मिलित हो सकते हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई हेतु पक्षकरों को केवल एंड्रायड एप फोन व इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता है। पक्षकार फोन के स्थान पर लैपटॉप, डेस्कटॉप का भी उपयोग कर सकते हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की प्रक्रिया में पक्षकरों द्वारा मेल में प्राप्त वेब लिंक या ॅमइमग ।चच उपयोग करने पर विंडो खुलेगा, जिस पर उन्हें मेल व एसएमएस के माध्यम से प्राप्त मीटिंग कोड एवं मीटिंग पासवर्ड डालना होगा।

शूटिंग रूकने से कलाकारों के जीवन में रोजी रोटी का संकट

डायरेक्टर कर रहे फिल्म शूटिंग शुरू करने की मांग

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना महामारी के चलते छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत देश में लॉकडाउन लगा हुआ है जिसके कारण छत्तीसगढ़ी फिल्मों की शूटिंग भी रूकी हुई है। इन्हीं फिल्मों में से एक छत्तीसगढ़ी बड़े पर्दे की फिल्म मितवा कहंव या दगाबाज भी शामिल है। नटराज स्टूडियो महासमुंद के जरिये तैयार किया जा रहा यह छत्तीसगढ़ी फिल्म वनांचल संस्कृतियां के साथ ही छत्तीसगढ़ी परंपराओं को दृष्टांकित करने वाला है। फिल्म के रचनाकार व डायरेक्टर राजा खान ने कहा कि जैसे ही फिल्म की शूटिंग की शुरूआत हुई और कुछ ही दिन होने के बाद कोरोना वायरस के प्रकोप के चलते लॉकडाउन हो गया जिसके कारण फिल्म की शूटिंग पर शासन-प्रशासन की ओर से रोक लगा दी गई। उन्होंने

बताया कि उक्त फिल्म में जितने भी कलाकार है वह गरीब वर्ग से हैं छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों के कलाकार जिसमें कला होने के बावजूद उचित स्थान प्राप्त नहीं हो पाता ऐसे कलाकारों को ऑडिसन के जरिये चयनित कर इस बड़े पर्दे की फिल्म में शामिल किया गया है।

बेरोजगार है कलाकार

डायरेक्टर राजा खान ने कहा कि कुछ शर्तों का पालन करते हुए फिल्म की शूटिंग शुरू की जा सकती है। छत्तीसगढ़ के कई सारे कलाकार लॉकडाउन के चलते बेरोजगार है। क्योंकि वह कलाकार है इसलिए वर्तमान में शूटिंग के अलावा और कोई काम नहीं है। आधे फिल्म की शूटिंग हो जाने के बाद शूटिंग रूक जाने से प्रोड्यूसर को भी भारी नुकसान हो रहा है। डायरेक्टर ने कहा कि अगर सैंकड़ों की संख्या में एक स्थान पर शराब के लिए भीड़ लग सकता है तो शूटिंग के लिए भी सरकार को अनुमति देना चाहिए।

संपादकीय

मजदूर इतना मजबूर क्यों?

देश के नौ निर्माण और विकास में अपना खून पसीना एक करने वाला मजदूर आखिर इतना मजबूर क्यो है कि उसे रोजी रोटी कमाने के लिए अपना गांव घर और प्रदेश छोड़ कर देश के अन्य राज्यों में जाना पड़ता है और अब उसे पैदल चल कर सैकड़ो किलीमीटर दूर अपने घर लौटना पड़ रहा है। कोरोना काल में उद्योग व्यवसाय बंद होने का सबसे ज्यादा नुकसान मजदूर वर्ग को ही उठाना पड़ रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों में काम करने वाले लाखों मजदूरों के सामने लॉकडाउन के चलते भुखों मरने की नौबत आ गई है। देश के कोने कोने से मजदूरों की बेबसी की खबरें सामने आ रही है। अपने परिवार के साथ वे मजदूर पैदल ही अपने घरों के लिए निकल गए है। इस भीषण गर्मी में भूखे प्यासे सड़क नापते इन मजदूरों की सुध लेने की सरकार ने जरूरत ही महसूस नहीं की है। एक ओर तो विदेशों में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों की स्वदेश वापसी के लिए विशेष हवाई जहाज और पानी जहाज चलाए जा रहे है अन्य राज्यों में पढ़ने वाले सम्पन्न वर्ग के छात्रों की अपने प्रदेश में वापसी के लिए विशेष बसें चलाई जा रही है। वहीं दूसरी ओर इन मजदूरों को उनके भग्य के भरोसे छोड़ दिया गया है। गरीब मजदूरों के प्रति शासन प्रशासन की यह असंवेदनशीलता वाकई हैरान करने वाली है। पदयात्रा करते और रास्ते में हादसों का शिकार होकर दम तोड़ते मजदूरों को राहत देने के लिए अब सरकार ने कुछ ट्रेनें चलाने की घोषणा की है और मजदूरों को उनके गृह राज्य भेजने का क्रम शुरू किया गया है। किन्तु वे अपने गृह राज्य जाकर भी कैसे अपने परिवार का पेट पालेंगे यह एक बड़ा सवाल उनके सामने मुंह बाएं खड़ा है। सभी राज्यों को चाहिए कि इन प्रवासी श्रमिकों को उनके प्रदेश में ही रोजगार उपलब्ध कराया जाए ताकि वे भूखों मरने से बचें। इन प्रवासी मजदूरों को यदि उनके अपने राज्य में ही काम दिया जाए तो वे अनियत्र पलायन करने के लिए बाध्य नहीं होंगे। इसके साथ ही उन नियोक्ताओं के खिलाफ भी सरकार को कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए जिन्होने कोरोना काल में इन लाखों श्रमिकों को काम से निकाल कर उन्हे भूखों मरने पर विवश कर दिया है। इन मजदूरों को भी चाहिए कि वे इस त्रासदी से सबक लें और अपना राज्य छोड़कर दूसरे प्रदेशों में जाने से परहेज करें।

विचार

मजदूरों की यात्रा पर राजनीति

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

भारत सरकार ने यह फैसला देर से किया लेकिन अच्छा किया कि प्रवासी मजदूरों की घर वापसी के लिए रेलें चला दीं। यदि बसों की तरह रेलें भी गैर-सरकारी लोगों के हाथ में होतीं या राज्य सरकारों के हाथ में होतीं वे उन्हें कब की चला देते। करोड़ों मजदूरों की घर-वापसी हो जाती और अब तक काम पर लौटने की उनकी इच्छा भी बलवती हो जाती लेकिन अब जबकि रेलें चल रही हैं, बहुत ही शर्मनाक और दर्दनाक नज्जारा देखने को मिल रहा है। जिन मजदूरों की जेबें खाली हैं, उनसे रेल-किराया मांगा जा रहा है और एक वक्त के खाने के 50 रु. ऊपर से उन्हें भरने पड़ रहे हैं। इसके विपरीत विदेशों से जिन लोगों को लाया गया है, उनको मुफ्त की हवाई-यात्रा, मुफ्त का खाना और भारत पहुंचने पर मुफ्त में रहने की सुविधाएं भी दी गई हैं। इसमें कोई बुराई नहीं है। यह अच्छी बात है लेकिन ये लोग कौन हैं ? ये वे प्रवासी भारतीय हैं, जो विदेशों में काम करके पर्याप्त पैसा कमाते हैं लेकिन इनके मुकाबले हमारे नंगे-भूखे मजदूरों से सरकार रेल-किराया वसूल कर रही है। क्या यह शर्म की बात नहीं है ? खास तौर से तब जबकि ''प्रधानमंत्री परवाह करते हैं'' (पीएम केयर्स फंड) में सैकड़ों करोड़ रु. जमा हो रहे हैं। प्रधानमंत्री किसकी परवाह कर रहे हैं ? अपने जैसे लोगों की ? खाए, पीए, धाए लोगों की ? जो भूखे-प्यासे गरीब लोग हैं, उनकी परवाह कौन करेगा ? यदि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इन वंचितों के लिए आवाज उठाई तो इसमें उन्होंने गलत क्या किया ? यदि इसे आप राजनीतिक पैंतरेबाजी कहते हैं तो मैं इस पैंतरेबाजी का स्वागत करता हूं हालांकि सबको पता है कि कांग्रेस पार्टी के हाल खस्ता हैं। वह सोनिया के इस दावे पर अमल कैसे करेगी कि सारे मजदूरों का यात्रा-खर्च कांग्रेस पार्टी उठाएगी। यह कोरी धमकी थी लेकिन इसका असर अच्छा हुआ है। कई कांग्रेसी और गैर-कांग्रेसी राज्यों ने अपने-अपने यात्रियों का खर्च खुद करने की घोषणा कर दी है। रेल मंत्रालय को अब यही देखना है कि वह इन करोड़ों मजदूरों की यात्रा को सुरक्षित ढंग से संपन्न करवा दे। यदि यात्रा की इस भगदड़ और गहमागहमी में कोरोना फैल गया तो देश के सामने मुसीबतों का नया पहाड़ उठ खड़ा होगा।

टेक ज्ञान-

आई फोन एस ई पर मिलेगा डिस्काउंट

नई दिल्ली। ऐपल की ओर से हाल ही में लॉन्च किए गए अफॉर्डेबल iPhone SE 2020 की सेल भारत में भी बहुत जल्द शुरू होने जा रही है। इस आईफोन मॉडल को पॉप्युलर ई-कॉमर्स साइट फ्लिपकार्ट पर पहले ही लिस्ट कर दिया गया है और फिलहाल इसके सामने Coming Soon लिखा नजर आ रहा है। ऐपल की ओर से जल्द ही अफॉर्डेबल आईफोन की सेल भारत में भी शुरू की जाएगी।

अनिल जैन

> विदेशी निवेश के नाम पर तो सरकारों ने विकसित देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए समूचे देश को आखेटस्थली बना दिया है। यही नहीं, अब तो देश के बडे कॉरपोरेट घरानों ने भी देश में कई जगह ऐसे कारखाने खोल दिए जहां मौत का सामान तैयार होता है और जिनका अवशिष्ट नदियों को और धुंआ वायुमंडल को जहरीला बनाता है। ऐसे कारखानों में पर्याप्त सुरक्षा उपाय न होने की वजह से वहां काम करने वाले श्रमिकों और उस इलाके के लोगों के सिर पर हर समय मौत नाचा करती है। उन कारखानों में कभी आग लगती है, कभी विस्फोट होता है तो कभी जहरीली गैस का रिसाव होता है। इस सिलसिले में कल आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु सहित चार जगह पर कारखानों में हुई दुर्घटनाएं ताजा मिसालें हैं। इस तरह के कारखाने जब खोले जाते हैं तो सरकारें पहले से जानती हैं कि इनमें कभी भी कोई हादसा हो सकता है और लोगों की जानें जा सकती है, लेकिन इसके बावजूद वह इन कारखानों को स्थापित होने देती हैं।

सरकार नहीं चेती तो गैस त्रासदियां होती रहेंगी

एक दिन में हुए चार औद्योगिक हादसों से हमें सबक लेनी चाहिए

आंध्र प्रदेश में विशाखापट्टनम, तमिलनाडु में कुड्डालोर, महाराष्ट्र में नासिक और छत्तीसगढ़ में रायगढ़। ये उन जगहों के नाम हैं जहां 7 मई को हुए अलग-अलग भीषण औद्योगिक हादसों में कई लोग हताहत हुए हैं। विशाखापट्टनम के आर. आर. वेंकटपुरम गांव में एलजी पॉलिमर्स प्लांट से जहरीली गैस रिसने से अब तक कम से कम 15 लोगों की मौत हो चुकी है। करीब एक हजार लोग इस जहरीली गैस के रिसाव की चपेट में आए हैं, जिनमें से 300 को लोगों की हालत गंभीर होने के चलते अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जिस कारखाने से गैस का रिसाव हुआ है उसके आसपास के तीन गांवों को पुरी तरह खाली करा लिया गया है।

तमिलनाडु में कुड्डालोर जिले के नेवेली गांव में लिग्नाइट कॉर्पोरेशन के प्लांट में एक बॉयलर में भीषण विस्फोट के बाद लगी आग में सात लोग बुरी तरह झुलस गए। आग लगने के बाद प्लांट के इलाके का आसमान धुएं के बादलों से पट गया। छत्तीसगढ के रायगढ में एक पेपर कारखाने में गैस रिसने से सात लोगों को गंभीर रूप से बीमार होने पर अस्पताल में दाखिल कराया गया है। यह घटना कारखाने के टैंक की सफाई करते वक्त हुई।

इसी तरह महाराष्ट्र में नासिक जिले के सातपुर में एक फार्मास्युटिकल पैकेजिंग फैक्ट्री में भीषण आग लगने से कोई जनहानि तो नहीं हुई लेकिन बडे पैमाने पर आर्थिक नुकसान होने का अनुमान है। एक ही दिन में हुई ये चारों घटनाएं तो मनुष्य विरोधी औद्योगिक विकास की महज ताजा बानगी भर हैं, अन्यथा ऐसी दुर्घटनाएं तो देश के किसी न किसी हिस्से में आए दिन होती ही रहती हैं। जब-जब भी ऐसी घटनाएं खासकर किसी कारखाने से जहरीली गैस के रिसाव की घटना होती है तो भोपाल गैस त्रासदी की याद ताजा हो उठती है।

तात्कालिक तौर पर लगभग दो हजार और उसके बाद से लेकर अब तक करीब 25 हजार लोगों की अकाल मृत्यु की जिम्मेदार विश्व की यह सबसे भीषणतम औद्योगिक त्रासदी आज साढे तीन दशक बाद भी औद्योगिक विकास के रास्ते पर चल रही दुनिया के सामने एक सवाल बनकर खडी हुई है। इंसान को तमाम तरह की सुख-सुविधाओं के साजो-सामान देने वाले सतर्कताविहीन या कि गैरजिम्मेदाराना विकास का यह रास्ता कितना मारक हो सकता है, इसकी मिसाल मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 35 बरस पहले भी देखने को मिली थी और अब भी देखी जा रही है। गैस रिसाव से वातावरण और आसपास के प्राकृतिक संसाधनों पर जो बुरा असर पड़ा, उसे दूर करना भी संभव नहीं हो सका है। नतीजतन, भोपाल और उसके आसपास के काफी बड़े इलाके के लोग आज तक उस त्रासदी के प्रभावों को झेल रहे हैं। लेकिन इन लोगों की पीडा को औद्योगिक विकास के नशे में धुत्त सरकारों ने इतनी बडी त्रासदी के बाद भी याद नहीं रखा। इसका नतीजा हम आए दिन होने वाली छोटी-बडी औद्योगिक दुर्घटनाओं के रूप में देखते रहते हैं।

भोपाल गैस त्रासदी की भयावहता और उसके दूरगामी परिणामो की तुलना करीब सात दशक पहले दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान जापान के दो शहरो हिरोशिमा और नागासाकी पर हुए उन परमाणु हमलों से की जा सकती है, जो अमेरिका ने किए थे। उन हमलों में दोनों शहर पूरी तरह तबाह हो गए थे और डेढ लाख से अधिक लोग मारे गए थे। इस सिलसिले मे भोपाल गैस त्रासदी के करीब डेढ वर्ष बाद अप्रैल 1986 मे तत्कालीन सोवियत संघ के यूक्रेन मे चेरनोबिल परमाणु ऊर्जा सयंत्र में हुए भीषण विस्फोट को भी याद किया जा सकता है, जिसमें भारी जान-माल का नुकसान हुआ था। करीब 3.50 लाख लोग विस्थापन के शिकार हुए थे तथा रूस, यूक्रेन और बेलारूस के करीब 55 लाख लोग विकिरण की चपेट मे आए थे। हिरोशिमा और नागासाकी को 74 वर्ष, भोपाल गैस त्रासदी को 35 वर्ष और चेरनोबिल को 33 वर्ष बीत गए है, लेकिन दुनिया का शासक वर्ग अभी भी सबक सीखने को तैयार नहीं है। वह पूरी दुनिया को ही हिरोशिमा-नागासाकी, भोपाल और चेरनोबिल में तब्दील कर देने की मुहिम मे जुटा है। दुनिया के तमाम विकसित देश इस मुहिम के अगुवा बने हुए हैं और हमारा देश पूरी निष्ठा से उनका पिछलग्गू। देश में विकास के नाम पर जगह-जगह विनाशकारी परियोजनाएं जारी हैं- कहीं परमाणु बिजली घर के रूप में, कहीं औद्योगिकीकरण के नाम पर, कही बडे बांधों के रूप में और कही स्मार्ट सिटी के नाम पर। तथाकथित विकास की गतिविधियों के चलते बड़े पैमाने पर हो रहा लोगों का विस्थापन सामाजिक असंतोष को जन्म दे रहा है। यह असंतोष कहीं-कहीं हिंसक प्रतिकार के रूप में भी सामने आ रहा है। 'किसी भी कीमत पर विकास' की जिद के चलते ही देश की राजधानी दिल्ली समेत तमाम महानगर तो लगभग नरक में तब्दील होते जा रहे हैं, लेकिन न तो सरकारें सबक लेने को तैयार है और न ही समाज। महानगरों और देश के बड़े शहरों में काम करने वाले विभिन्न प्रदेशों के जो प्रवासी मजदूर कोरोना महामारी के चलते अपनी रोजी रोटी छिन जाने की वजह से अपने घरों की ओर लौटना चाहते हैं, उन्हें रोकने के लिए भी सरकारों और उद्योगपतियों द्वारा तरह-तरह के शर्मनाक और अमानवीय हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, सिर्फ इसलिए कि वे जहां हैं, वहीं बने रहे और लॉकडाउन खत्म होने के बाद फिर उद्योगपतियों के 'विकास' में अपना योगदान करते रहें।

इसके लिए वह स्थानीय लोगों को उनकी जमीन बेदखल करने और उनकी खेती की जमीन छीनने में भी कोई संकोच नहीं करतीं। स्थानीय लोग और पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने वाले संगठन जब इन कारखानों का विरोध करते हैं तो उन्हें विकास विरोधी, नक्सली और विदेशी एजेंट तक करार दे दिया जाता है। उनके विरोध के स्वर को बलपूर्वक दबा दिया जाता है और उन पर तरह-तरह के मुकदमें लाद दिए जाते हैं। इस काम में कारपोरेट नियंत्रित मीडिया भी 'चीयर्स लीडर्स' की भूमिका अपनाते हुए पूरी तरह सरकार और पुलिस का साथ देता है। इस समय कोरोना महामारी और लॉकडाउन के चलते सभी तरह की औद्योगिक गतिविधियां जो कई दिनों से ठप थीं, अब फिर से शुरू हो रही हैं। जानकारों का कहना है कि जब कोई औद्योगिक इकाई कुछ समय के लिए बंद की जाती है तो सुरक्षा के लिहाज से उसे बंद करने के पहले भी और उसे फिर शुरू करते वक्त भी उसकी पूरी साफसफाई अनिवार्य रूप से करना होती है। ऐसा नहीं करने पर दुर्घटनाएं होना स्वाभाविक है। जाहिर है कि आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, छत्तीसगढ और महाराष्ट्र में जो दुर्घटनाएं हुई हैं, वे निर्धारित सुरक्षा व्यवस्था को पूरे किए बिना ही औद्योगिक इकाइयां बंद करने और अब डेढ-दो महीने के अंतराल के बाद दोबारा शुरू होने के दौरान ही हुई हैं। अगर केंद्र सरकार ने लॉकडाउन पूरी तरह हटने पर ऐसे बडे कारखानों के दोबारा शुरू होने से पहले वहां साफ-सफाई की प्रक्रिया का पालन करने के संबंध में उचित दिशा निर्देश जारी नहीं किए तो ऐसी और भी कई दुर्घटनाओं को टाला नहीं जा सकेगा।

योगेश कुमार गोयल

> नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार उनका अहम योगदान वर्ष 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आईं। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंचकर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे।

दया और सेवा की प्रतिमूर्ति थी फ्लोरेंस

नर्सों के योगदान को नमन करना जरूरी

पूरी दुनिया पिछले कुछ महीनों से कोरोना संक्रमण से जूझ रही है। अभी तक करीब तीन लाख लोगों की मौत हो चुकी है जबकि लगभग 14 लाख लोगों के प्राण बचाने में भी सफलता मिली है। इन लाखों लोगों की जान बचाने में सबसे बड़ा योगदान रहा है नर्सों का, जो खुद के संक्रमित होने के खतरे के बावजूद अपनी जान की परवाह किए बिना ज्यादा से ज्यादा लोगों की जान बचाने में जुटी हैं। 12 मई को मनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर इन तमाम नर्सों के इसी योगदान को नमन करना बेहद जरूरी है। इसीलिए वर्ष 2020 को 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है। स्मरण रहे कि 29 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी 'मन की बात' कार्यक्रम में सेवा भाव के लिए याद की जाने वाली नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल को याद करते हुए कहा था कि यह समय दुनियाभर के नर्सिंग समुदाय के लिए परीक्षा की घड़ी है और उन्हें विश्वास है कि सभी इस परीक्षा में सफल होंगी और लोगों की जानें बचाएंगी। दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता हैं, जिनकी आज हम 200वीं जयंती मना रहे हैं। 'लेडी विद द लैंप' (दीपक वाली महिला) के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म आज से ठीक 200 वर्ष पहले 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं। फ्लोरेंस कहती थी कि रोगी का बुद्धिमान और मानवीय प्रबंधन ही संक्रमण के खिलाफसबसे अच्छा बचाव है। फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म इटली में रह रहे एक समृद्ध और उच्चवर्गीय ब्रिटिश परिवार में हुआ लेकिन वह इंग्लैंड में पली-बढ़ी। वह एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। 1837 में नाइटिंगेल परिवार अपनी बेटियों को यूरोप के सफर पर लेकर गया, जो उस समय बच्चों की शिक्षा-दीक्षा के लिए जरूरी माना जाता था। उसी सफर के दौरान फ्लोरेंस ने माता-पिता से कहा था कि ईश्वर ने उसे मानवता की सेवा का आदेश दिया है लेकिन यह नहीं बताया कि सेवा किस तरह से करनी है। यह सुनकर उनके माता-पिता बेहद परेशान हो गए थे। फ्लोरेंस ने अपने माता-पिता को बताया कि वह एक ऐसी नर्स बनना चाहती है, जो अपने मरीजों की अच्छी तरह सेवा और देखभाल कर सके। इस पर उनके माता-पिता बेहद नाराज हुए थे क्योंकि विक्टोरिया काल में ब्रिटेन में अमीर घरानों की महिलाएं कोई काम नहीं करती थी। उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए भी माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा बिल्कुल सही नहीं है।

फ्लोरेंस नाइटिंगेल की 200वीं जयंती पर विशेष

वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। परिवार के पुरजोर विरोध और गुस्से के बाद भी फ्लोरेंस अपनी जिद पर अड़ गई और वर्ष 1845 में अभावग्रस्त लोगों की सेवा का प्रण लिया। वर्ष 1849 में उन्होंने शादी करने का प्रस्ताव भी ठुकरा दिया था और परिजनों से दृढ़तापूर्वक कहा था कि वह ईश्वर के आदेश का पालन करेगी तथा एक नर्स ही बनेगी। वर्ष 1850 में उन्होंने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

एक देश एक संविधान पर शाबासी हो

एक देश एक संविधान पर शाबासी हो गए अपने ही देश के मजदूर अब प्रवासी हो गए थकते चलते बैठे जहां , दिया किसी ने रोटी वह गांव तब मजदूरों के लिए , काशी हो गए संवारा जिसने शहर, अपने मजबूत हाथों से जीवन बचाने लौटे गांव, रस्ते स्वर्गवासी हो गए।

- संत आर थवाईत

उसकी केशर सुगंध मेरे रोम-रोम

उसकी केशर सुगंध मेरे रोम-रोम से प्रस्फुटित होती है, मेरी सांस-सांस की हर महक उसकी आत्मा से उठती है वह देहरी पर सजी रंगोली सा इंद्रधनुषी प्यार है, मां जिसकी बिंदी में समाया मेरा संपूर्ण श्रृंगार है, मेरी संपूर्ण संसार है। **- बिट्टू पुरोहित**

खास पाती

तन्हा इस शाम में, चुपके से

तन्हा इस शाम में, चुपके से आए कोई, दश्त-ए-दिल में आकर ठहर जाए कोई, उलझे हैं बस इक उसी तसव्वुर में हम, लज्ज़त-ए-ग़म में, क्या नया सुनाए कोई, खुद फरेबी में ढल चुके हैं जिनके ज़हन, मन्तक़ी दलीलों से, क्या समझाए कोई, घिस दिए जबीं हर दैरो-हरम इस खैर, दोनों जहाँ में, इन्हे जन्नत दिखाए कोई, कई इन्किलाब तो यूँभी मुल्तवी हो गए, गहमागहमी में, पहले हाथ उठाये कोई, मुत्मइन हूँ बज़्म में, कर दूर से सलाम, आतिशे-हसद में हाथ ना जलाये कोई,'दक्ष' हश्र के रोज़ जो होगा देखा जाएगा, शौक़े-ऐब में, क्यों गुनाह गिनवाए कोई।

- विकास शर्मा 'दक्ष'

मां तुझसा कोई कहाँ यहाँ तूने सिचा

माँ तुझसा कोई कहाँ यहाँ तूने सिचा अपने आँसुओं से तूने देखा अपने बचपन को जब इत-ऊत करता रहता था हर सब्र को सिखाया हैं दुनियादारी को समझाया हैं माँ तुझसा कोई कहाँ यहाँ जो बचपन जो चोट लगता तो परेशान हो सी जाती हैं माँ तेरी मुस्कान की ख़ातिर कुछ भी कर जाओ हर अनुभव को समझाया हैं जीने की पहलू को जगाया हैं माँ तुझसा कोई कहाँ यहाँ।

- सोनू कुमार आकाश

समझती नही दुनियाँ लाख कोशिशों पर भी

समझती नही दुनियाँ लाख कोशिशों पर भी। बस माँ है जो बिन बोले ही सब समझ जाती है। माँ से प्यार बहुत गुस्सा भी कभी माँ से होता है। क्योकि हक हमारा सबसे ज्यादा माँ पर होता है। माँ तुम जीवनदायिनी तुमसे ही अस्तित्व हमारा। तुम कभी न रूठना चाहे रूठे ये जग सारा।

- रश्मि ठाकुर

एक रोज मैंने महसूस किया कि जब

एक रोज मैंने महसूस किया,कि जब रिश्तों में हद से ज्यादा मिठास नुकसानदेह होने लगी और कड़वाहट रिश्तों पर भारी पड़ने लगी तो मैंने सोचा क्यों न संतुलन बनाकर चलूँ पर जमाने ने मुझे स्वार्थी का दर्जा दे दिया.....!!

- निशा रावल

मन की लिखूँ तो शब्द रूठ जाते हैं.

मन की लिखूँ तो शब्द रूठ जाते हैं... और सच लिखूँ तो अपने रूठ जाते हैं... जिन्दंगी को समझना बहुत मुशकिल हैं कोई सपनों की खातिर अपनों से दूर रहता हैं और कोई अपनों के खातिर सपनों से दूर।

सूर्य प्रकाश मिश्रा

कैसा ये साल है आया न कोई बेटी

कैसा ये साल है आया न कोई बेटी इस बार मायके जा पायेगी न ही कोई माँ बेटी से मिलने आ पाएगी !

- रूबी प्रसाद

आपातकाल रथ के ,नायक तो प्रणम्य हैं

आपातकाल रथ के ,नायक तो प्रणम्य हैं, जमाती सायक पे भी, सेवा का इशारा है। नाटक से लायक को,नाहक ही तंग करे, धावक की चाल खुद , जवाब करारा है। शावक नहीं शेर हैं, जेहन राष्ट्र-धर्म है, पातक पतन पर , कठिन नज़ारा है। जीवन दूत बन के, साधक ही देव रूप, खतरों से खेल रहा, सेवा का सितारा है। खुले फाटक सा रोग,कई घातक ढंग है, जीवन आस जल को, चातक ही जानिए। मारक तत्व खूब हैं, धारक नसीब जब कारक बुलाए पास,जान ही गंवाइए।

- विजय गुप्ता

QUIZ TIME

1) 'तरकश ' नाम के अन्तर्गत संगृहीत किसकी कविताओं एवं गजलों के संग्रह को डेविट मैथ्यूज ने अंग्रेजी में अनुदित किया है?

2) पंचशील किस वर्ष प्रतिपादित किया गया? (1954 / 1955)

3) भारत-भारती सम्मान किस क्षेत्र में प्रदान किया जाता है?

4) सुभाष चन्द्र बोस किस छद्म नाम से कलकत्ता से काबुल पहुँचे थे?

5) व्यक्ति का नाम बताए जिन्हें यूपी का गाँधी कहा जाता था?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) जावेद अख्तर (2) 1954 (3) साहित्य सृजन एवं हिन्दी (4) जियाउद्दीन के नाम से (5) पुरुषोत्तम दास टंडन

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1459 - राव जोधा ने जोधपुर की स्थापना की। 1666 - नौ सितम्बर 1665 को हुई पुरंधर संधि के अनुसार औरंगजेब के समक्ष पेश होने के लिए शिवाजी आगरा पहुंचे। 1797 - फ्रांस के नेपोलियन प्रथम ने वेनिस पर विजय प्राप्त की। 1835 - चार्ल्स डार्विन ने उत्तरी चिली में तांबे की खानों का दौरा किया। 1847 - विलियम क्लेटन ने ओडोमीटर का आविष्कार किया। 1890 - ब्रिस्टल में पहले आधिकारिक क्रिकेट काउंटी चैम्पियनशिप मैच का शुभारंभ। 1902 - पेंसिल्वेनिया में एन्थ्रेसाइट कोयला के एक लाख 40 हजार श्रमिकों ने हड़ताल की। 1908 - जॉर्ज बर्नार्ड शॉ के नाटक 'गेटिंग मैरिड' का लंदन में प्रीमियर हुआ। 1915 - क्रांतिकारी रासबिहारी बोस ने जापानी नौका सानुकी मारू पर सवार होकर भारत छोड़ा।

न्यूज गैलरी

वार्डों को सेनेटाईज करने की मॉंग

कुम्हारी। नगर के सभी वार्डों को सेनेटाईज करने की मांग स्थानीय भाजपा मंडल द्वारा की गई है। इस आशय का एक पत्र कुम्हारी मंडल अध्यक्ष पीएन दुबे, उपाध्यक्ष लोकेश साहू एवं वार्ड 15 के पार्षद रागिनी निषाद द्वारा प्रभारी मुख्य नपा अधिकारी को सौंपा। नगर में सुरक्षा की दृष्टि से समस्त वार्डों सहित थाना परिसर, बिजली ऑफिस, पालिका भवन अस्पताल, सब्जी मंडी बाजार, बैंक परिसर, एलआईसी भवन सहित तमाम संस्थानों को सुरक्षा के मद्देनजर समय समय पर सेनेटाईज किया जाना चाहिए।

शहर में नमक की कालाबाजारी करने शार्टेज की अफवाह

खाद्य नियंत्रक ने कहा स्थिति सामान्य है घबराने की जरूरत नहीं

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहर में नमक की किल्लत होने की झूठी अफवाह के बाद आज सुबह से ही नमक व्यापारियों के दुकानों में लंबी.लंबी कतारें देखी गई। ग्राहकों द्वारा अधिक मात्रा में मांग किए जाने के बाद व्यापारियों ने नमक सभी को उपलब्ध हो सके इसके लिए निर्धारित मात्रा में ही नमक का विक्रय किया गया। ताकि स्थिति को नियंत्रित रखा जा सके। दूसरी ओर खाद्य नियंत्रक सीपी दीपांकर ने बताया कि थोक व्यापारियों से नमक के भंडारण को लेकर चर्चा हुई जिसमें व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि नमक की बाजार में कोई भी कमी नहीं है। माल भाड़ा की दरें बढ़ने के कारण मात्र एक बोरी पर 10 से ?15 के दर का इजाफा हुआ है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान ना दें शहर में पर्याप्त मात्रा में नमक की उपलब्धता है। अधिक कीमत वसूल किए जाने की शिकायतें ग्राहक सीधे खाद्य विभाग को कर सकते हैं। शिकायत मिलने पर

व्यापारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। शहर में आज नमक की किल्लत होने की जानकारी देने के बाद से ही नमक व्यापारी के दुकानों में लाइन लगनी शुरू हो गई जिसके कारण व्यापारियों ने एक व्यक्ति को एक बोरी निर्धारित मात्रा के अनुसार ही नमक की बिक्री की गई। दूसरी ओर खाद्य नियंत्रक सीपी दीपांकर नहीं बताया कि जानकारी मिलने के बाद दुर्ग एवं भिलाई दोनों ही क्षेत्रों में जांच के लिए दल को रवाना किया गया है। होलसेल व्यापारी उसे भी चर्चा की गई है व्यापारियों ने आश्वस्त किया कि किल्लत की स्थिति नहीं है।

गौरतलब हो कि 2 दिन के संपूर्ण लाख डाउन के पश्चात आज सुबह शहर के सभी बाजार सामान्य दिनों की तरह खुले परंतु बाजार में नमक की कमी की अफवाह फैलते ही नमक व्यापारियों की दुकानों पर कतार लगाकर ग्राहकों ने खरीदी की। करने वाले ग्राहक देकर गए इस परिस्थिति का लाभ उठाते हुए व्यापारी द्वारा पूर्व में 120 से 150 बोरी में बिकने वाला नमक की कीमत को बढ़ाकर 200 रुपए से ज्यादा कीमत पर बेचा जाने लगा । इसकी शिकायत खाद्य विभाग तक पहुंचने पर खाद्य नियंत्रक सीपी दीपांकर ने बताया कि नमक के संबंध में शिकायतें मिली हैं जिसकी जांच के लिए दुर्ग एवं भिलाई दोनों ही बाजारों में अलग.अलग दल बनाकर भेजा गया है ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके उन्होंने कहा कि नमक के थोक व्यापारियों से भी चर्चा हुई है जिनके द्वारा ऐसी स्थिति नहीं होना बताया गया कि टाटा नमक 1 किलो 20 में एवं साधारण नमक 10 प्रति किलो विक्रय किया जा रहा है खाद्य नियंत्रक ने यह भी बताया कि शहर में नमक का भंडार पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है आज भी रेल मार्ग द्वारा रायपुर में पहुंची नमक की रेट स्टेशन पर खड़ी है। नमक का कोटा तीन से चार रैक का है जो पर्याप्त मात्रा में पहुंच रहा है माल भाड़ा की कीमतें बढ़ने के कारण प्रति बोरी में 10 से 15 का इजाफा किया गया है खाद्य नियंत्रक ने शहरवासियों से अफवाहों पर ध्यान न देते हुए अपील की है कि नमक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

गोंडवाना भवन में राशन पैकेट्स तैयार करवाने पर भाजपाईयों ने किया हंगामा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कोरोना संकट में प्रभावित गरीब परिवारों को राहत प्रदान करने नगर निगम द्वारा स्थानीय गोड़वाना भवन सिविल लाईन में पैकिंग करवाए जा रहे खाद्य सामाग्रियों के पैकेट्स को लेकर सोमवार को भाजपा ने जमकर विरोध दर्ज करवाया। भाजपाईयों का आरोप था कि शहर के दानदाताओं व समाजसेवी संस्थाओं से मिले खाद्य सामाग्रियों के पैकेट्स तैयार कर यहां से विशेष समुदाय वर्ग व अपने चहेते वार्ड पार्षदों को राशन वितरण किया जा रहा है। जिससे राशन वितरण में भेदभाव को बढ़ावा मिला है। यह कार्य निगम द्वारा विधायक व महापौर धीरज बाकलीवाल के इशारे पर गोपनीय ढंग से किया जा रहा है। इसलिए राशन वितरण के इस केन्द्र का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। इस संबंध में भाजपाईयों ने निगम के ईई मोहनपुरी गोस्वामी को एक पत्र सौंपकर गोड़वाना भवन के राशन वितरण केन्द्र को सील कर मामले की जांच की मांग की है। मामला सामने आने से आक्रोशित भाजपाईयों ने राशन सामाग्री के संबंध में ईई से पूछा तो उन्होने बताया कि हैदराबाद की एनजीओ सहायता ट्रस्ट द्वारा गरीब परिवारों को उपलब्ध करवाए है। जिससे नाराज भाजपाईयों ने राशन वितरण केन्द्र में जमकर प्रदर्शन करते हुए धरना पर भी बैठ गए। जिससे राशन वितरण केन्द्र में हंगामा का माहौल रहा। भाजपाईयों के हंगामे को देख कांग्रेस के प्रकाश गीते और शिवाकांत तिवारी मौके पर पहुंचकर उन्हे समझाइश देने का प्रयास कियाए लेकिन बात बनने के बजाय बिगड़ गई और भाजपाई व दोनों कांग्रेस नेताओं के बीच झूमाझटकी की नौबत भी आ गई। माहौल को नियंत्रित कर दोनों कांग्रेस नेताओं को पुलिस अपने साथ ले गई। भाजपाईयों ने बताया कि मुख्यमंत्री, विधायक सहित महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव फोटोयुक्त जिस थैले में राशन के पैकेट्स बनाए जा रहे है उसका रंग हरा है। थैले में हैदराबाद, तैलंगाना की एनजीओ का नाम के साथ कोरोना महामारी राहत अंतर्गत निगम क्षेत्रों में खाद्य वितरण लिखा गया है। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष उषा टावरी, चंद्रिका चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, दिनेश देवांगन, शिव चंद्राकर, रत्नेश चंद्राकर, नरेन्द्र बंजारे, कांतीलाल जैन एवं अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

कार्यकर्ता अपने घर पर देगें धरना

भिलाई। पूर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष सांवलाराम डाहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष के मार्गदर्शन मे प्रदेश सरकार कि विफलताओं एवं वादा खिलाफी के विरोध में 12 मई को दोपहर 3 बजे भाजपा के समस्त कार्यकर्ता अपने-अपने घरों के सामने धरना देंगे। उन्होने कहा कि जिस जनता ने कांग्रेस को सत्ता तक पहुचाया वही सरकार दोहरी निति अपनाकर जनता से छल कर रही है। किसानों को दिऐ जाने वाला बोनस कि अंतर राशि को नही दिया, शराब बंदी को लेकर सरकार का असंवेदनशील व्यवहार से जनता त्रस्त हो रही है सामजिक दुरी कि धज्जियां उड़ रही है सरकार के द्वारा धान खरीदी नही करने से असंतोष व्यप्त है।

छात्र-छात्राओं के लिए बनेगा साढ़े 7 करोड़ का हॉस्टल

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिले के छात्र छात्राओं के लिए एक बड़ी पहल है। जो अपने बुलंद इरादे से अपने सपनों को उड़ान देना चाहते हैं। अपनी मेहनत से बेहतर कॅरियर बनाने चाहते हैं। उन छात्र.छात्राओं को महापौर व विधायक देवेंद्र यादव ने एक बड़ी सौगात दे रहे हैं। पढ़ने लिखने वाले छात्र.छात्राओं के लिए श्री यादव ने शहर में 4 नए छात्रावास बनाने जा रहे हैं। 7 करोड़ 66 लाख 4 हजार की लागत से चारों छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक छात्रावास 2.2 एकड़ जमीन पर बनेगी। जहां छात्र छात्राओं के रहने के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होगी। ताकि गांव से आए विद्यार्थी यहां रहकर अपनी पढ़ाई पूरी कर सके और अपने सपने और अपने कॅरियर को गढ़ सके। ऐसे छात्राओं की मदद करने का प्रयास महापौर यादव ने छात्रावास बनाने की योजना बनाई थी और शासन को प्रस्ताव भेज कर स्वीकृति मांगी थी। शासन ने सार्थक प्रयास को जल्द ही स्वीकृति मिलेगी। आज इस विषय को लेकर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास प्रिंयवदा रामटेके ने विधायक यादव से चर्चा की।

प्रियदर्शनी और जवाहर नगर में बनेगा छात्रावास

प्रियदर्शनी सुपेला चयनित 2 कन्या छात्रावास का भवन बनाया जाएगा। इसी प्रकार 2 बालक छात्रावास का भवन जवाहर नगर स्पोर्ट्स परिसर के पीछे बनाया जाएगा। नगर क्षेत्र में श्री यादव की पहल से एक साल में 4 पोस्ट मैट्रीक छात्रावास बनाने की स्वीकृति मिली है। इसमें पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बनाया जाएगा। साथ ही पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास और पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास बनाया जाएगा।

सहायता केंद्र निरीक्षण में पहुंचे आईजी

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। दूसरे राज्यों से छग आ रहे तथा इस रास्ते अन्य राज्यों में जा रहे श्रमिकों की सहायता के लिए श्रमिक सहायता केंद्र बार्डर एवं महत्वपूर्ण स्थलों में जिला प्रशासन ने आरंभ किए हैं। इनमें दो दिनों से श्रमिकों को नाश्ता एवं आगे की यात्रा के लिए सूखा नाश्ता दे रहे है। जो लोग पैदल हैं उनके लिए बस की व्यवस्था की। व्यवस्था की मानिटरिंग करने आईजी विवेकानंद सिन्हा, कलेक्टर अंकित आनंद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय यादव एवं आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी पहुंचे। आईजी ने अधिकारियों को कहा कि जिनके पास जाने की व्यवस्था नहीं हैं उन्हें चिन्हांकित कर बस की सुविधा उपलब्ध करा दें। कलेक्टर ने मंगल भवन में ठहराने की व्यवस्था के दिए निर्देश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को कहा कि जिनके जाने के साधन नहीं हैं चिन्हांकन कर रूट बनाकर उन्हें भेज दें।

तालाबों में झिल्ली, पन्नी को रोकने लगाई जाली

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। निगम क्षेत्र के निस्तारी तालाबों में जलभराव के पूर्व आसपास की सफाई कराई जा रही है ताकि तालाबों में बाहर से गंदगी न आए। वार्ड 16 के तालाब में जलभराव किया जा रहा है जहां झिल्ली, पन्नी एवं अन्य ठोस पदार्थ के कचरों को रोकने निगम की ओर से जाली लगाया जा रहा है। ग्रीष्मऋतु में आमजन को निस्तारी की समस्या न हो तथा आसपास के क्षेत्रों का वाटर लेवल बना रहे

इसके लिए क्षेत्र के तालाबों से झिल्ली, पन्नी व कचरे को निकालकर साफ किया जा रहा है। तालाब में साफ पानी का भराव हो इसके लिए नहर किनारे भी सफाई कराई जा रही है। कुछ जोन में कैनाल की भी सफाई कराई ताकि जलभराव में रुकावट न हो। तालाबों में जलभराव पश्चात जल शुद्धिकरण के लिए एलम आदि की व्यवस्था की जा चुकी है। जोन 02 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के लोगों के निस्तारी की व्यवस्था को बेहतर बनाने निगम प्रशासन द्वारा जोन क्षेत्रों के कैनाल एवं तालाबों की सफाई के पश्चात बड़े नालियों में जाली लगाई जा रही है, जिससे झिल्ली, पन्नी व अन्य कचरों को तालाब में फैलने से रोका जा सके। आज वार्ड 16 के नकटा तालाब व ढौर तालाब में जलभराव किया गया। तालाब में जलभराव से निस्तारी में सहुलियत होगी।

शहीद की शहादत व्यर्थ नहीं : शर्मा

भिलाईनगर। राजनांदगाँव के मानपुर क्षेत्र में नक्सली मुठभेड़ में शहीद मदनवाड़ा के थाना प्रभारी उप निरीक्षक श्याम किशोर शर्मा ने नक्सलियों से बहादुरी से सामना करते हुए चार हार्डकोर नक्सलियों को मारने का साहस दिखाते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जायेगी। छत्तीसगढ़ सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष आरएपीएशर्मा ने श्रद्धांजली व्यक्त करते उक्त बाते कही।

लॉकडाउन पर पहल.. कोरोना की रोकथाम एवं नियंत्रण के तहत् महापौर व आयुक्त के निर्देश पर लगे...

जोन कार्यालयों में थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। निगम मुख्य कार्यालय के साथ ही जोन कार्यालयों में भी थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव तथा आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर की गई है। निगम के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में एक तिहाई कर्मचारी रोस्टर सिस्टम के तहत विभिन्न कार्यों में लगे हुए जिनकी थर्मल स्क्रीनिंग के उपरांत ही प्रवेश दिया जा रहा है। निगम मुख्यालय में विभिन्न प्रकार के कार्य संचालित हो रहे है! संपत्तिकर, जलकर, पेंशन शाखा, भवन अनुज्ञा शाखा, स्वास्थ्य

विभाग, योजना शाखा, राजस्व विभाग, सचिवालय, जनसंपर्क विभाग, डाटा सेंटर, लेखा विभाग, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, शिक्षा विभाग, जल विभाग सहित अन्य विभागों में रोस्टर सिस्टम से अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है ताकि जनता के महत्वपूर्ण कार्य में कोई बाधा न आए। स्वच्छता से संबंधित, पेयजल, खाद्य सामग्री एवं कुछ जरूरी कार्यों में लगे अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा लॉकडाउन में नियमित रूप से काम किया जा रहा है। निगम मुख्य कार्यालय में सुरक्षाकर्मी एवं जोन कार्यालय में स्वच्छता विभाग के कर्मचारी कार्यालय में आने जाने वाले नागरिकों की थर्मल स्क्रीनिंग कर रहे है।

निगम के सुरक्षाकर्मी एवं स्वच्छता कर्मचारी आवश्यक कार्य से आने वाले लोगों को ही प्रवेश दे रहे हैं और उनकी भी थर्मल स्क्रीनिंग कर रहे हैंए शिकायतकर्ताओं के लिए अलग से शिकायत पेटी की व्यवस्था की गई है जिन्हें मुख्य कार्यालय के भीतर प्रवेश की आवश्यकता नहीं है वह बाहर से ही अपनी समस्या एवं शिकायत पेटी में डाल सकते हैं। शहर में अत्यावश्यक सेवा के लिए निगम के कर्मचारी मुस्तैदी से कार्य कर रहे हैं तथा मुख्य कार्यालय सहित जोन के अधिकारी, कर्मचारी लॉकडाउन में अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रहे है। जहां पर भी कर्मचारी बैठकर कार्य कर रहे हैं उन स्थलों को सैनिटाइजिंग किया जा रहा है। कार्यालयों के खिड़की, दरवाजे, टेबल, कुर्सी में सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव करना एवं निगम कार्यालय आने के दौरान अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा सोशल डिस्टेंस का मेंटेन करते हुए मास्क का भी उपयोग किया जा रहा है। इस बाबत समय.समय पर निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है।

जल-जनित बीमारियों से बचाव हेतु चलाया अभियान

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। छग के हृदय स्थल रायपुर में जनजनित बीमारी पिलिया के बढ़ते प्रकोप तथा दुर्ग-भिलाई में डेंगू के आहट से नगर पालिक निगम भी चौकन्ना हो गई है। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु निगम के वार्ड 60 एवं वार्ड 61 प्रगति नगर के रिहायसी क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर घर घर जाकर पिलिया नियंत्रण हेतु क्लोरिन टेबलेट एवं टेमिफास दवाई का वितरण किया जा रहा है तथा वार्डवासियों में जागरूकता लाने हेतु स्वास्थ्य अमला के कर्मचारियों द्वारा पिलिया से बचाव हेतु उबला हुआ एवं साफ पानी पीने हेतु प्रेरित किया। वहीं डेंगू के लार्वा के पनपने की संभाव्य जगहों को साफ रखने तथा घर में रखी टायर, कुलर, फ्रीज व अन्य अनउपयोगी जगहों पर एकत्रित पानी को जमा होने से रोकने एवं साफ -सफाई करने भी जानकारी वार्ड वासियों को दी जा रही हैं तथा प्रत्येक घरों में टेमिफास की दवाई का भी वितरण किया जा रहा है। आयुक्त के निर्देश एवं जोन आयुक्त के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य अमला द्वारा प्रतिदिन सभी वार्डों के नालियों का वृहद स्तर पर साफ-सफाई उपरांत मैलाथियान, मलेरिया ऑयल एवं ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव भी किया जा रहा है।

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./229/ब-121/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश कुमार पिता ईश्वर दीन निवासी ग्राम बीएमवाय चरोदा तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम भिलाई 03 प.ह.न. 01 रा.नि.मं. भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 369/429 रकबा 0.022 हे. भूमि कुल खसरा 01 कुल रकबा 01 हे. भूमि जो कि आवेदक/आवेदिका एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक/आवेदिका के द्वारा मूल ऋण पुस्तिका प्रदाय गुम हो जाने पर द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र बैंकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ती प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 18.05.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 02.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./20/अ-27/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुखबती अन्य 2 पति समारु निवासी ग्राम रामनगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न. 05 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 346 रकबा 0.60 हे. भूमि जो कि आवेदक/आवेदिका एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि आवेदक द्वारा आपसी सहमति पूर्वक खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 21.05.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 27.04.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक क्रेतागण रंगबहादुर सिंह आ. श्री राघव सिंह व अन्य 02 साकिन रुआबांधा सेक्टर भिलाई के द्वारा ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 620/4 कुल रकबा 0.040 हे. में से 1200 वर्गफीट भूमि विक्रेता हर्ष यादव पिता श्री कविरमन यादव निवासी आशीष नगर रिसाली भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 02.03.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 07.05.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 03.03.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
1314/अ-2 /2019-20	ब्रजेश कुमार पाण्डेय	202003100400340

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री बृजेश कुमार पाण्डेय आ. बरमेश्वर पाण्डेय निवासी लिंकरोड पोटियाकला दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2) (5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	257/219 257/210	0.02 हें 2505 वर्ग. 0.04 हे. 4590 वर्ग.	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
1313/अ-2 /2019-20	झग्गरसिंह ताम्रकार	202003100400349

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक झग्गर सिंह ताम्रकार आ. स्व. बोधनलाल ताम्रकार निवासी तमेरपारा धमधा तहसील धमधा व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2) (5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	696/8	0.030 हें 3000 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202005101400001/371

विषयः अ-06 वर्ष 2019-20

धनोरा प.ह.न.00039 (790/2(0.0900 हे.)

पक्षकारों का विवरण :

आवेदक पक्षकार- विजय कुमार खरे

अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण विजय कुमार खरे पिता श्री गणेश प्रसाद खरे व अन्य 02 निवासी हास्पिटल सेक्टर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा धनोरा प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 790/2 रकबा 0.0900 हें भूमि आवेदिका की पत्नी श्रीमती शैल खरे पति विजय कुमार खरे के नाम पर दर्ज है। भूस्वामी खैल खरे पति विजय कुमार खरे की मृत्यु दिनॉंक 18.03.2020 को टाटा मेमोरियल हास्पिटल मुंबई में हुई है। भूस्वामी के मृत्यु पश्चात उक्त भूमि से मृतक भूस्वामी का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.05.2020 तक स्वयं अथना अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 06.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.05.2020 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./834/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मयंक खरया पिता स्व. महेन्द्र कुमार खरया निवासी ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 224/59 शामिल 225/8 रकबा 0.019 हें. भूमि को विक्रेता अब्दुल हलीम पिता स्व. अब्दुल हमीद निवासी ग्राम पद्मनाभपुर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 19.09.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.056.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./833/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पंकज खरिया पिता स्व. जीवन लाल खरिया निवासी ग्राम पद्मनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 224/59 शामिल 225/8 रकबा 0.019 हें. भूमि को विक्रेता अब्दुल हलीम पिता स्व. अब्दुल हमीद निवासी ग्राम पद्मनाभपुर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 19.09.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.056.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./862/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेन्द्र कुमार सिन्हा पिता चोवाराम सिन्हा निवासी ग्राम आजाद वार्ड 37 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 49/12 रकबा 0.007 हें. भूमि को दानग्रहिता श्रीमती अन्नपूर्णा सिन्हा पति स्व. रेखालाल सिन्हा निवासी ग्राम आजाद वार्ड 37 दुर्ग से रजिस्टर्ड दानपत्र दिनांक 19.03.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.05.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

'कॉलेज विद्यार्थियों को भी मिले जनरल प्रमोशन'

महासमुंद। कोरोना महामारी के चलते देशभर में जारी लॉकडाउन के कारण सभी स्तरों के शैक्षणिक गतिविधियां एवं परीक्षा आयोजित करने में विद्यालय एवं विश्वविद्यालयों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके लिए सभी छात्र-छात्राओं से चर्चा करने के बाद अभाविप नेता नरेश नायक ने जनरल प्रमोशन देने की मांग की है। गुरुवार को इस संबंध में अभाविप नेताओं ने मुख्यमंत्री के नाम महासमुंद विधायक विनोद सेवनलाल चन्द्राकर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि प्रदेश में कोरोना के चलते दिन-ब-दिन एक ना एक मरीज संक्रमित हो रहे हैं। जिसको देखते हुए अब कॉलेजो में भी परीक्षा संभव नहीं दिख रहा रहा है। जिससे जनरल प्रमोशन देना उचित होगा। इस संबंध मे अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को किसी तरह कोई अन्य तीसरा रास्ता निकालकर उन्हे पिछले वर्ष के अंकों के आधार पर उत्तीर्ण कर देना सही होगा। इस संबंध में जल्द से जल्द निर्णय लेने की मांग की गई है।

मंदिर परिसर की साफ-सफाई

महासमुंद। ग्राम खरोरा के सामाजिक संस्था संवेदना ने झूलन दाई मंदिर परिसर की साफ-सफाई की। कोरोना संक्रमण से बचने गांव के लोगों को जागरूक कर संवेदना संस्था द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता अभियान में गांव के जागरूक लोग भी जुड़ रहे हैं। संवेदना समूह के जितेंद्र कुमार चंद्राकर, ओमप्रकाश चंद्राकर, मनीष चन्द्राकर, मेमन चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर, उपसरपंच हेमलता चंद्राकर, ग्रामीण लछ्वंतिन यादव, कृष्णा चंद्राकर, कुमारी संतोषी व लता ने भी सहयोग प्रदान किया।

लॉकडाउन का उल्लंघन, दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई

महासमुंद। शनिवार-रविवार को पूर्ण लॉकडाउन की अवहेलना पर चार दुकानदारों के खिलाफ पुलिस ने धारा 188 के तहत कार्रवाई की है। मामला खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम पाली का है। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम पाली में फैंसी स्टोर्स सहित किराना की दुकानें खुली है। सूचना पर टीम गांव पहुंचकर फैंसी स्टोर्स के संचालक राजू, किराना स्टोर्स के संचालक अखिलेश साहू, जीतू यदु और योगेश पिता हेमलाल साहू के खिलाफ पूर्ण लॉकडाउन का उल्लंघन करते हुए पाया। ये वे दुकानदार है, जिन्होंने लॉकडाउन के बावजूद दुकान खोलकर रखा था। जिन पर कार्रवाई की गई। वहीं दूसरी तरफ शनिवार को पूर्ण लॉकडाउन के बाद रविवार को भी शहर बंद रहा। केवल मिल्क पार्लर व मेडिकल दुकानें खुली रही। इसके चलते मेन रोड व गलियों में सन्नाटा पसरा रहा। लोग घरों से नहीं निकले। पूर्ण लॉकडाउन का पालन कर घर में थे।

बाड़ी से शराब बरामद

महासमुंद। बेमचा में पुलिस ने बाड़ी से महुआ शराब बरामद की। जानकारी के मुताबिक शनिवार शाम पौने 7 बजे मुखबिर की सूचना पर मौलीपारा बेमचा में रामदयाल पिता चैतूराम निषाद के घर की तलाशी ली। जहां 12 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। जिस पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

युवक से शराब जब्त

महासमुंद। सांकरा पुलिस ने रविवार को सागुनढाप में गोविंद पिता जोहन चौहान (40) के कब्जे से अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी महुआ शराब बरामद की। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर तलाशी लेने पर प्लास्टिक जरीकेन और डिब्बे में रखी महुआ शराब जब्त की। जिस पर आबकारी एक्ट 34(2) के तहत कार्रवाई की गई।

स्वास्थ्यकर्मी से लूट

महासमुंद। लुटेरों ने बलौदा प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में पदस्थ स्वास्थ्य कर्मी रूपेश साहू को अपना शिकार बनाया है। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य कर्मी रूपेश साहू एक मई को मुख्यालय सीएचसी से अपना काम निपटा कर पदस्थापना स्थान बलौदा लौट रहे थे। इस दौराम छह-सात मोटर साइकिल में सवार लुटेरों ने दोपहर करीब एक बजे पदमपुर रोड ओवर ब्रिज के पास रास्ता रोककर स्वास्थ्य कर्मी से पैसे, मोबाइल, घड़ी आदि छिन ली और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की घमकी भी दी। इस घटना से रूपेश साहू घबरा गए थे लेकिन दूसरे दिन फिर से लुटेरों ने 20 हजार रुपये नकद की मांग की।

सूर्य के चारों ओर बना रेनबो घेरा, लोगों के लिए आकर्षक

बिरकोनी। आसमान में सूर्य के चारों ओर बना रंगीन गोला (रेनबो) लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा। रविवार को सुबह से ही मौसम सामान्य था और धूप खिली हुई थी, लेकिन पूर्वान्ह 11 बजे के करीब आसमान में छुटमुट बादल छाए थे। इस बीच सूर्य के चारों ओर इंद्रधनुष बना रहा। इसके भीतर काले बादल रहे। बीच में सूर्य। लोग इस तरह के अद्भुत रेनबो को देखकर तरह-तरह के ख्याल लगाने लगे। रविवार को लगभग एक घंटे बाद आसमान में बादल छाने के बाद रेनबो गायब हो गया। इसकी प्राचीन मान्यता है कि पूर्व दिशा में जब रेनबो दिखायी देता है तो इससे भारी वर्षा का संकेत माना जाता है।

सुराजी गांव योजना बना ग्रामीण परिवेश में जनजागृति का सशक्त माध्यम

- समावेशित ग्राम्य विकास से आयी है खुशहाली और समृद्धि
- गौठानों में आजीविका गतिविधि से जुड़ने से महिलाओं के लिए खुली उन्नति की राहें

राजनांदगांव। राज्य शासन की सुराजी गांव योजना नरवा, गरवा, घुरवा अउ बाड़ी समावेशित ग्राम्य विकास की बुनियाद है। यह योजना ग्रामीण परिवेश में अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के साथ ही जनजागृति का सशक्त माध्यम है। मेहनतकश किसानों के हित के लिए शिद्दत से किए गए प्रयास से उनके जीवन में खुशहाली आ रही है। जिला राजनांदगाव में प्रथम चरण में कुल 113 गौठानों का निर्माण सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है, वही दूसरे चरण में 282 गोठानों का निर्माण प्रगतिरत है। गौठान के माध्यम से पशुओं को पौष्टिक आहार, टीकाकरण, वर्मीकम्पोस्ट खाद निर्माण, बाड़ी में सब्जी उत्पादन कर स्व सहायता समूह की महिलाओं की आय में वृद्धि करना एवं नरवा के माध्यम से जल संरक्षण एवं मत्स्य पालन किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण विकास के लिए राज्य शासन की प्रतिबद्धता प्रकट होती है।

कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य के निर्देशों एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती तनूजा सलाम के मार्गदर्शन में गोठान के माध्यम से एनआरएलएम योजना के स्व सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका गतिविधि से जोड़ने का अथक प्रयास जारी है । इस कड़ी के प्रथम चरण में सभी 9 विकासखण्डों में एक-एक मॉडल गौठान का चयन किया गया है, वहां मल्टी एक्टिविटी सेन्टर का निर्माण कराकर स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा आजीविका गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। साथ ही अन्य गौठान में भी आय वर्धक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। वर्तमान में जिले के प्रथम चरण में गौठान में वर्मीकम्पोस्ट खाद एवं नाडेप खाद का निर्माण 15 स्व सहायता समूह की कुल 136 महिलाएं कर रही हैं। कुल 291 क्विंटल वर्मीकम्पोस्ट का निर्माण किया जा चुका है, 211 क्विंटल खाद का विक्रय कर कुल 186485 रूपए की आय अर्जित की जा चुकी है। शेष खाद की बिक्री प्रक्रियाधीन है। साथ की लगभग 150 क्विंटल वर्मीकम्पोस्ट का निर्माण प्रक्रियाधीन है, जो इस योजना की एक बड़ी उपलब्धि दर्शाती है, सभी विकासखण्ड के मॉडल गोठान ग्रामों में चैन लिंक वायर का निर्माण भी समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। जिससे गौठान में फेंसिंग कार्य में इसका उपयोग कराकर समूह की महिलाओं को लाभान्वित किया जा सके। वर्तमान में 9 स्व सहायता समूह की 84 महिलाएं इस कार्य को अंजाम दे रही हैं। अभी तक 81 क्विंटल तार का निर्माण किया जा चुका है, जिसमें से 71 क्विंटल तार लगभग चार लाख रूपए का विक्रय किया जा चुका है। इसका निर्माण लॉक डाउन पीरियड में भी लगातार जारी है। योजना के तहत गौठान में सामुदायिक बाड़ी का निर्माण भी समूह की महिलाएं कर रही हैं, वर्तमान में 12 समूह की महिलाएं विभिन्न सब्जी का उत्पादन कर रही हैं। इसमें मनरेगा योजना द्वारा बाड़ी में कार्यरत महिलाओं को दैनिक मजदूरी का भी प्रावधान रखा गया है। बाड़ी में लौकी, भिंडी, बरबट्टी, तोरई, भाजी की खेती की जा रही है। वर्तमान तक 6 क्विंटल का उत्पादन एवं इसका विक्रय कर आय प्राप्त की जा चुकी है एवं क्रमशः यह कार्य जारी है। इसी तरह 7 विकासखण्डों में 8 समूह की 39 महिलाएं गोबर से गमले बनाने का कार्य भी कर रही हैं, 5000 गोबर के गमले वर्तमान तक बनाये चुके हैं, गमलों की बिक्री कर हजारों रूपए की आय अर्जित की गई है।

कलेक्टर ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से दिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश

- श्रमिक स्पेशल ट्रेन व अन्य माध्यम से आने वाले श्रमिक को क्वारेंटाईन में रहना होगा

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने लाकडाउन में अन्य राज्यों से स्पेशल ट्रेन और अन्य माध्यमों से आने वाले श्रमिकों की व्यवस्था के संबंध में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से सभी एसडीएम, सीएमओ और जनपद पंचायत सीईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मौर्य ने कहा कि राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ से बाहर फंसे मजदूरों को लाने के लिए श्रमिक स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था की है। जिसके माध्यम से बड़ी संख्या में श्रमिक राजनांदगांव आएंगे। इन श्रमिकों के आने के बाद प्रोटोकाल का पालन करते हुए उन्हें क्वारेंटाईन सेंटर में रखा जाएगा। कलेक्टर श्री मौर्य ने सभी गांव के पंचायत भवनों और स्कूलों को क्वारेंटाईन सेंटर बनाने के निर्देश दिए है तथा इन सेंटरों के लिए नोडल अधिकारी और वहां की व्यवस्थाओं के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर श्री मौर्य ने कहा कि जो श्रमिक ट्रेन से आएंगे, उन्हें राजनांदगांव के रैन बसेरा में लाया जाएगा। श्रमिकों को उनके गांव भेजने के लिए ड्रॉप पाइंट बनाए जाएगें। उनके ग्राम पंचायत के क्वारेंटाईन सेंटर में उन्हें 14 दिन क्वारेंटाईन में रहना होगा। इसके लिए व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। कलेक्टर ने बताया कि कोरोना पाजिटिव होने वाले मरीजों को मेडिकल कालेज में रखा जाएगा। इस व्यवस्था के लिए मेडिकल स्टॉफ को प्रशिक्षण देकर तैयार करने के निर्देश दिए।

वार्ड 12 में पालिका ने कराया बोर खनन

- बोर से मोटरपंप लगाकर तालाब भरने के निर्देश

महासमुंद। नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने पिटियाझर में बोर खनन का भूमि पूजन किया। पिटियाझर वार्ड 12 के पार्षद डमरूधर मांझी सहित नागरिकों ने एक लिखित आवेदन देकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर को निस्तारी समस्या बताई। इस समस्या का संज्ञान लेते हुए नपाध्यक्ष ने रविवार को मरारपारा तालाब का निरीक्षण कर बोर मशीन लगाने का आदेश दिया और भूमिपूजन कर खनन कार्य प्रारंभ किया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने जल प्रभारी को खनन कार्य के बाद तत्काल उक्त बोर में मोटरपंप लगाकर तालाब भरने के निर्देश दिए। इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने वार्डवासियों से कहा कि वार्ड के अनेक हिस्सों में पाइपलाइन विस्तारीकरण किया जा चुका है। शेष अन्य चिन्हित हिस्सों में भी पाइपलाइन बिछाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अलग-अलग वार्डों में पाइपलाइन का कार्य जारी है। जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। इस अवसर पर सभापति राजेन्द्र चंद्राकर, पार्षद रिंकू चंद्राकर, पूर्व पार्षद अरविंद प्रहरे, पूर्व युवा आयोग सदस्य प्रशांत श्रीवास्तव, खोमन साहू, नारायण साहू, राधेश्याम यादव, नरोत्तम, नारायण पटेल, उमेश, कामता, पवन साहू, भुवन चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

गौ भक्तों ने आहार, चारा, सब्जी सामग्री गौ माता को खिलाया

राजनांदगांव। गौ भक्त राजू जायसवाल एवं अन्य शहरवासियों एवं नगर पालिक निगम द्वारा महत्वपूर्ण सहयोग किया गया उनके द्वारा 1500 क्विंटल सब्जी एवं केले, हरे चारे,पैरा कुट्टी, गौ आहार दान दिया गया। गौ भक्त सेवा समिति के सदस्यों द्वारा विगत् कई समय से रोजाना चारा व सब्जी गौ माता के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है जिसमें शहरवासियों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका भी है गौ भक्तों द्वारा दान के माध्यम से गौ माता को आहार उपलब्ध कराया जाता है ताकि इस लॉक डाउन के समय जब पूरा शहर बंद है गौ माता एवं स्वानो को कोई सामग्री नहीं मिल पा रही है, वह भूख के कारण परेशान ना हो इसके लिए सदस्यों द्वारा रोजाना वितरण किया जा रहा है। गौ सेवा समिति में मुख्य रूप से संतोष टूरहते, राहुल बलदेव मिश्रा, प्रवीण शर्मा, गगन साहू, गौरव मंत्री, अंशुल कसार, आशीष तिवारी, आशुतोष दीवान, सत्यम, गौरव, प्रशांत आदि इस सेवा मे निरंतर कार्य कर रहे है।

क्वारेनटाईन सेंटरों में शिक्षकों की भी ड्यूटी लगेगी

राजनांदगांव। कलेक्टर जय प्रकाश मौर्य ने क्वारेनटाईन सेंटरों में विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए शिक्षा विभाग के शिक्षकों, सहायक शिक्षकों, शिक्षाकर्मियों सहित अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के लिए अनुविभागीय अधिकारियों राजस्व को अधिकृत किया है। श्री मौर्य ने आज इस संबंध में आज आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि जिला एवं पुलिस प्रशासन सहित स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभाग द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। श्री मौर्य ने बताया कि अन्य प्रदेशों से नागरिक बड़ी संख्या में वापस आ रहे हैं। जिन्हें छात्रावास, स्कूल, सामुदायिक भवन, होटल आदि स्थानों पर बनाए गए क्वारेनटाईन सेंटरों में रखा जाएगा।

उत्तर प्रदेश के सात मजुदर फंसे गरियाबंद में, ठेकेदार ने मदद करने से किया इंकार

गरियाबंद। उत्तर प्रदेश के सात मजुदर बिते दो महिने से लाकडाउन में गरियाबंद में फसे हुए है। ये सभी मजुदर सरस्वती योजना के तहत स्कुलो में बांटी जाने वाले साइकल की फिटिंग के लिए कंपनी की ओर से आए हुए थें परंतु काम के दैरान ही लाकडाउन की घोषणा हो गई जिसके बाद ये यही फस गए। कंपनी के मालिक व सुपरवाइजर ने भी इन्हे मेहनाता देकर वापस भेजने की व्यवस्था करने से इंकार कर दिया। जिसके चलते ये मजदुर दो महिने से यही फसे हुए है। बिती शाम मजुदरो ने इसकी हमारे प्रतिनिधि के माध्यय से स्थानीय प्रशासन को दी। जिस पर अनुविभागीय अधिकारी निर्भय साहू ने तत्काल श्रम निरीक्षक पात्रे को मजदुरो से मिलने भेजा, जहां श्रम अधिकारी ने मजदुरो को वापस भेजने व्यवस्था करने का आश्वासन दिया है।

इस सबंध में यहां फसे लफाम, रियाज अहमद, नदीम अहमद, राहुल मोरिया, नवलु मोरिया, जिशान अली, शमशेर इत्यादि मजुदरो ने बताया कि लुधियाना की कोहिनूर साइकल कंपनी के सुपरवाइजर के माध्यम से साइकल की फिटिंग के लिए दो महिने पहले 11 मार्च को गरियाबंद आए थे। 21 मार्च तक उनका काम पूरा हो गया परंतु इसी दौरान लाकडाउन की घोषणा हो गई। जिसके बाद से वे यही गरियाबंद में स्थित प्राइमरी स्कुल में फसे हुए है। काम पूरा होने पर कंपनी ने उन्हे काम का मेहताना तो दे दिया परंतु दो महिने के अंतराल में वह राशन पानी में खर्च हो गया। अब कंपनी के मालिक व सुपरवाइजर से बात करने पर वे ना मदद कर रहे है और ना ही यहां से उत्तर प्रदेश जाने का प्रबंध कर रहे है, जिससे परेशान है। मजुदरो का कहना है कि मेहताना में मिले रूपए खर्च हो गए है, स्थानीय प्रशासन की मदद से उन्हे राशन तो मिल गया है परंतु वापस जाने अब नगदी राशि नही है। मजदुरो का कहना है कि वे वापस घर जाना चाहते है। स्थानीय प्रशासन मदद करे।

इस दौरान एसडीएम के निर्देश पर मौके पर पहुँचे श्रम विभाग के अधिकारी पात्रे ने बताया कि मजुदरो सुपरवाइजर और मालिक से बात करने का प्रयास कर रहे है।

150 से अधिक मजदूर फंसे

मजदुरों से मिली जानकारी के मुताबिक कोहिनूर साइकल कंपनी के काम में करीब 150 से अधिक लोग यहां आए है और फस गए है। इनमें से आठ लोग तो गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर ब्लाक के किरवई में है। इसके अलावा रायगढ़, कोरबा, रायपुर सहित अन्य जिलो में कई मजुदर फसे हुए है।

तैयारियां — राजनांदगांव आने वाले श्रमिकों की व्यवस्था के लिए शासन मुस्तैद

श्रमिक स्पेशल ट्रेन आने से पहले कलेक्टर-एसपी का निरीक्षण

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य एवं पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने रेलवे स्टेशन में श्रमिक स्पेशल ट्रेन के तहत राजनांदगांव आने वाले श्रमिकों की व्यवस्था के लिए निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री मौर्य ने अधिकारियों को कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिए रेलवे स्टेशन में सिढ़ीयों को निरंतर सेनेटाईज करने के निर्देश दिए। लाकडाउन के कारण छत्तीसगढ़ के श्रमिक, छात्रों, संकट में पड़े लोगों एवं चिकित्सा की जरूरत वाले व्यक्तियों की छत्तीसगढ़ वापसी के लिए छत्तीसगढ़ शासन की ओर से श्रमिक स्पेशल ट्रेन कन्फर्म किया गया है। कलेक्टर कहा कि यह क्षेत्र अति संक्रमित होने की वजह से प्रतिबंधित क्षेत्र रहेगा। उन्होंने प्लेटफार्म एवं प्रतीक्षालय का निरीक्षण किया। उन्होंने रेलवे स्टेशन में बस की व्यवस्था, होर्डिंग लगाने एवं पुलिस एवं शिक्षकों की ड्यूटी लगाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्टेशन में हेल्प डेस्क बनाया जाएगा, जहां आने वाले श्रमिकों को मदद रहेंगी। सूचना केन्द्र से सभी श्रमिकों को माइक से जानकारी दी जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि प्रतीक्षालय के समीप बस रहेंगी व जो श्रमिकों को रेलवे स्टेशन से रैन बसेरा तक पहुंचायेगी। रैन बसेरा में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने रैन बसेरा का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री मौर्य ने कहा कि रैन बसेरा में शिक्षकों की भी ड्यूटी लगाई जाएगी। सभी अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी के दौरान कोविड-19 से सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानी रखेगें। रैन बसेरा में श्रमिकों के लिए भोजन एवं आवास की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर एडीएम ओंकार यदु, एडीएम हरिकृष्ण शर्मा, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती तनुजा सलाम, नगर निगम आयुक्त चन्द्रकांत कौशिक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी, एसडीएम राजनांदगांव मुकेश रावटे, एसडीएम डोंगरगांव विरेन्द्र सिंह सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

विधायक बघेल ने लिया मनरेगा कार्य का जायजा

राजनांदगाँव। डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर सिंह बघेल क्षेत्र के महरूम में नया तालाब का भूमिपूजन किये व मजदूरों से मिलकर हाल चाल जाने उसके बाद पदुमतरा, तिलई, खैरझिटी में मनरेगा कार्य का जायजा लिए व मजदूरों से मुलाकात कर समस्या को जाने व गांव की समस्या से जान जल्द निराकरण का आश्वाशन दिये। कोरोना वायरस से बचाव का उपाय बताए व श्रमिको को मास्क वितरण किये। ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश द्विवेदी ने सभी मजदूरों से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने को कहा गया। जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण क्षेत्र के लिए वरदान साबित हो रहा है। सभी मजदूर से साफसफाई का विशेष ध्यान रखने कहा गया। साथ मे गांव के पंचायत प्रतिनिधि उपस्थिति रहे।

मनरेगा श्रमिकों ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा करने जनपद सभापति को सौंपी राशि

राजनांदगाँव। ब्लॉक के डोम्हाटोला में मनरेगा में कार्यरत मजदूरों द्वारा कोरोना वायरस से बचाव के लिए सभी मजदूरों द्वारा 5850 रुपये की सहायता राशि क्षेत्रीय जनपद सदस्य व सभापति ओमप्रकाश साहू को प्रदान किये, जिसे कलेक्टोरेट शाखा में जमा किया गया। मनरेगा स्थल में सरपंच खिलेश्वरी साहू, पूर्व सरपंच दधिबल वर्मा, उपसरपंच नीलकंठ गंधर्व, मेट हितेश साहू, सेवन वर्मा, रागिनी साहू, दीपक वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा सहित सभी मजदूर उपस्थित थे। जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू सभी मजदूरों को धन्यवाद ज्ञपित किया व आगे भी इस महामारी में सबको साथ मिलकर लड़ने का अनुरोध किया।

लखनऊ से 14 मई को आएंगे 1200 श्रमिक

■ **कलेक्टर और एस पी ने स्टेशन का लिया जायजा**

भाटापारा। उत्तर प्रदेश के लखनऊ से दो स्पेशल ट्रेनों में इस माह की 14 और 16 तारीख को आने वाली मजदूर स्पेशल ट्रेन की उसकी पूरी तैयारी को लेकर उस का जायजा लेने के लिए सोमवार को जिले के कलेक्टर कार्तिकेय गोयल और पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर सहित जिले के अधिकारी भाटापारा रेलवे स्टेशन पहुंचे और करीब 1 घंटे तक रूप का पूरी स्थितियों की जानकारी ली संबंधित अधिकारियों जिसमें स्वास्थ्य विभाग लोक निर्माण विभाग रेलवे सुरक्षा बल शहर पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिला कलेक्टर कार्तिकेय गोयल ने स्पष्ट रूप से कह दिया है कि जितने मजदूर आएंगे उनमें से एक भी मजदूर गिनती में कम नहीं होना चाहिए हर हाल में कोई भी मजदूर इधर उधर से बाहर जाने ना पाए

जो जाने का रास्ता तय किया गया है उसी रास्ते से स्क्रीनिंग होने के बाद ही मजदूर गाड़ियों में बैठ सकेंगे ,इसके लिए प्लेटफार्म पर 10 टेबल लगाये जायेंगे।पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने भी अपने सभी पुलिस विभाग के अधिकारियों को इस मामले में पूरी कड़ाई बरतने का निर्देश जारी किया है।

24 डिब्बों की होगी गाड़ी

जो मजदूर स्पेशल ट्रेन है वह लखनऊ से चलकर भाटापारा पहुंचेगी पहली ट्रेन 14 मई को और दूसरी ट्रेन 16 मई को पहुंचने की संभावना है इसको देखते हुए व्यापक तैयारियां की जा रही है वेरी गेटिंग आदि करने के निर्देश जारी किए गए हैं यह गाड़ी लखनऊ से चलकर भाटापारा आएगी।

एक ट्रेन में 12 सौ मजदूर आएंगे

ट्रेन में 12 मजदूर के आने की जानकारी प्रशासन द्वारा दी गई सीसीटीवी कैमरे लगाने का भी निर्देश जिला कलेक्टर कार्तिकेय गोयल ने दिया है इसके साथ ही इंजन साइड और गार्ड साइड दोनों साइड वेरी गेटिंग लगाकर बंद करने का भी निर्देश दिया गया है ताकि कोई भी मजदूर इधर-उधर से ना जा सके।

4 जिलों के मजदूर आएंगे

14 मई को आने वाली संभावित ट्रेन में 4 जिलों के मजदूर आएंगे यह जानकारी भी प्रशासन की ओर से प्रदान की गई इन मजदूरों को भेजने के लिए बसों की पूरी व्यवस्था की जा रही है जो जिस जिले के मजदूर होंगे वह उसी जिले में जाकर क्वॉरेंटाइन होंगे सभी मजदूरों की जांच भाटापारा स्टेशन पर की जाएगी जिन 4 जिलों के मजदूर ट्रेन में आने वाले हैं।

■ न्यूज गैलरी

विवाह के लिए अनुमति का अधिकार क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी पर

कवर्धा। कलेक्टर ने जिले में विवाह की अनुमति का अधिकार संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी को सौंपा गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनुमति जारी करने के पूर्व

यह सुनिश्चित करेंगे कि आयोजनों में सोशल डिस्टेसिंग का पूर्ण रूप से पालन हो, आयोजनों में उपस्थित होने वाले व्यक्तियों द्वारा अनिवार्यतः मास्क का उपयोग किया जायेगा, वैवाहिक कार्यक्रम में अधिकतम व्यक्तियों की सीमा 20 (वर एवं वधु दोनो को मिलाकर) से अधिक नहीं होगी, किसी प्रकार का अन्य सार्वजनिक आयोजन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा और ऐसे आयोजनों की स्वी.ति की सूचना संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी को अनिवार्य रूप से दिया जायेगा।

हाउसिंग बोर्ड कालोनी में वृक्षों की कर रहे देखभाल

कवर्धा। स्माइली फाउंडेशन के युवकों ने हाउसिंग बोर्ड जोराताल कवर्धा में गार्डन में लगे वृक्षो में नियमित पानी

और साफ सफाई के साथ हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में वृक्षारोपण और पर्यावरण जागरूकता एंव समाजिक गतिवीधियो में सहयोग करते हुए ग्रुप के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण जागरूकता अभियान में वृक्षो में रोज पानी दिया जाता है। जिसमे आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ गिरिस साहू,जिला बाल सरंक्षण अधिकारी सत्या राठौर,ग्रामीण .षि विस्तार अधिकारी रामसिंग रात्रे, ग्रामीण .षि विस्तार अधिकारी बसंत कुर्रे, राधेश्याम राय (शिक्षक) एवं अहसास विकास कुर्रे (स्माइली फाउंडेशन संरक्षक) के द्वारा नियमित पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान दिया जा रहा है।

जरूरतमंदो को किया गया राशन का वितरण

पाण्डातराई। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 'कोई परिवार भूखा न रहे' केबिनेट मंत्री मो.अकबर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी व नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव डहरिया के आदेशानुसार पार्षद निधि से सोमवार को वार्ड क्रमांक 07 के पार्षद सविता पाटसकर प्रतिनिधि अमन पाटसकर के द्वारा 100 परिवारों को अपने वार्ड के जरूरत मंद परिवार में राशन सामग्री का वितरण किया गया जिसमें वार्ड क्रमांक 07 के वासी राहत महसूस किए।

वनांचल में कोरोना का भय, किया जा रहा सेनेटाईज

चिल्फीघाटी। बोड़ला विकासखंड के ग्राम चिल्फी में कोरोना वायरस को देखते हुए पंचायत के सभी सरकारी, गैरसरकारी भवनों व सार्वजानिक स्थानों में सेनिटाइज का छिड़काव कर लोगो को इस कोरोना वायरस से बचने मास्क लगाकर व घरों में ही रहने की सलाह दी जा रही है। चिल्फी सरपंच पूर्णिमाबाई ने बताया की इस समय पूरा देश कोरोना वायरस से जूझ रहा है ऐसे में कबीरधाम जिले के बोड़ला ब्लाक के समनापुर, रेंगाखार में कोरोना के मरीज मिलने से अंचल में दहशत का माहौल है ऐसे में बोड़ला एसडीएम विनय सोनी के निर्देशाअनुसार पंचायत के सभी सरकारी, गैरसरकारी भवनों जिसमे पंचायत सोसाइटी, बालक आश्रम, कन्या आश्रम, एटीएम, बैंक, थाना, पोस्ट ऑफिस, स्कूल भवन के साथ सार्वजानिक स्थान बस स्टैंड,बाजार चबूतरा,ग्राहक सेवा केंद्र जैसे स्थानों में सेनिटाइज का छिड़काव किया गया। जिसमें सभी के द्वारा मास्क लगाकर व् सोशल डिस्टेसिंग पूरा ख्याल रखा गया व ग्रामीणों को इस कोरोना वायरस से बचने मास्क लगाकर ही बाहर निकलने वघरों पर ही रहने की सलाह दी जा रही है की इस महामारी बिमारी से बचा जा सकें।

राहगीर शीतल छाया और पीने के पानी को तरसे

मुंगेली। शहर में कहीं नहीं सुकून भर छांव, राहगीर परेशान व्याकुल गर्मी में काम के सिलसिले में शहर आने-जाने वाले राहगीरों को सुस्ताने नहीं मिलता ठिकाना जिला मुख्यालय में निर्माण कार्य और सौंदर्यीकरण के नाम पर सड़क किनारे लगे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई तो कर दी गई। लेकिन उसके स्थान पर सड़क किनारे पौधा नहीं लगाया गया। जिसका खामियाजा भीषण गर्मी में लोग भुगत रहे हैं। शहरवासी तो इस समस्या से जूझ ही रहे हैं आसपास गांव से शहर आते-जाते राहगीरों को भी परेशान होना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में धूप और पसीने से तर-बतर लोगों को पेड़ की छाया तक नसीब नहीं हो पा रही है। शहर के पड़ाव चैक से लेकर दाऊपारा चैक तक एक भी छायादार वृक्ष नहीं है। इसी प्रकार पड़ाव चैक से बस स्टैण्ड चैक तक एक भी छायादार वृक्ष नहीं है, जहां राहगीर दो मिनट आराम कर

अपना पसीना सूखा सकें। ऐसा ही हाल पड़ाव चैक से बाईपास रोड का भी है। यहां भी छायादार वृक्ष का अभाव है। ऐसा नहीं है कि इन मार्गों पर वृक्ष नहीं थे, छायादार वृक्ष तो बहुत थे लेकिन शहर सौंदर्यीकरण और सड़क चैड़ीकरण के लिए पेड़ों की कटाई कर दी गई। इसके बाद रोड के किनारे पौधारोपण की किसी ने सुध नहीं ली। जिससे सड़क में हरियाली नहीं रहीं और सड़कें बंजर नजर आ रही है। जहा लोगों को यात्रा करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

छाया-पानी का अभाव शहर के बस स्टैण्ड से पड़ाव चैक और पड़ाव चैक से दाऊपारा तीनों ही मार्ग ज्यादा व्यस्त हैं। इन मार्गों पर दिन भर लोगों का आना-जाना लगा रहता है। लेकिन न तो इन मार्गों पर छायादार वृक्ष है न ही प्याऊ घर। जिसके कारण राहगीर शीतल छाया और पीने के लिए पानी को तरस जाते हैं।

पौधरोपण की आवश्यकता -नगर के मुख्य मार्गों के किनारे वृक्षारोपण करने की आवश्यकता है ताकि सौंदर्यीकरण के साथ लोगों को छाया मिल सके। हर साल बारिश के समय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा पौधरोपण किए जाते हैं। लेकिन अधिकांश उद्यानों व बगीचों में ही लगाए जाते हैं। सड़क किनारे पौधे कम ही लगाए जाते हैं। पर जो पौधे लगते हैं वे भी सुरक्षा के अभाव में पनप नहीं पाते है।

सीमेंट के रेट में 10 से 15 रूपए तक का इजाफा

मुंगेली। शहर सहित जिले और प्रदेश में घर बनाने का सामना पूरा करना लोगों के लिए अब थोड़ा और महंगा हो गया है। पिछले कुछ दिनों में सीमेंट के रेट में 10 से 15 रूपए तक का इजाफा हुआ है। बताया जा रहा है कि कंपनियो द्वारा सिंडिकेट बना लेने और उत्पादन में गिरावट के चलते सीमेंट के रेट में एकाएक बढ़ोतरी हुई है। कुछ दिन पहले 235-340 रूपये प्रति बोरी बिकने वाला सीमेंट अब 2500 रूपये में बिक रहा है। सीमेंट के भाव एक बोरी पर 10 से 15 रूपए तक बढ़ गई है। जनवरी में करीब 234 रूपए में आ रही सीमेंट अभी 250 रूपए में मिल रही हैं इसका मतलब कि यदि कोई एक फ्लोर का घर बना रहा है और मार्च में आम जरूरत की 600 बोरियां खरीद रहे है तो आपको 30 दिन पहले की तुलना में करीब नौ हजार रूपए अतिरिक्त खर्च करने पड़ेगे। गौरतलब है कि मध्य जनवरी में सीमेंट के सभी ब्रांड औसतन 235 रूपए भाव में मिल रहे थे।

बाजार में मंदी का माहौल - सीमेंट विक्रेताओं का कहना है कि मार्केट में पहले से मंदी का माहौल है। कंस्ट्रक्शन डाउन चल रहा है। सीमेंट के बढ़े रेट ने कमर तोड़ दी है। ट्रांसपोर्ट महंगा होने से भी सीमेंट के रेट पर फर्क पड़ा है। छोटे दुकानदारों के मुताबिक बाहर से सीमेंट महंगा आ रहा है, जिसकी वजह से उन्हे भी मंहगा बेचना पड़ रहा है और इसका असर दुकानदारी पर भी पड़ रहा है। जायसवाल के ट्रेडर्स के संचालक के मुताबिक पिछले एक महिने में सीमेंट के दाम में 10 से 15 रूपए तक का इजाफा हुआ है।

लॉकडाउन का आर्थिक संकट दूर करने सहायक होगा हरा सोना

कोरबा । कोरबा और कटघोरा वनमंडल में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य शुरू हो गया है। कोरोना संक्रमण की संभावना को देखते हुए संग्रहण कार्य रोजगार गारंटी में पि?जिकल डिस्टेंस का पालन करने की हिदायत दी गई है। लॉकडाउन के कारण जारी आर्थिक संकट से

निजात पाने की ग्रामीणों में आस बंध गई है। संग्रहण दर पूर्व की तरह 400 रुपये प्रति सैकड़ा निर्धारित किया गया है। कटघोरा व कोरबा की 82 वन समितियों में संग्रहण के लिए 474 प?ड़ बनाए गए हैं। दोनों वनमंडल में एक लाख 20 हजार मानक बोरा यानी 67 करोड़ रुपये के तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया। ओला और बारिश के कारण इस बार जंगलों में पत्तों की उपज कम देखी जा रही है।

तेंदूपत्ता संग्रहण की तैयारी वन विभाग ने पूरी कर ली है। अधिकांश स्थानों में पत्ते परिपक्व हो चुके हैं। जिन जंगलों में पत्ते तोड़ने लायक हो गए हैं, वहां 10 मई से संग्रहण शुरू हो गया। इधर पिछले पखवाड़े से मौमस में उतार-चढ़ाव की स्थिति का असर पत्तों की परिपक्वता पर पड़ा है। कोरोना संक्रमण के कारण साख कर्तन का काम पिछले वर्ष की अपेक्षा प्रभावित हुआ है। साख कर्तन के बाद गर्मी की तीव्रता पत्तों के पल्लवित होने के लिए सहयोगी होता है। दावाग्नि पत्तों के परिपक्व होने में कारगर होते हैं। पिछले वर्ष की अपेक्षा पत्तों के संग्रहण लक्ष्य में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। कोरबा वनमंडल में बीते वर्ष 52 हजार मानक बोरा संग्रहण लक्ष्य दिया गया था, जो इस वर्ष भी यथावत है। इसी तरह कटघोरा के 44 समितियों से इस वर्ष 79 हजार मानक बोरा पत्ता संग्रहित करने का लक्ष्य रखा गया है। कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत पोड़ी-उपरोड़ा व पाली का विशाल वन क्षेत्र आता है। यहां की वन समितियों में पसान, पोंड़ी, तुमान आदि संग्रहण क्षेत्रों में 10 मई से शुरू हो चुका है। पत्तों के संग्रहण की एंट्री के लिए कार्ड हितग्राहियों दिया जा रहा हैं। तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए वर्तमान में मौसम अनुकूल माना जा रहा है। आगामी पखवाड़े भर तक मौसम साप? रहा तो संग्राहकों को बेहतर लाभ होगा।

मैनेजर समेत 14 क्वारंटाइन में

पाली और लाफा सहित कई क्षत्रों में संग्रहण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। दूसरे जिले से पहुंचे मैनेजर सहित 14 सहायकों को क्वारंटाइन सेंटर भेज दिया गया। ऐसे में फड़ में मैनेजर के उपस्थित नहीं होने के कारण संग्राहक संग्रहण से वंचित होना पड़ रहा। संग्रहण के लिए पत्ता तैयार हो चुका है। संग्राहकों की मानें तो फड़ों शुरू होने में समय लगा तो पत्ते उपयोगहीन हो जाएंगे। आर्थिक संकट से जूझ रहे संग्राहकों ने फड़ शुरू कराने की मांग की है।

हाथियों से बढ़ा खतरा

संग्रहण जारी रहने के दौरान हाथियों से खतरा बना रहेगा। वन विभाग ने हाथियों के विचरण क्षेत्र में निगरानी कड़ी कर दी है। इन दिनों हाथियों को दल कोरिया, पोड़ी-उपारोड़ा से जुड़े जंगल में है। वन विभाग ने तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान हाथियों से सावधान रहने की चेतावनी देते हुए छोटे बच्चे व बुजुर्गों को सुदूर जंगल में न जाने की हिदायत दी है। हाथी आगमन की सूचना मिलते ही संग्रहण तत्काल निरस्त किया जाएगा।

सीआरपीएफ ने जरूरतमंद ग्रामीणों को दिया राशन, बेसहारा बच्ची की पढ़ाई का उठाया जिम्मा

■ **कोरोना की जंग में हम साथ-साथ का मिलकर स्लोगन चलाया**

दंतेवाड़ा। कुआकोंडा में तैनात सीआरपीएफ 111 बी बटालियन के जवानों ने नकुलनार ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को विशेष मेडिकल सीविक एक्शन का शिविर लगाकर कोरोना महामारी से ग्रामीणों को लड़ने के लिए मास्क सेनेटाइजर, राशन, बच्चों को खेल के सामान निशुल्क में बांटे।

रविवार को नकुलनार पंचायत की सरपंच रंजना कश्यप व उपसरपंच दलीप चौहान पंचायत के ग्रामीणों के साथ सीआरपीएफ कैम्प में आयोजित कार्यक्रम में पहुँचे हुये थे। जहाँ पंचायत के 20 से अधिक चयनित ऐसे ग्रामीण जो एकल परिवार से है जिनके घर पर रोजी रोटी का संकट मंडरा रहा है। उन्हें निशुल्क में जवानों ने चावल,बिस्किट, राशन उपलब्ध कराया । इसके साथ ही जवानों ने इस संकटकाल की घड़ी में ग्रामीणों को हर संभव मदद देने की बात के साथ हम साथ -साथ का स्लोगन भी दिया। नकुलनार से पहुँचे हुए ग्रामीणों में कम्प्यूटर करने वाली एक छात्रा को बैग दिया गया। छात्रा के माता-पिता नही है। यह बात सुनकर सीआरपीएफके अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने बच्ची की पढ़ाई में यथासंभव मदद भविष्य में प्रति माह 01-05 तारीख में जो भी सहयोग लगेगा प्रदान करने की बात कही।

नकुलनार ग्राम में तैनात सीआरपीएफ जवानों द्वारा बैंक, किराना दुकानों में सेनेटाइज भी एक दिन पहले किया था। साथ ही आसपास के कुआकोंडा, नकुलनार और हितावर पंचायत को निःशुल्क में स्प्रे मशीन सेनेटाइजर करने के लिए दी गयी है।

नायब तहसीलदारों, कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को जिले के विभिन्न मुख्यालय स्थल में ड्यूटी लगाई

कवर्धा। कलेक्टर ने कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण को दृष्टिगत रखते हुए नायब तहसीलदारों, कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को जिले के विभिन्न मुख्यालय स्थल में ड्यूटी लगाई गई है। नरोधी में नायब तहसीलदार संदीप राजपूत, लोहारा में नायब तहसीलदार के.आर. वासनिक, कुकदूर में नायब तहसीलदार विनोद कुमार बंजारे, रेंगाखार जंगल में नायब तहसीलदार राधेश्याम वर्मा और चिल्फी में नायब तहसीलदार अमन चतुर्वेदी का ड्यूटी लगाई गई है। नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अन्य राज्यों, जिलों में प्रवासरत व्यक्तियों के निरंतर आगमन को .ष्टिगत रखते हुए ड्यूटी स्थल में 24 घंटे उपस्थित रहते हुए कार्य संपादन करेंगे।

दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे के मध्य भारवाही पशुओं पर सामग्री अथवा सवारी हेतु उपयोग करने पर आगामी 30 मई तक प्रतिबंधित

कवर्धा। कलेक्टर ने जिले में भीषण गर्मी को देखते हुए दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे के मध्य भारवाही पशुओं पर सामग्री अथवा सवारी हेतु उपयोग करने पर आगामी 30 मई तक प्रतिबंधित किया है। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच 37 डिग्री सेल्यिस से अधिक तापमान निरंतर बना रहता है। इस दौरान भारवाही पशुओं पर सामग्री रखकर या सवारी हेतु उपयोग करने से अथवा तांगा, बैलगाड़ी, भैसागाड़ी पर वजन ढोने के उपयोग करने से पशु अधिक तापमान से बीमार हो सकते है। अथवा लू के कारण उनकी मृत्यु भी हो सकती है।

नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ न्यायालाल में किया पेश

सक्ती। 08 मई 20 को प्रार्थी द्वारा डभरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है कि मेरी नाबालिक लडकी को ग्राम कटोद का सुरेन्द्र बरेठ बहला फुसलाकर अपहरण कर कहीं ले गया है। जिस पर रिपोर्ट दर्ज कर थाना डभरा में अपराध क्रमांक 205/20 धारा 363 भा. द. वि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। यहां बता दें कि विवेचना हेतु पुलिस अधीक्षक जांजगीर श्रीमती पारुल माथुर (भा.पु. से.) एवं अतरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह, संतोष कुमार महतो एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चंद्रपुर डभरा बी. एस. खुंटिया के द्वारा नाबालिक लड़की को अविलंब बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देश दिया गया था जिसके तारतम्य में दिनांक 10 मई 20 को अवयस्क लड़की उम्र 17 वर्ष को आरोपी के कब्जे से बरामद कर प्रकरण में धारा

366,376 भा द वि 04 पॉक्सो एक्ट जोड़कर आरोपी के द्वारा घटना में उपयोग मोटर सायकल होंडा साइन क्रमांक सी जी 11-ए सी 3317 को जप्त कर आरोपी सुरेन्द्र बरेठ पिता शंकर लाल उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम कटोद थाना डभरा जिला जांजगीर चांपा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में माननीय विशेष न्यायालय सक्ती भेजा गया उक्त कार्यवाही में निरीक्षक जितेन्द्र बंजारे थाना प्रभारी डभरा, सहायक उप निरी. आर. डी. मिश्रा आर. लक्ष्मीकांत लहरे,आर. आकाश कलोसिया, महिला आर. सबीना बानो का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कोरोना हेतु सर्विलेन्स टीम के जिला स्तरीय फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण

बेमेतरा/साजा। जिला बेमेतरा के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कांटेक्ट ट्रेसिंग और सामुदायिक निगरानी के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण छ.ग. के निर्देशानुसार कलेक्टोरेट के दिशा सभा कक्ष में आज सोमवार को जिला स्तरीय फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया ये फील्ड ट्रेनर्स जिले में एक्टिव सर्विलेन्स टीम हेतु सभी नगरीय निकायो के प्रत्येक वार्ड के लिए 3-3 एवं प्रत्येक तहसील के लिए 10-10 टीम को प्रशिक्षित करेगें।

एक्टिव सर्विलेन्स टीम हेतु नगरीय निकायो के प्रत्येक वार्ड के टीम में एक शिक्षक, एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और वहां के नगरीय निकाय के एक कर्मचारी होगें इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र के टीम में एक शिक्षक, वहॉ के एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और पंचायत सचिव/कोटवार होगें। करोना पॉजीटिव के प्रकरण की संभावना हेतु ये टीम नागरिको से सर्दी खासी, बुखार और सॉस लेने में अवरोध के

प्रकरण को पहचान कर निर्धारित प्रारूप में नजरी नक्शें के साथ सक्षम अधिकारी को त्वरित प्रेषित करेगी जिस पर स्वास्थ्य टीम द्वारा जाकर परीक्षण सम्पन्न करेगा और करोना पॉजीटिव पाये जाने पर आवश्यक उपचार सुनिश्चित की जावेगी।

जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी फील्ड ट्रेनर्स द्वारा मास्क और शोसल डिस्टेन्स का पालन के साथ जिस प्रकार प्रशिक्षण लिये हैं उसी प्रकार उन्हे निकायो एवं तहसील के टीम को प्रशिक्षण देना हैं। स्वास्थ्य विभाग से डॉ.एस.के.शर्मा जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ.ज्योति जैसाठी जिला सर्विलेन्स अधिकारी एवं मनोज कुमार साहू जिला सलाहकार ने बताया कि सर्वेक्षण के समय सर्वे टीम को स्वयं और परिवार जनों से मास्क लगाकर दो गज की दूरी से जानकारी एकत्र की जानी हैं।

जिस स्थान पर करोना के पॉजीटिव केस पाये जायेगें उस स्थान से एक कि.मी. की परिधि क्षेत्र को कलेक्टर द्वारा कोरेनटाइन क्षेत्र घोषित कर सीलबंद कर दिया जावेगा। इस क्षेत्र के प्रत्येक घरों के सभी सदस्यों मे करोना की जॉच संबंधी ली जावेगी। पॉजीटिव केस स्थल से 3 किलोमीटर का क्षेत्र नगरीय क्षेत्र में व 7 किलोमीटर का क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र में बफर क्षेत्र घोषित किया जावेगा।

शहर महिला कमेटी के द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष में 21 हजार रूपये का दान

कांकेर। कोरोना वायरस की रोकथाम एवं बचाव के लिए शहर महिला कमेटी कांकेर के द्वारा 21 हजार रूपये का नकद राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा करने के लिए कलेक्टर के.एल.चौहान को सौंपा गया। इस अवसर पर सुभद्रा सलाम, आरती रवि श्रीवास्तव, सरोज ठाकुर, आरती यादव, गोमती सलाम, हेमलता जैन, लक्ष्मी सहारे, सुमती नेताम, गीता ध्रुव, ज्योति साहू, कमला गुप्ता, सियो पोटाई, रोशन आरा, मनोज जैन, जितेन्द्र ठाकुर, यासीन करानी, सोमेश सोनी, उदय प्रकाश शर्मा, अजय सिंह रेणु तथा पुरूषोत्तम ठाकुर उपस्थित थे।

प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु परीक्षा 24 मई को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त

कांकेर। प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर में कक्षा 9वीं में बालक एवं बालिका के 50-50 सीटों पर प्रवेश के लिए परीक्षा 24 मई दिन रविवार को प्रातः 10.30 बजे से 05 परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न किया जाएगा। परीक्षा के सफल संचालन हेतु कलेक्टर श्री के.एल. चौहान द्वारा संस्थावार केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किये गये हैं। पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर हेतु आर.पी.एस. ठाकुर, शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर हेतु हरीश साहू, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर हेतु सविता पोया, सेंटमाईकल स्कूल गोविंदपुर के प्राचार्य और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगारभाट कांकेर के लिए गीता राठौर को केन्द्राध्यक्ष बनाया गया है। कलेक्टर श्री चौहान ने सभी केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा है कि नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व सावधानी को ध्यान में रखते हुए प्रवेश परीक्षा के पूर्व परीक्षा केन्द्र को सेनेटाईज कराया जावे तथा हाथों की स्वच्छता हेतु परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा कक्ष के बाहर अल्कोहल आधारित सेनेटाईजर अनिवार्य रूप से रखा जावे, साथ ही प्रवेश चयन परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए बैठक व्यवस्था में सामाजिक व शारीरिक दूरी रखने हेतु शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों को अनिवार्यतः पालन किया जाये।

सांप काटने के प्रकरण में आर्थिक सहायता स्वीकृत

कांकेर। राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के तहत् संशोधित प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर श्री के.एल. चौहान ने पखांजूर तहसील के पी.व्ही. 61 बलरामपुर के 18 वर्षीय कु. ज्योति दे की सर्प काटने से मृत्यु के प्रकरण में उनके निकटतम परिजनों श्रीमती विशाखा दे और विजय दे के लिए चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किए हैं। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तहसीलदार पखांजूर के माध्यम से किया जाएगा।

शिवरतन ने किया नई सड़क का भूमि पूजन

भाटापारा। विधायक शिवरतन शर्मा ने ग्राम गणेशपुर में प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत 07.42 किलोमीटर की 03 करोड़ 71 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का भूमिपूजन किया,जो विश्रामपुर,

गणेशपुर से होते हुए देवरीडीह मार्ग को जोड़ती है,इससे पूर्व के वर्ष में भी विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा बहुत से विकास के कार्य ग्राम में किये गए है,इस सड़क के बनने से गांव वालों में काफी खुसी है एवं सभी विधायक के प्रति आभारी है,उक्त अवसर पर मुख्यरूप से पूर्व जनपद अध्यक्ष आनंद यादव,केजू राम बघेल मण्डल अध्यक्ष,सिमगा मंडल महामंत्री चन्द्रमणि तिवारी,सरपंच अमित दास,पूर्व सरपंच श्रीमती एंजला दास,प्रमेन्द्र सिंह,सरपंच श्रीमती अर्चना वाणी,जॉन सिंग,नवीन मशीह,प्रेम कुमार,आकाश मशीह,रोशन लाल,अनिल मशीह,संदीप मशीह,एवं सभी पंचगण, ग्रामवासी,अधिकारी, कर्मचारी,रोड के ठेकेदार,सभी उपस्थित थे।

विधायक के द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र लिखना हास्यास्पद: सुशील

भाटापारा। छत्तीसगढ़ के छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर अनर्गल टिप्पणी भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा के दुवारा करने पर अपनी तीखी प्रतिकिर्या व्यक्त करते वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुशील शर्मा ने कहा कि सूपा बोले तो बोले अब छलनी भी बोल रही है 15 साल तक लगातार छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता को शराब के नशे में डुबाकर, गली-गली और शहर -शहर में शराब की नदिया बहाकर दारुवाला बाबा के नाम से अपनी पहचान बनाने वाले लोग जिन्होंने गरीबों का हर पल शोषण किया हो ऐसे लोगो के दुवारा बेदाग,ऊर्जावान,ईमानदार,मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ऊपर वादा खिलाफी का आरोप लगाने से लगता है कि विधायक शिवरतन शर्मा अब अपना मानसिक संतुलन खोते जा रहे है,और रामायण के कुम्भकर्ण की तरह निद्रा में लीन होते जा रहे है,निंद्रा के टूटने पर इन्हें भूपेश बघेल ही दिखाई देता है उनके विकासशील प्रदेश और खुशहाल जनता जनार्दन दिखाई नही देती इस कारण अनर्गल आरोप लगाने से बाज़ नही आते।

सुशील शर्मा ने आगे कहा कि शराब एक सामाजिक बुराई है, इससे जन मानस को दूर रहना चाहिये किन्तु 15 साल की लगी आदत एकाएक तभी छूट सकती है,जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शराब बंदी की घोषणा करें,जिस प्रकार नरेंद्र मोदी ने पूरे देश मे एकाएक नोट बंदी की और लॉक डाउन की घोषणा की है।हमारी सरकार अपनी घोषणा पत्र को पूरा करने कटिबद्ध है और घोषणाओं को एक के बाद एक पूरा करने में लगी हुई है,हमे क्या करना चाहिये ये हमारे मुखिया को अच्छी तरह मालूम है,विधायक जी आप धैर्य रखें पूरे प्रदेश में आपको नया छत्तीसगढ़ी समाज और नवा छत्तीसगढ़ देखने को मिलेगा।

मदर्स डे में पैराडाइज के नन्हे बच्चों ने घरों पर ऑनलाइन प्रोजेक्ट किया तैयार

■ **कोई माँ के साथ ली सेल्फी तो कोई माँ के साथ किचन में दिया साथ, किसी ने माँ की तस्वीर उतारकर मनाया मदर्स डे**

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। शिक्षा का उद्देश्य बच्चों के अर्न्तनिहित मानवीय एवं दैवीय गुणों को उजागर करना है। लॉकडाउन के चलते सम्पूर्ण शिक्षण संस्थाऐं बंद है। और बच्चे घर पर ऑनलाइन कक्षाओं में भाग ले रहें है और आधुनिक पद्धति द्वारा शिक्षण प्राप्त करने में उन्हें पढ़ाई के प्रति निराशा एवं अरूचि न हो इसके लिये पैराडाइज हायर सेकेण्री स्कूल ने ऑनलाइन अध्ययन अध्यापन को रोचक बनाने के लिये सभी विषय के लिये बच्चों को क्रियाकलाप के माध्यम से अध्ययन एवं होमवर्क तथा प्रोजेक्ट बनाने के लिये ऑनलाइन मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से अध्ययन अध्यापन करा कर कठिन से कठिन विषयों को भी रूचिकर बना रहें है। सभी बच्चे लैग्वेज, मैथ्स, साइंस एवं अन्य विषय को क्रियाकलापों के

माध्यम से ऑनलाइन अध्ययन कर रहें है।

पैराडाइज स्कूल द्वारा चल रहें ऑनलाइन क्लास में सभी बच्चें प्रत्येक सप्ताह में दो दिन आर्ट एवं क्राफ्ट, स्पोकन इंग्लिश, नेचर केयरिंग, योग ध्यान आदि गतिविधियों द्वारा बच्चें अपने अन्दर निहित कला, कौशल एवं हृदय की संवेदनाओं को उभारकर मानव जीवन के विशिष्ट उद्देश्य को प्राप्त कर सकें।

पैराडाइज स्कूल के बच्चों द्वारा मदर्स डे में विभिन्न प्रकार के आर्ट एवं क्राफ्ट द्वारा अपनी माता को संवेदना प्रकट करते फोटो, माता के कार्यो में मद्द करते हुए, माता को उपहार प्रदान करते हुए बच्चें अपने माता को प्रेम व आदर प्रकट किया है। प्रेरणा भास्कर, भावेश यादव, भूमिका, हिमान्शु सिन्हा, सुरभि सोनी, अन्तरा झा, मानसी, आलिया बानो, छाया गावड़े, प्रियांशु बागची द्वारा, ग्रिटिंग कार्ड एवं आर्ट एवं क्राफ्ट द्वारा अपनी माताओं को संवेदना प्रदान किया। योगिता चंद्रवन्शी, अनोखी पवार, गोसिया कुरैशी, कशिश वाधवानी, मधुसुदन, ईशा साहू, दक्ष रजक, अमित्रजीत बघेल, अंश गुप्ता द्वारा अपनी माताओं के कार्य में मदद कर मदर्स डे मनाया गया। कारिश्मा नागवानी, भावना, निधि पालेश्वर, राशि वर्मा, रेश्मा एवं सुलेमान द्वारा अपनी माता के प्रेम को व्यक्त कर फोटो एवं विडियों अपने शिक्षकों को भेजा गया।

पैराडाइज स्कूल द्वारा ऑनलाइन शिक्षण प्राचार्य रश्मि रजक एवं सभी शिक्षकों के ऑनलाइन द्वारा सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है जिससे बच्चें घर पर पढ़ाई कर लॉकडाउन के समय का सद्उपयोग कर रहें है।

कृषि मण्डी में हो रहा सोशल डिस्टेटिंग का पालन

■ **मण्डी में सेनेटॉयज गेट से जाते है कृषक और व्यापारी**

भाटापारा। कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा प्रदेश की एक बडी मंडी है ,यहां पर सभी जिन्सो की आवक नियमित रूप से होता है 08 मई को कृषि उपजो के वाहन को नियमानुसार मंडी में प्रवेश दिया गया शेष वाहन को ग्राम देवरी में व्यवस्थित रूप से खडी कराया गया ,जहां अभिकर्ता संघ के व्दारा चाय नाश्ता की व्यवस्था किसानो के लिये किया गया जिससे उन्हे किसी प्रकार की परेशानी नही हुई । उसी दिन सभी वाहनों को मंडी प्रांगण में प्रवेश कराकर, सोशल डिस्टेसिंग का पालन कराते ,हुये मंडी प्रशासन के व्दारा 09 मई को विपणन कार्य

हेतु निर्धारित स्थल पर लगाया गया व समस्त आवको को उसी दिन नीलाम व्दारा विक्रय कराकर ,तौल कार्य संपादित कराया गया । उक्त दिवस को आवक 15 हजार बोंरे थी मंडी में नियमित रूप से सोशल डिस्टेसिंग का पालन कराया जा रहा है । ज्ञात हो कि बीते सप्ताह लगातार प्रतिदिन 13 से 14 हजार बोरो की आवक लगातार बनी हुई थी व धान से भरे गाडीयों की आवाजाही हो रही थी , जिसे मंडी प्रशासन के व्दारा उपरोक्त धान से भरी वाहनो को नियत स्थान पर उतारने की पूर्ण व्यवस्था करते हुये ,कृषको व वाहन चालको को ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से बार बार कोरोना वायरस के संबंध मे जानकारी देते हुये एक दूसरे से दूरी बनाकर रहने की जानकारी देते रहे ।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

डेढ़ माह बाद लौट...

इसके अलावा पूर्व में जिन दुकानों को खुलने की छूट दी गई है, उनके खुलने और बंद होने का समय भी निर्धारित किया गया है। स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाएं जैसे अस्पताल, क्लीनिक, पैथालॉजी लैब, मेडिकल स्टोर्स आदि को इस कड़ाई से पूरी तरह से छूट दिया गया है। शहर के बाजारों में स्थित व्यापारिक संस्थानों के शटर खुल जाने, अधिकतर निजी कार्यालयों के खुल जाने से शहर में फिर से पुरानी रौनक लौट आई है। लेकिन जिला प्रशासन ने इस छूट के साथ ही बंदिशें भी लागू की हैं, सभी तरह की संस्थानें जिन्हें खुलने की अनुमति मिली है वे अपने तय समय पर खुलेगी और बंद होगी।

पीएम बोले गांवों को हर...

तक राज्य में रेल सेवा बहाल नहीं करने का आग्रह किया। सीएम के. पलानीसामी ने प्रधानमंत्री से कहा कि वह तमिलनाडु में 31 मई तक ट्रेन सर्विस की अनुमति नहीं दें। उन्होंने इसके लिए चेन्नै में कोविड-19 मरीजों की बढ़ती संख्या का हवाला दिया और कहा कि 31 मई तक रेग्युलर एयर सर्विस पर भी पाबंदी लगी रहे।

मुख्यमंत्री ने ऐसी रखी...

रखे जाने तथा उधार की सीमा जीएसडीपी के 6 प्रतिशत तक शिथिल करने का आग्रह किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य को 30 हजार करोड़ रुपए की सहायता दिए जाने का भी आग्रह किया।

पीएम के समक्ष सीएम...

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य कर्मियों की तरह पुलिस, नगर निगम, जिला प्रशासन एवं अन्य विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों को भी पीएम गरीब कल्याण पैकेज में शामिल करने का आग्रह किया। कोरोना संक्रमण की टेस्टिंग के लिए आईसीएमआर की गाइडलाइन के अतिरिक्त और भी टेस्टिंग की गाइडलाइन जारी करने का अनुरोध उन्होंने किया। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य के कोल ब्लॉकों से कोयला मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जमा कराई गई 4 हजार 140 करोड़ रुपए की अतिरिक्त लेवी की राशि माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार राज्य सरकार को अंतरित करने का आग्रह किया।

कुछ मुख्यमंत्रियों ने दिया...

बनर्जी ने लॉकडाउन की अवधि फिर से बढ़ाने की मांग कर डाली। उधर, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी पूरे देश में लोगों की आवाजाही पर पाबंदी की मांग की। उन्होंने जोन आधारित पाबंदियां हटाने पर भी आपत्ति जताई और कहा कि रेड जोन ही नहीं, ग्रीन जोन में भी लोगों की आवाजाही बंद होनी चाहिए। गहलोत ने कहा कि रेड जोन से ग्रीन जोन तक, किसी भी इलाके में आवाजाही की अनुमति नहीं होनी चाहिए। पंजाब के सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने भी लॉकडाउन फिर से बढ़ाने की वकालत करते हुए इसके लिए सही रणनीति बनाने का सुझाव दिया।

गर्वनर, स्पीकर पहुंचे...

सुभाष धुप्पड़, घनश्याम राजू तिवारी मौजूद थे। इनके अलावा जकांछ (जे) के विधायक धरमजीत सिंह ने अस्पताल पहुंचकर जोगी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। सोमवार को पूर्व सीएम अजीत जोगी का हाल- चाल जानने के लिए श्री नारायणा अस्पताल में विभिन्न दलों के नेताओं व उनके प्रशंसकों का तांता लगा रहा। शुरू की है दिमाग को जगाने की प्रक्रियाः डॉ. खेमका- वहीं श्रीनारायणा अस्पताल के डॉयरेक्टर डॉ. सुनील खेमका ने नवप्रदेश को बताया कि राज्य के पूर्व सीएम अजीत जोगी की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। 48 घंटे का आराम दिए जाने के बाद अब उनके दिमाग को जगाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। अब देखना होगा ट्रीटमेंट को उनका दिमाग रिस्पांस दे पाता है या नहीं।

सीएम की दूरदृष्टि से...

लगाई। 19 मार्च को 144 का ऐलान कर दिया और 21 मार्च को लॉकडाउन हुआ। जनता की जागरुकता का एक किस्सा यह भी है कि पति बाहर से चुपचाप घर पहुंच गया और पत्नी ने बाकायदा उसे भोजन करवाने के बाद पति के आने की खबर दी। खैर, सूचना के बाद रैपिड टेस्ट व फिर एम्स भेजा गया। हालाकि हमने संक्रमण अगर फैलता है तो उसके लिए विधानसभा क्षेत्र में 4 स्थानों पर करीब 1000 बैड की व्यवस्था वाला सेंटर स्थापित किए हैं। विधायक देवेंद्र यादव ने कोरोना से हुए आर्थिक लॉकडाउन पर कहा कठिन समय है ग्रोथ रेट किसानों ने मजबूत रखा है। रबी की फसल और आरबीआई ने भी हमारे मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तारीफ की है। विजन, आयडिया, प्लान है। इमरजेंसी गाइड लाइन के मुताबिक ग्रामीण अर्थव्यवस्था स्वरोजगार पर सीएम भूपेश बघेल के मजबूती से काम करने का ही नतीजा है कि छत्तीसगढ़ अन्य राज्यों की तुलना में मजबूत है। लघु उद्योगों को नुकसान भरपाई का मौका : रोजगार के संबंध में उन्होंने कहा उनके विधानसभा में मनरेगा की दरकार तो नहीं है लेकिन जिले में संचालित 162 लघु उद्योगों को नुकसान की भरपाई करने का मौका दिया गया है। पहले लॉकडाउन के खत्म होते ही 75 फीसदी शुरु कर दिये गए हैं। मेयर के नाते हमारे नगर निगम व स्वयं सेवी संस्थाओं ने मिलकर 1 लाख 10 हजार से ज्यादा को भोजन, सूखा राशन, सब्जी उपलब्ध करवा रहे हैं। संक्रमण काल और कोरोना कब तक खत्म होगा या रहेगा हमारे साथ यह कह पाना फिलहाल मुश्किल है। हमारे विधानसभा में लोगों में जागरुकता आई है और इसके साथ जीने की आदज डाल रहे हैं। विकास कार्य तो शुरू हैं। पुराने रुके जरुरी कार्यों से लेकर नई योजना पर भी काम शुरु है। रही बात हमारे यहां के कोई मजदूर बाहर नहीं बल्कि बाहरी राज्यों के मजदूर बड़ी संख्या में यहां है।

सीएम के सुनियोजित कार्यों...

इसमें 776 की रिपोर्ट भी मिल चुकी है। जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, वॉलेंटियर्स और मेरे व्दारा संक्रमण के खिलाफ केंद्र व राज्यों की गाइड लाइन के तहत कार्य भी किये गए हैं। 106 बिस्तर का कोविड ट्रीटमेंट अस्पताल तैयार है, कुल 850 बिस्तर वाला आईसोलेशन सेंटर भी स्थापित है। पर्याप्त प्रशिक्षित स्टाफ, आईसीयू की भी व्यवस्था है। चिकित्सक, नर्सेस स्टाफ की पूरी टीम तैनात है। कोरोना से आर्थिक लॉकडाउन की स्थिति बन रही थी लेकिन सीएम बघेल के निर्देशन पर मनरेगा कार्यों के तहत रोजगार के सुअवसर मिले। बालोद जिले के 5 विकासखंड, 3 विधानसभा क्षेत्र के 435 ग्राम पंचायत के 689 गांवों में मनरेगा व अन्य शासकीय कार्यों के तहत रोजगार अवसर मिले हैं। अभी 126000 अकुशल श्रमिकों को रोजाना काम मिल रहा है। विधानसभा बालोद में कार्यरत 35600 मजदूर, डौंडीलोहारा में कार्यरत 40920, गुंडरदेही में 49480 मजदूरों को प्रेरित किया जा रहा है। मेरे जिले बालोद में मनरेगा अंतर्गत 186000 लोगों को रोजगार दिया गया है।

जो कहा वह कर दिखाया...

करने फिर उनके लिए रोजगार व भोजन की व्यवस्था के लिए भी हमें सीएम ने आश्वस्त किया है। बालोद के 5300, बाहर फंसे हैं इनमें से 1300 लौट आए हैं। जॉब कार्ड मनरेगा के तहत सभी आने वाले मजदूरों को काम मिलेगा। मेरे विधानसभा क्षेत्र और जिले के लिए संक्रमणकाल में भी जो मांगा और जितने की जरुरत थी वह सभी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने वक्त रहते दिया है। इसलिए कह सकता हूं कि उनके नेतृत्व में हमारा छत्तीसगढ़ और इसके हर गांव, क्षेत्र व जिले के लोग खुशहाल हैं। देश में अन्य राज्यों की तुलना में संक्रमणकाल में विपरीत परिस्थितियों को देखते हुए कहा जा सकता है कि सबले बढ़िया छत्तीसगढ़िया।

मनमोहन की हालत स्थिर...

के इस्तेमाल से रिएक्शन होने के कारण डॉक्टरों की निगरानी में रखने और ज़रूरी जांच के लिए उन्हें भर्ती कराया गया था। बुखार के अन्य कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है और उनकी जरूरी देखभाल की जा रही है। पूर्व प्रधान मंत्री को रविवार देर रात एम्स में कार्डियो थोरासिक वॉर्ड में भर्ती कराया गया था। सत्तासी वर्षीय डॉ सिंह की 2009 में बाईपास सर्जरी हुई थी। कांग्रेस नेता डॉ सिंह राज्यसभा के सदस्य है।

बीजापुर में नक्सली मुठभेड़ ...

यादव निवासी (झारखंड) शहीद हो गए। एसपी ने बताया कि हमें सूचना मिली थी कि इस इलाके में नक्सलियों का मूवमेंट है। इसके बाद फोर्स इस बीहड़ जंगल में सर्चिंग के लिए निकले थे। यह इलाका बहुत ही दुर्गम माना जाता है।

मेडिकल कॉलेज डीन...

मेडिकल डायरेक्टरेट में कर दिया था। और, उनकी जगह पर डा. विष्णु दत्त को रायपुर मेडिकल कॉलेज का डीन अपाइंट कर दिया गया। लेकिन, 24 घंटे के भीतर आदेश संशोधन करते हुए उनके अवकाश पर रहते तक विष्णु दत्त को डीन बनाने का आर्डर जारी हुआ। यानी डीन से हटाए जाने का आदेश निरस्त हो गया था।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर
टाटीबंध, जी.ई. रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492099
एम्स/आर/सीएस/न्यूरो/277/19/ओटी दिनांक 05.05.2020
ई-निविदा सूचना
एम्स, रायपुर प्रतिष्ठित निविदादाताओं से न्यूरोसर्जरी विभाग, एम्स रायपुर में सर्जिकल माइक्रोस्कोप की आपूर्ति हेतु ई- निविदा आमंत्रित करता है। विस्तृत शर्तों और प्रक्रिया के लिए एम्स, रायपुर की वेबसाइट www.aiimsraipur.edu.in और सीपीपीपी की वेबसाइट https://eprocure.gov.in/eprocure/app (आईडी 2020_आईएमएसआरपी_557808_1) पर विस्तृत निविदा दस्तावेज उपलब्ध है। निविदा की ईएमडी 12,00,000/- रूपये है। निविदा प्रस्तुति की अंतिम तिथि 03.06.2020 को सायं 6.00 बजे तक है।
उप-निदेशक (प्रशासन)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम बार)
निविदा विज्ञप्ति क्र. 1767/2/नि.वि./लोनिवि/2020-2021 दिनांक 08/05/2020
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई. क्र. निविदा क्र.	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
01	02	03
2 T0008	उपसंभाग क्रमांक 1 राजनांदगांव के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू. एम.एम./बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य	20.00
2 T0009	उपसंभाग क्रमांक 2 राजनांदगांव के अंतर्गत उपखण्ड छुरिया सेक्शन के मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम./बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य	20.00
2 T0010	उपसंभाग क्रमांक 2 राजनांदगांव के अंतर्गत खुज्जी सेक्शन के मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम./बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य	20.00
2 T0011	उपसंभाग क्रमांक 2 राजनांदगांव के अंतर्गत सेक्शन डोगरगांव एवं सेक्शन तुमड़ीबोड़ सेक्शन के मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम./बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य	20.00
2 T0012	उपसंभाग चौकी के अंतर्गत सेक्शन चौकी-1 एवं सेक्शन चौकी-2 सेक्शन के मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम./बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य	20.00
2 T0013	उपसंभाग चौकी के अंतर्गत मोहला सेक्शन के मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम./बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य	20.00
2 T0014	उपसंभाग चौकी के अंतर्गत मानपुर सेक्शन के मार्गों में मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम./बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य	20.00
2 T0015	उपसंभाग चौकी के अंतर्गत के विभिन्न मार्गों एवं पुल पुलियों का विशेष/साधारण मरम्मत कार्य।	20.00

नोट :- 1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20/05/2020
2. उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur से भी अवलोकन किया जा सकता है।
टीप :- ऑन लाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा, इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदाय किया जावेगा।
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग
राजनांदगांव (छ.ग.)
जी-80585/4

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com
आम सूचना
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कालोनी कबीर नगर रायपुर में निर्मित एलआईजी I भवन योजना के अंतर्गत भूखण्डों/ भवनों में/ क्रमांक एलआईजी I/ 311 में श्रीमती नवदीप कौर पति श्री बलजीत सिंग को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 9/2/16 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 20/03/2020 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्री/श्रीमती 1. मोहम्मद साबिक अली 2. जुबेदा बेगम पिता/पति श्री 1. स्व. गुलाम मोहम्मद 2. मोहम्मद साबिर अली के नाम से निष्पादित को विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।
अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com
आम-सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी सेजबहार, जिला-रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत एलआईजी भवन क्र.-397, श्रीमती दीपा राठौर पति श्री विजय राठौर, निवासी- लक्ष्मीनगर, पचपेढ़ी नाका, रायपुर तह. व जिला- रायपुर (छ.ग.) के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का लीजडीड विलेख दिनांक 21.08.2009 को निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी द्वारा उक्त भवन को कु. दिव्या साहू, पिता स्व. श्री रामनरेश साहू, निवासी- मकान नंबर एलआईजी-320, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, सेजबहार, रायपुर, तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय अनुमति हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन कु. दिव्या साहू पिता स्व. श्री रामनरेश साहू, निवासी- मकान नं. एलआईजी- 320, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार, रायपुर, तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) के नाम विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।
अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com
आम सूचना
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कबीर कालोनी नगर रायपुर में निर्मित ईडब्ल्यूएस भवन योजना के अंतर्गत, भवनों में से भवन क्रमांक ईडब्ल्यूएस-155 में श्रीमती सिम्हाचलम कोल्ली पति श्री स्व. सिम्हाचलम राव को भाड़ाक्रय/ पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 27.12.16 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 7.3.2020 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती सुशीला जोशी पति श्री वेदराज जोशी के नाम से निष्पादित को विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।
अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 476/19-20
वार्ड का नाम- शंकर नगर-31
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शंकर नगर-31 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 31/ज.ग.न. 441 जो कि निगम अभिलेख में झुगा ताण्डी s/o साफी ताण्डी एवं श्रीमती सूरजा ताण्डी w/o झुगा ताण्डी के नाम से दर्ज है, जिसको नूरा निहाल D/o लच्छू छूरा रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
दिनांक 11/05/20
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

जग्गा जासूस में इरफान खान को कास्ट करना चाहते थे अनुराग बसु

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार अनुराग बसु का कहना है कि वह फिल्म जग्गा जासूस में इरफान खान को रणबीर कपूर के पिता के रोल में कास्ट करना चाहते थे। इरफान खान के निधन के बाद अनुराग बसु ने उन्हें याद किया है। अनुराग ने इरफान खान के साथ फिल्म 'लाइफइन अ मेट्रो' में काम किया था। अनुराग बसु ने बताया है कि उन्होंने एक बार इरफान खान को रणबीर कपूर के पिता का रोल ऑफर किया था। हालांकि तब इरफान इस रोल को नहीं कर सके थे।

अनुराग बसु ने बताया कि 'जग्गा जासूस' में रणबीर के पिता के रोल के लिए उन्होंने इरफान से संपर्क किया था लेकिन वह उस समय अपनी दूसरी फिल्मों में व्यस्त थे। चूंकि 'जग्गा जासूस' की डेट्स फिक्स हो चुकी थीं, इसलिए इरफान इस रोल को नहीं कर सके। इरफान ने अनुराग बसु से 'लाइफइन अ मेट्रो' के सीक्वल में काम करने की इच्छा जाहिर की थी। अनुराग से यह पूछा गया कि क्या वह अभी भी 'लाइफइन अ मेट्रो' का सीक्वल बनाना चाहेंगे तो उन्होंने कहा कि वह नहीं जानते कि इरफान के बिना अब वह यह फिल्म बनाएंगे या नहीं।

हेमा मालिनी ने मदर्स डे पर शेयर की मां और बेटी की तस्वीर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सासंद हेमा मालिनी ने मदर्स डे के अवसर पर अपनी मां और बेटी की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की है। दुनियाभर में आज मदर्स डे मनाया जा रहा है। हेमा मालिनी ने आज के दिन अपनी मां को याद किया है। हेमा ने अपनी मां जया लक्ष्मी के साथ एक खूबसूरत फोटो ट्विटर पर शेयर की है। फोटो शेयर करते हुए हेमा ने लिखा, ÷आज मदर्स डे है। एक ऐसा दिन जब हम अपनी मां के प्यार और उनके हमारे लिए किए सभी कामों को याद करते हैं। साथ ही एक मां के और नानी-दादी के रूप में खुद के सेलिब्रेशन का दिन। अपने बच्चों की परवरिश में बीते दिनों को याद करने का दिन। ये मेरी और मेरी मां की बहुत कीमती फोटो है। हेमा मालिनी ने अपनी दोनों बेटियों ईशा देओल और अहाना देओल के साथ भी कुछ फोटो शेयर की हैं।

अक्षय ने मुंबई पुलिस को किया सैल्यूट

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार ने कोरोना वायरस के खिलाफजंग लड़ रहे मुंबई पुलिस को सैल्यूट किया है। कोरोना वायरस के कारण डॉक्टर्स और पुलिस जैसे कई प्रोफेशनल्स को भी काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अक्षय ने कोरोना के खिलाफ जंग में लगे फ्रंटलाइन वर्कर्स और कोरोना वॉरियर्स के लिए ट्विटर पर अपनी प्रोफाइल पिक्चर को बदला है। अक्षय कुमार के साथ ही करण जौहर ने भी अपनी डीपी बदली है और कहा कि इस मुश्किल दौर में मुंबई पुलिस राज्य की सेफ्टी के लिए बहुत प्रयास कर रही है।

अक्षय ने ट्विटर पर लिखा, हर रोज मैं फ्रंटलाइन वर्कर्स की बहादुरी के किस्से सुन रहा हूं जो थकान और डर को पीछे छोड़ते हुए हम लोगों को प्राथमिकताएं दे रहे हैं। ऐसे ही एक हीरो महाराष्ट्र पुलिस भी है। मैं इन्हें रिस्पेक्ट देने के लिए अपनी प्रोफाइल पिक्चर बदल रहा हूं. आप भी जॉइन कीजिए और इन्हें तदिल से सैल्यूट कीजिए। अक्षय ने पूर्व में मुंबई पुलिस फाउंडेशन में दो करोड़ डोनेट किए हैं। अक्षय की इस मदद को लेकर मुंबई पुलिस ने भी उनकी काफी तारीफ की है और ट्वीट करते हुए धन्यवाद किया है।

फिल्में पिटती भी रहीं लेकिन कभी काम करना नहीं छोड़ा :सलमान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान का कहना है कि उन्होंने कभी भी काम करना नही छोड़ा है। सलमान खान को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये तीन दशक से अधिक का समय हो गया है। सलमान ने अपने करियर पर भी बात की है। सलमान ने कहा ,÷मैंने काम करना शुरू किया, जब 15 साल का था। यह सबसे लंबा समय था, जब मैंने कुछ नहीं किया। कभी-कभी मैं भी बौखला जाता हूं। लेकिन फिर कंट्रोल में आ जाता हूं। मैं सौभाग्यशाली रहा हूं कि जब करियर ऊपर-नीचे रहा। जब फ़िल्में पिट भी रहीं थी, तब भी मैंने काम करना नहीं छोड़ा। सलमान ख़ान ने सोशल मीडिया पर अपनी सक्रियता को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि लंबे समय से सोच रहा था कि यूट्यूब चैनल खोलूं। अब इस पर दूसरा गाना आने वाला है। कई ऐसे गाने हैं, जिन्हें मैं फ़िल्मों में नहीं डाल सकता। उसे अब यहां डालूंगा।

अनिश्चिकाल के लिए स्थगित कर दिया गया टूर्नामेंट

आईपीएल में खेलने को उत्साहित हूं: एलेक्स कैरी

नई दिल्ली (वार्ता)। आस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलने को लेकर उत्साहित हैं। हालांकि टूर्नामेंट का 13वां सत्र कोरोना वायरस के प्रकोप के कारण अनिश्चिकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है।

कैरी ने दिल्ली कैपिटल्स के आधिकारिक इंस्टाग्राम से लाइव बातचीत में यह साझा किया। उन्होंने कहा, ÷मुझे आईपीएल नीलामी के दौरान दिल्ली कैपिटल्स की ओर से चुने जाने पर खुशी हुई थी। जब मैंने यह समाचार सुना तो मैं खुशी के मारे झूम उठा। 28 वर्षीय क्रिकेटर ने कहा, ÷मैं भाग्यशाली था कि मुझे टीम के मालिक पार्थ जिंदल समेत कुछ स्टाफसदस्यों से मिलने का मौका मिला। वास्तव में, इसने मुझे दिल्ली में आने और क्रिकेट खेलने के लिए उत्साहित किया।

कैरी ने कहा, ÷इस समय, मैं बस यही उम्मीद कर रहा हूं कि आईपीएल जल्द से जल्द शुरू हो जाए और मैं अपनी टीम के लिए पिछले सत्र के नतीजों का इंतजार नहीं कर सकता। मेरा मानना ??है कि हमारे पास इस खेल के खिलाड़ियों का एक अद्भुत संगम है और मौका मिलने पर हम कुछ शानदार क्रिकेट खेलेंगे। कैरी ने क्रिकेट के पुनः शुरू होने पर अपनी तैयारियों के बारे में बताया कि वह पेशेवर हैं जो कुछ सप्ताह के प्रशिक्षण में अपने सर्वश्रेष्ठ में वापस आ जाएंगे। उन्होंने कहा, ÷मैं छोटी-छोटी दौड़ों के साथ सप्ताह में तीन बार 10 किलोमीटर दौड़ पूरी करने का लक्ष्य निर्धारित कर रहा हूं। यह मुझे अपनी फिटनेस के स्तर को बनाए रखने में मदद करता है। मैं अपने आँखों-हाथ के तालमेल को बनाये रखने के लिए गोल्फकी गेंदों के साथ अभ्यास कर रहा हूं। उन्होंने कहा, एक क्रिकेटर के लिये यह खेल उसकी सांसों में बसा है। एक महीने का विश्राम ने उसे तरोताजा करने में मदद की है। हमें बेहतरीन खेल का प्रदर्शन के लिए केवल कुछ सप्ताह लगेंगे।

क्रिकेटरों को खाली स्टेडियम में खेलना सीखना होगाः पीटरसन

लंदन (वार्ता)। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन का कहना है कि क्रिकेटरों को खाली स्टेडियम में खेलना सीखना होगा जब तक कोरोना वायरस कोविड-19 का वैक्सीन नहीं मिल जाता।

कोरोना के कारण इस समय दुनिया भर में क्रिकेट सहित सभी खेल गतिविधियां ठप्प पड़ी हुई हैं और खेलों के जल्द शुरू होने के अभी कोई आसार नहीं नजर आ रहे हैं। पीटरसन ने कहा, ÷जनता जो हमारी फैन है उसका मनोबल ऊंचा होना चाहिए। इस समय फैंस का मनोबल गिरा हुआ है। खेल लोगों के लिए ऊर्जा का काम करते हैं और उनका मनोबल उठाते हैं। उन्होंने कहा, ÷हालात ऐसे हैं कि हमें दर्शकों के बिना खाली स्टेडियम में तब तक खेलना होगा जब तक हम कोरोना वायरस की वैक्सीन नहीं ढूंढ लेते। पूर्व बल्लेबाज ने कहा, ÷खिलाड़ियों को ऐसे हालात से अभ्यस्त होना होगा। यदि स्टेडियम में दर्शक नहीं होते हैं तो क्या हुआ। लोग अपने घरों में टीवी के माध्यम से तो मैच देख सकते हैं। कई खिलाड़ी अपने खेल के चरम पर हैं और उन्हें खेलना चाहिए।

अफगानिस्तान के क्रिकेटर शफीकुल्ला शफाक 6 साल के लिए प्रतिबंधित

काबुल (वार्ता)। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने राष्ट्रीय टीम के क्रिकेट खिलाड़ी शफीकुल्ला शफाक को बोर्ड की भ्रष्टाचार-रोधी संहिता का उल्लंघन करने पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से छह वर्षों के लिये प्रतिबंधित कर दिया है।

एसीबी ने एक बयान में कहा, शफीकुल्ला पर यह आरोप वर्ष 2018 में हुई अफगानिस्तान टी-20 प्रीमियर लीग (एपीएल) और वर्ष 2019 में हुई बंगलादेश प्रीमियर लीग के दौरान लगे थे। विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार विरोधी सभी चार आरोपों को स्वीकार किया है। एसीबी के वरिष्ठ भ्रष्टाचार रोधी प्रबंधक सैयद अनवर शाह कुरैशी ने कहा, ÷यह एक बहुत ही गंभीर अपराध है जहां एक वरिष्ठ राष्ट्रीय खिलाड़ी एपीएल 2018 में एक भ्रष्टाचार में शामिल है। खिलाड़ी ने बीपीएल 2019 में एक अन्य हाई-प्रोफाइल भ्रष्टाचार में लिप्त होने के लिए अपने एक साथी को भी शामिल करने का प्रयास भी किया था लेकिन असफल रहा था।

चीन ने जीता ऑनलाइन नेशंस कप, भारत को पांचवां स्थान

बीजिंग (वार्ता)। चीन ने कोरोना वायरस के कारण दुनिया भर में लगे लॉकडाउन के बीच पहली बार आयोजित फिडे चैस डॉट कॉम ऑनलाइन नेशंस कप शतरंज खिताब जीत लिया जबकि छह टीमों के बीच भारत को पांचवां स्थान मिला। चीन ने राउंड रोबिन दौर में शानदार प्रदर्शन किया और फिर सुपर फाइनल में अमेरिका से 2-2 का ड्रा खेला जो उसे खिताब दिलाने के लिए काफी था। अमेरिका को दूसरा, यूरोप को तीसरा, रूस को चौथा, भारत को पांचवां और शेष विश्व टीम को छठा स्थान मिला। इस टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार जिस टीम ने राउंड रोबिन दौर में शानदार प्रदर्शन किया और यदि फाइनल में स्कोर टाई भी रह जाए तो उसे चैंपियन बनना था। फाइनल का स्कोर टाई रहा लेकिन चीन ने राउंड रोबिन दौर के अपने प्रदर्शन के कारण खिताब जीत लिया।

अमेरिका के ओपेल्का ने जीता यूटीआर प्रो सीरीज खिताब

वारसा (वार्ता)। अमेरिका के रीली ओपेल्का ने सर्बिया के मियोमीर केकमैनोविच को शनिवार को 4-3 (2), 2-4, 4-2 से हराकर अमेरिका के फ्लोरिडा में यूटीआर प्रो मैच सीरीज टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। पोलैंड के ह्यूबर्ट हरकैज़ ने टॉमी पॉल को 4-1, 0-4, 4-1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। कोरोना के कारण दुनिया भर में टेनिस सहित सभी खेल गतिविधियां ठप्प पड़ी हैं।

बाकी बल्लेबाज अच्छी गेंद को डिफेंड करते हैं, विराट गेंदबाज को स्लेज करते हैं: अल-अलीम

नई दिल्ली। विराट कोहली मानसिक रूप से भी विपक्षी टीम पर दबाव बनाना चाहते हैं। वह गेंदबाजों को खुद पर हावी नहीं होने देना चाहते। हुसैन का कहना है कि कोहली आपको स्लेज करते हैं। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज अल-अलीम हुसैन ने कहा है कि उनकी नजर में विराट कोहली बाकी बल्लेबाजों से इस लिहाज से अलग हैं कि वह हर गेंद पर गेंदबाज को स्लेज करते हैं। हुसैन ने कहा कि बाकी बल्लेबाज अच्छी गेंद को डिफेंड करते हैं लेकिन विराट गेंदबाज को स्लेज करते हैं।

बांग्लादेश की क्रिकफ्रेंजी वेबसाइट के फेसबुक लाइव पर बोलते हुए हुसैन ने कहा, 'जब भी आप विराट को कोई डॉट बॉल फेंकेंगे तो वह आपको स्लेज करेंगे। वह आपको ऐसी बातें कहेंगे जो आप दर्शकों के सामने नहीं बोल सकते। वह गेंदबाज पर दबाव बनाने की कोशिश करते हैं, मानसिक रूप से उन्हें परेशान करना चाहते हैं।' विराट कोहली कई बार मैदान पर विपक्षी खिलाड़ियों के साथ जुबानी जंग करते नजर आए हैं। ऐसा देखा गया है कि इसके बाद भारतीय कप्तान का जोश अकसर बढ़ जाता है। हुसैन ने आगे कहा, 'मैंने क्रिस गेल, शिखर धवन, रोहित शर्मा और दुनिया के अन्य महान बल्लेबाजों को गेंदबाजी की है। कोई भी ऐसा नहीं करता। जब आप अच्छी गेंद फेंकते हो तो वे डिफेंड करते हैं। कोहली ऐसे नहीं हैं, वह आपको जवाब में स्लेज करेंगे।' इससे पहले, बांग्लादेशी तेज गेंदबाज रूबेल हुसैन ने भी विराट के साथ अपनी गर्मागर्मी के किस्से शेयर किए थे। इसमें अंडर-19 के दिनों में हुई बहस भी शामिल थी। रूबेल न तमीम इकबाल के साथ अपने फेसबुक लाइव में कहा था, 'वह तब बहुत ज्यादा स्लेजिंग करते थे। मुझे लगता है कि राष्ट्रीय टीम के लिए वह थोड़ा कम स्लेज करते हैं।'

मुझे समझ नहीं आता कि मेरी गलती क्या है-मिश्रा

नई दिल्ली। भारतीय स्पिनर अमित मिश्रा को समझ नहीं आता कि आखिर हर स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद उन्हें राष्ट्रीय टीम में क्यों नही चुना गया। मिश्रा ने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन फरवरी 2017 के बाद से जब वह इंग्लैंड के खिलाफटी20 इंटरनैशनल खेलते हुए चोटिल हुए उसके बाद से उन्हें भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। मिश्रा ने कहा, 'मैं अब भी अपने आप से पूछता हूं कि मेरे साथ क्या हुआ। मुझे कोई भी संतोषप्रद उत्तर नहीं दे पाया है। टीम में एक नियम था कि अगर कोई चोट की वजह से बाहर होता है तो वह टीम में वापस आएगा। ऋद्धिमान साहा ने चोट के चलते करीब डेढ़ साल तक टीम से बाहर रहने के बाद वापसी की। मुझे नहीं पता कि मेरे साथ ऐसा क्या हुआ।'

लीजेंड महाबली सतपाल की पहली कमाई थी चार चवन्नी

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय कुश्ती के लीजेंड पहलवान और सर्वश्रेष्ठ कोच महाबली सतपाल ने अपने जीवन में अथाह यश अर्जित किया है लेकिन उनके जीवन की पहली कमाई चार चवन्नी थी। द्रोणाचार्य अवार्डी और पद्मभूषण से सम्मानित सतपाल देश में कोरोना वायरस के कारण लगे लॉकडाउन के चलते पिछले एक महीने से ज्यादा समय से अपने अखाड़े छत्रसाल स्टेडियम से दूर हैं और खुद को अपने घर के अंदर व्यस्त रखे हुए हैं। सतपाल ने अपने करियर को याद करते हुए कहा, ÷मैं 15 मई 1967 को गुरु हनुमान के अखाड़े में आया था। कुछ समय बाद मैंने अपनी पहली कुश्ती लड़ी थी। मैंने एक ही दिन चार कुश्ती लड़ी थी और चारों जीती थी। मुझे ईनाम में चार चवन्नी (25 पैसे का सिक्का) जीती थी। 1982 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले महाबली सतपाल ने कहा, ÷मैं जब पांचवीं कक्षा में पढ़ता था तो किसी बात पर कुछ लड़कों ने मुझे पीट दिया था और मुझे खून निकल आया था तथा आंख भी सूज गयी थी।

लॉकडाउन में मजबूरों के लिए दिल खोलकर लोगों ने की मदद

■ **किसी ने बांटा राशन, तो किसी ने सैनिटाइजर सैनिटाइजर मास्क का किया वितरण**

बालोद। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के बढ़ते प्रकोप ने पूरे देश और दुनिया में हाहाकार मचा दिया है। अधिकांश लोगों का काम धाम ठप्प हो गया है। जिसके कारण कईयों के घर में खाने तक की कमी होने लगी है। लेकिन यह कमी दूर करने के लिए शासन प्रशासन सहित जिम्मेदार जनप्रतिनिधि कोई कसर नहीं छोड़ जिम्मेदार जनप्रतिनिधि कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अपनी अपनी ओर से पूरे तन मन और धन से जरूरतमंदों की मदद करने में जुटे हुए हैं। एक और जहां शासन अपने स्तर पर गरीब मजदूरों की परेशानियों से निपटने सहारा बन रहे तो वहीं दूसरी ओर संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि महामारी से निपटने के लिए घरों में राशन किट वितरण, मास्क व सैनिटाइजर वितरण, सब्जियों व फलों का वितरण कर रहे हैं।

प्रशासनिक अमले भी कर रहे गोपनीय सहयोग: जानकारी के मुताबिक बीते समय जब शुरुआत में ही लॉक डाउन हुआ था तो कई गरीब तबके के लोगों के घर में भोजन के लाले पड़े हुए थे। जिसे देखते हुए कई सामाजिक संगठनों ने भोजन बनाकर उनके घरों तक पहुंचाया तो वही प्रशासनिक अमले यानी कई जिम्मेदार अधिकारी भी गोपनीय रूप से अपने घरों में भोजन बनाकर जरूरतमंदों की मदद की।

सरदार पटेल मैदान व रैन बसेरा बना सहारा: दूसरे राज्य व दूसरे जिले से बालोद जिला काम करने आए मजदूरों के लिए भोजन व रहने की बड़ी समस्या इस लोग डाउन के दौर में हो चुकी है। लेकिन प्रशासन ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सरदार पटेल मैदान के पास स्थित स्कूल व रैन बसेरा में ऐसे मजदूरों के रुकने व भोजन की व्यवस्था प्रशासन की ओर से की गई है।

एनएसयूआई संगठन कर रहा जानवरों की सेवा: बालोद जिला एनएसयूआई संगठन भी इस कोरोना महामारी के दौर में आगे आये हैं। संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रतिदिन जानवरों के लिए भोजन पानी की व्यवस्था में जुट गए है। प्रतिदिन नगर के चौक चौराहों में जाकर गाय के लिए पैरा, व कोटना में पानी रख देते हैं ताकि आवारा घूम रहे गायों के लिए भोजन पानी की कमी न हो।

पार्षद योगराज की अहम भूमिका

बालोद नगर वार्ड 13 के पार्षद योगराज भारती इस संकट के दौर में अपने वार्ड को ही नहीं बल्कि पुरे बालोद शहर के ज़रूरतमंद की मदद कर रहे हैं। शोशल डिस्टेंसिंग के लिए शहर में लगने वाले बाजार को व्यवस्थापन करने के साथ ही पत्रकारों को मास्क व सेनेटाइजर का वितरण भी किया।

न्यूज गैलरी

भाजपा कार्यकर्त्ता अपने ही घर के सामने आज देंगे धरना

भाटापारा। प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा के कार्यकर्ता मंगलवार 12 मई को दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक अपने निवास के सामने धरना देंगे जिनमें प्रमुख रूप से भूपेश सरकार द्वारा विधानसभा चुनाव के पूर्व किए गए वायदे पूर्ण शराबबंदी, 2 साल का बकाया धान का बोनस देने ,धान के अंतर की राशि देने तथा बेरोजगार लोगों को बेरोजगारी भत्ता देने, धान के अंतर की राशि तत्काल देने, 2 साल का बकाया बोनस देने ,टोकन कटे हुए किसानों के धान की तत्काल खरीदी करने आदि विषयों को लेकर अपने निवास के सामने धरना देंगे भाजपा के अध्यक्ष मनेन्द्र सिंह सोनी ग्रामीण अध्यक्ष डब्ल्यू सिंह ठाकुर निपनिया, मंडल के अध्यक्ष धनीराम साहू एवं सिमगा मंडल के अध्यक्ष केजू राम बघेल ने अपने मंडल के समस्त कार्यकर्ताओं से अपने घर के सामने शोशल। दुरी का ध्यान रखते हुए मंगलवार की शाम दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक धरना देने की अपील की है

गंडई ब्लॉक से असलम खान तथा छुईखदान ब्लॉक से दिनेश रजक बने ब्लॉक संयोजक

गंडई पंडरिया। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्वारूए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवीए छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रभारी संतोष कोलकुन्डाए सह प्रभारी एकता ठाकुरए प्रदेशाध्यक्ष पूर्णचंद्र कोको पाढीए राष्ट्रीय सचिव एवं राष्ट्रीय प्रभारी सोशलमीडिया वैभव वालिया एवं राष्ट्रीय संयोजक एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सोशल मीडिया केण् केण् शास्त्री एवं अनूप वर्मा के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस सोशलमीडिया की न्युक्ति किया गया। जिसमें गंडई ब्लॉक से असलम खान तथा छुईखदान ब्लॉक से दिनेश रजक न्युक्त किया गया और दोनों से आशा है कि नवनियुक्त पदाधिकारी कांग्रेस पार्टी की रीति नितियों एवं कांग्रेस अध्यक्ष श्री मति सोनिया गांधीए राहुल गांधी एवं छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के संदेश को आमजन तक पहुंचाकर पार्टी के भरोसे पर खरे उतरेंगें। नवनियुक्त पदाधिकारियों को खैरागढ़ विधान सभा सोशल मीडिया संयोजक पुरूषोत्तम यादवए जिला युवा कांग्रेस के महासचिव दिलीप ओगरेए खैरागढ़ विधान सभा युथ कांग्रेस अध्यक्ष मोहसिन खानए गंडई युथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शुभम बघेलए गंडई सोशल मीडिया प्रभारी अमित टंडन गंडई एनएसयुआई अध्यक्ष जितेंद्र बंजारेए शुभम राठौरए निरंजन धनकरए रामानुज रजकए तानसेन साहू राहुल जंघेल और सभी युवा कांग्रेस के टीम ने बधाई दी।

पार्षद, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सहित शहरवासियों ने की गंगा सागर तालाब की सफाई

बालोद। शहर के हृदय स्थल में बसे गंगा सागर तालाब की हालत एक सप्ताह पहले काफी खराब हो गई थी। जलकुम्भी और गंदगी ने पूरे तालाब को अपने कब्जे में ले लिया था। कोरोना महामारी के खिलाफसफाई की अहम भूमिका मानते हुए वार्ड 16 के पार्षद दीप्ति विनोद शर्मा व शहर कांग्रेस अध्यक्ष बंटी शर्मा ने सहित मछुआरा संघ व वार्डवासियों की एक सप्ताह की कड़ी मेहनत से आखिरकार तालाब की सफाई हो गई। ताकि इस कोरोना महामारी के दौर में अन्य कोई महामारी अपना बसेरा न करे जिसे देखते हुए वार्ड पार्षद व शहर कांग्रेस अध्यक्ष बंटी ने तत्परता दिखाते हुए सफाई कार्य के लिए आगे आये उन्हें देखकर वार्डवासियों ने भी तालाब के सफाई में अपना योगदान दिया।

महिला दिवस पर हुई ऑन लाइन काव्य गोष्ठी

भाटापारा। मातृशक्ति दिवस के अवसर पर ÷महिला काव्य मंच÷ एवं ÷अभिव्यक्ति साहित्य मंच÷ द्वारा संयुक्त ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार श्री बलदेव भारती जी रहे व विशेष अतिथि तथा समीक्षक की आसंदी पर वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र वर्मा जी रहे सर्वप्रथम गोष्ठी की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई सरस्वती वंदना श्रीमती इंद्रानी साहू और श्रीमती अन्नपूर्णा पवार जी द्वारा सुमधुर वाणी में प्रस्तुत गई , पश्चात स्वागत गीत श्रीमती स्वर्णलता त्रिवेदी ने गाकर ... कार्यक्रम को आगे बढ़ाया ! वरिष्ठ साहित्यकार बलदेव भारती सरजी की रचना के साथ काव्यपाठ आरंभ हुआ...÷धरती अभी नहीं होती तो,वन -उपवन जीवन न होता,मृत्यु पीर ना होती तो,मनभावन अवतरण न होता,कालचक्र में घूम रहे हैंसब ग्रह नक्षत्र ...मां की कोख न होती तो,न तुम होते,मैं न होता ।। (बलदेव भारती जी) कवियित्री के रूप में सबसे पहले श्रीमती चंदकिरण जी शर्मा ने अपनी कविता पढ़ी - *÷मां लोरी सुनाती धरा,धरा गुनगुनाती ÷ इसी क्रम में श्रीमती वंदनागोपाल शर्मा शैली ने कविता पढ़ी ÷देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई भगवान आ गई महामारी शैतान÷ श्रीमतीकविता शर्मा जी ने दाई के अचरा न छूटे दाई के अचरा में गौरी गणेश... छत्तीसगढ़ी में बहुत सुंदर कविता पढ़ी!

दो दिन दुकान रही बंद , तो होम डिलीवरी से शराबियों ने छलकाए 1 लाख 80 हजार के जाम

■ **शनिवार और रविवार को शराब दुकाने रही बंद, तो मदिरा प्रेमी भीडे ऑनलाइन पर**

■ **175 लोगों ने किया ऑनलाइन ऑर्डर**

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। शनिवार हो या फिर रविवार जाम तो छलक ही रहे हैं और यह जाम सीधा ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से घरों या बताए गए ठिकानों तक पहुंच रहे है। ऑनलाइन शराब बिक्री के लिए नियम भी निर्धारित किए गए है। 15 किलोमीटर से अधिक की दूरी हुई तो शराब की डिलीवरी नही हो पाएगी। तो इसके साथ ही बुकिंग कराया तो डिलीवरी से पहले संपर्क कर पूछा जाएगा खरीदेंगे की नही। जब शराब के आर्डर में विभाग को पूरी तरह से संतुश्टि मिल जाएगी तब इसे पहुंचाया जाएगा। राज्य सरकार के निर्देश के बाद किए गए दो दिवसीय लॉकडाउन में शराब दुकान शनिवार और रविवार को बंद रखी गई थी हालांकि इस लॉकडाउन मे भी मदिरा प्रेमियों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। ऑनलाइन आर्डर के जरिए उनके ठिकाने तक शराब पहुंचाए गए है और देर शाम तक यह जाम छलकती रही। ऑनलाइन शराब बिक्री को लेकर सोचनी विषय अब यह आ रहा है की मात्र 175 लोगों ने 1 लाख 80 हजार रुपए की शराब खरीदी है। वही सब्जी लेने के लिए ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। जबकि सब्जी का तो पता नहीं लेकिन शशराब खरीदने वालो ने 2 ही दिनो में इस ऑनलाइन का उपयोग करते हुए जमकर जाम छलकाए है। 2 दिन के लॉकडाउन में 10-20 नहीं पूरे 175 मदिरा प्रेमियों ने ऑनलाइन शराब की बुकिंग की है तो इसके साथ ही 1 एक व्यक्ति ने शराब की ऑनलाइन बुकिंग तो की लेकिन जब इन से संपर्क कर पूछा गया तो उन्होंने शराब लेने से इनकार कर दिया। होम डिलीवरी के लिए 120 रूपए का चार्ज निर्धारित किया गया है। शराब के लिए सबसे पहले मदिरा प्रेमियों को प्ले स्टोर में जाकर एप्लीकेशन डाउनलोड करना पड़ेगा। सीएसएमपीएल में जाने के बाद इसे रजिस्टर्ड करना होगा। फिर आपको अंग्रेजी या देसी शराब जो पीनी है घर पहुंच सेवा उपलब्ध हो सकेगा।

विभागीय जानकारी अनुसार: शनिवार और रविवार के दिन 175 लोगों ने शराब खरीदी के लिए ऑनलाइन बुकिंग कराया तो इसके साथ ही कुल 175 लोगों नें 1 लाख 80 हजार की शराब खरीदी है। वही एक व्यक्ति के द्वारा आर्डर तो दिया गया लेकिन शराब लेने से इनकार कर दिया। इस तरह शनिवार और रविवार को भी ऑनलाइन सुविधा चालू रही।

सब्जी को पीछे छोड़ रहे शराब के प्रेमी

एक तरफजहां ऑनलाइन शराब लेने के लिए मदिरा प्रेमियों की पहले ही दिन से ऑनलाइन लगनी शुरू हो गई। वहीं सब्जी खरीदी को लेकर उतने ज्यादा सार्थक परिणाम नहीं दिख पाई थी। जबकि शराब के लिए 175 लोगों ने मिलकर 1 लाख 80 हजार की शराब की खरीदारी की है। सब्जी से ज्यादा मदिरा के दिवाने नजर आ रहे है।

बिना मास्क के नहीं मिलेगा शराब

सोमवार के दिन मदिरा प्रेमी बड़ी बेसब्री से मयखाने का पट खुलने के इंतजार में लंबी लाइन लगाकर फिर से खड़े हो गए थे। लेकिन जो व्यक्ति बिना मास्क के लाइन में लगे हुए थे। उसे समझाया गया। तब शराब के दीवाने फिर कहां मास्क की व्यवस्था कर पाते इसके पहले ही जुगाड लगाते हुए अपने साथी से एक गमछा मांगा और मुंह में बांधकर लाइन में खड़ा रहा। फिर जैसे ही उसका नंबर आया उस मदिरा प्रेमी को सेनीटाइज किया गया। फिर उसने शराब खरीदी और इस तरह शाम 4:00 बजे तक शराब बिक्री चलती रही और खरीददार भी लाइनों में 42 डिग्री तापमान को मात देते हुए नजर आ रहे थे।

3-4 दिन के अंतराल में हो रहे सचिवों के 'दर्शन'

■ **कोरोना महामारी के समय भी जिम्मेदारियों पर नहीं ध्यान**

देवभोग। नोवल कोरेना महामारी में भी पंचायत से कोसों दूर रहने वाले ग्राम पंचायत सचिव 3 से 4 दिन के अंतराल में पंचायत भवन पहुंच पाते हैं। जबकि इस महामारी को ध्यान में रखते हुए बाहर से आए प्रवासी मजदूरों की देखभाल सहित अति आवश्यक गरीबों को चावल दाल सहित अन्य खाद्यान्न सामग्री देने के अलावा कार्यालय को सैनिटाइजर कर मास्क वितरण करने के साथ-साथ दिनचर्या कार्य में राशन कार्ड में नाम जोड़ना काटना पेंशन प्रकरण सहित तमाम कार्य सचिवों की जिम्मा होता है। बावजूद इसके लापरवाही बरतते हुए सप्ताह में गिने-चुने दिन ही पंचायत भवन पहुंचते हैं, जिससे अवगत जिम्मेदार अधिकारी भी मौन धारण कर बैठे हुए हैं, ऐसे में वाजिब है की पंचायतों के ग्रामीण परेशान होने को मजबूर होंगे सबसे ज्यादा परेशानी गोहेकेला पंचायत के ग्रामीणों को उठाना पड़ता है। क्योंकि इस पंचायत सचिव जितेंद्र कुमार पंचायत से 22 किलोमीटर दूर मैनपुर ब्लॉक डेंणुपदर मे निवासरत है, इसी तरह करलागुड़ा पंचायत की सचिव गिरीश साहू भी पंचायत से करीब 20 किलोमीटर दूर सरगीगुडा में निवास करते हैं।

ग्रामीण करते हैं शिकायत पर कार्रवाई नहीं : खोकसरा पंचायत और सेंदमुडा के सचिव भी पंचायत भवन में नदारद रहते हैं, जिसकी शिकायत भी ग्रामीणों द्वारा किया जाता है। बावजूद इसके किसी प्रकार कार्रवाई नहीं हो पाती जबकि ग्राम पंचायत सचिवों के नहीं आने से आम लोगों का पेंशन जोड़ने राशन कार्ड बनाने जैसे और भी कार्य नहीं हो पाता मतलब पंचायत भवन पर अधिकांश ताला लटका देखा जा सकता है। फिर भी जिम्मेदारों की कानों में जूं तक नहीं रेंगता जबकि नोबेल कोरेना महामारी का असर गांव गांव में ज्यादातर देखा जा रहा है, बावजूद इसके इन ग्राम पंचायत सचिव लापरवाही बरतने में पीछे नहीं है, यही वजह है, कि बीच-बीच में पेंशन नहीं मिलने राशन कार्ड नहीं बनने को लेकर मुख्यालय तक शिकायत पहुंचती है, हालांकि सचिव काफी दूरी का सफर कर पंचायत भवन आए दिन नहीं पहुंचने की बात कहकर अपना अपना पल्ला झाड़ लेते हैं?

> लगातार पंचायत जाते हैं नहीं जाने का आरोप निराधार लगाया जाए और भवनों को सैनिटाइजर भी किया
>
> **-गिरीश साहू,** सचिव करलागुड़ा

> पंचायत रोज आते हैं और अभी तक भवन को सैनिटाइजर नहीं किया गया है
>
> **- जितेंद्र कोमरा सचिव,** गोहेकेला पंचायत

कवर्धा के 5 योद्धाओं ने दी कोरोना को मात, ताली बजाकर किया इनका स्वागत

■ **अब सिर्फ 1 कोरोना पॉजिटीव का जिले से मरीज**

■ **सुरक्षात्मक उपायों के तहत 14 दिनों के और क्वारटाईन में रहेंगे**

कवर्धा। एम्स रायपुर से उपचार के बाद कोविड-19 कोरोना वायरस के संक्रमण से मुक्त व स्वस्थ्य होकर आज दो और व्यक्ति कवर्धा सकुशल वापस लौट आए है। दो दिन पहले तीन लोग और स्वस्थ होकर लौटे है। इस तरह रायपुर एम्स से अब तक कुल पांच लोग स्वस्थ्य होकर कवर्धा पहुंच गए है। एक व्यक्ति का अभी भी एम्स में उपचार चल रहा है। उनके स्थिति में लगातार सुधार हो रही है। जल्द ही वे भी स्वस्थ्य होकर कवर्धा सकुलश लौटने की उम्मीद है। एम्स रायपुर की एम्बूलेंस से इन सभी स्वस्थ व्यक्तियों को कवर्धा सकुलश पहुंचाया गया है। कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा और कवर्धा एसडीएम विपुल गुप्ता ने सभी स्वस्थ्य व्यक्तियों को नया वस्त्र भेंट करते हुए स्वागत किया है। अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसके तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती नीलू घृतलहरे, जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ गौरव परिहार, डॉ शिव गोपाल परिहार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी- कर्मचारी ने भी उनका स्वागत किया।

एसडीएम विपुल गुप्ता ने बताया कि कबीरधाम के सुदूर वनांचल क्षेत्र में संचालित राहत शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के बाद 6 करोनो वायरस के संक्रमित व्यक्ति मिले थे। कलेक्टर के मार्गदर्शन में सभी संक्रमित व्यक्तियों को बेहतर इलाज के लिए रायपुर एम्स रिफर किया गया था। अब अब जिले के पांच संक्रमिक व्यक्ति उपचार के बाद पूरी तरह से स्वस्थ हो गए हैं। जांच परीक्षण के बाद एम्स से छुट्टी दी गई है। उन्होने बताया कि सभी स्वस्थ्य व्यक्तियों को कवर्धा के क्वारटाईन सेंटर इन्दलोक में 14 दिन और क्वारटेइन किया जाएगा। सभी व्यक्तियों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए ठहराया जाएगा।

बांस में अटकी आस, नहीं मिलने से रोजगार हुआ प्रभावित अब वनमंत्री से आस

■ **बसोड़ डिपो में बॉस गिराने की मांग**

कवर्धा। छत्तीसगढ कंडरा आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष भोला मरकाम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कंडरा आदिवासी समाज का एकमात्र पुश्तैनी व्यवसाय बांस से विभिन्न सामग्री जैसे सूपा, टोकनी, झौंहा, ढोली(ट्री गार्ड) पर्रा, झांपी आदि बनाकर परिवार का भरण पोशण करना है, इनके अतिरिक्त अन्य कोई व्यवसाय नही है।

वर्तमान में लॉकडाउन की स्थिति के कारण हमारे समाज की स्थिति और भी दयनीय हो गई है। जिससे संपूर्ण समाज में जीविकोपार्जन के लिए कठिनाईयां निर्मित होने के कारण भुखमरी की हालत उत्पन्न हो रही है।

श्री मरकाम ने वनमंत्री से कवर्धा कार्यालय में ज्ञापन देकर मांग किया है कि प्राथमिकता के आधार पर सभी बसोड़ डिपो में शीघ्र बांस उपलब्ध कराई जावे, ताकि अपने घरों मे व्यक्तिगत दूरी बनाकर अपनी रोजगार कार्य कर सके। उन्होने बताया कि छत्तीसगढ सरकार वन विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक थैली को प्रतिबंधित किया है।

घर की दहलिज पर तख्ती लेकर भाजपाई करेंगें धरना प्रदर्शन

कवर्धा। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, सांसद संतोष पांडेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने भारतीय जनता पार्टी कबीरधाम के जिला पदाधिकारियों, भाजपा मंडल अध्यक्षों और वरिष्ठों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये चर्चा की। जिसमें आज सभी कार्यकर्ताओं को भूपेश सरकार की वादा खिलाफी, टोकनधारी किसानों का धान खरीदी और अंतर राशि का भुगतान सहित विभिन्न विषयों को लेकर आज दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक अपने-अपने घरों के दरवाजे पर तख्ती लेकर धरना प्रदर्शन करने की बात कही। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार भट्ट, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष विजय शर्मा, विदेशीराम धुर्वे, रघुराज ठाकुर, संतोष पटेल, नितेश अग्रवाल, गोपाल साहू, श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, सहित भाजपा मंडल के अध्यक्ष गण जुड़े हुए थे।

इन मुद्दो को लेकर प्रदर्शन: भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर कांग्रेस की वादा खिलाफी, शराब बंदी, किसानों का धान खरीदी, बोनस, अंतर राशि की भुगतान को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया हैं। भाजपा, मोर्चा, प्रकोष्ठ के प्रदेश, जिला , मंडल , ग्राम केंद्र , मतदान केंद्र के सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि , कार्यकर्ता गण , अपने 'अपने घर के दरवाजे के सामने तख्ती लेकर धरना प्रदर्शन' कार्यक्रम में सम्मिलित होवें।

सीनियर सिटीजन समिति का कोरोना के विरुद्ध योगदान

कवर्धा। आज जब विश्व कोरोना वायरस से संक्रमित है हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल सभी मोर्चों पर तत्परता से कोरोना वायरस का मुकाबला कर रहे हैं देश प्रदेश को प्रत्येक समाज संगठन सरकार को आर्थिक सहयोग कर रहे हैं ऐसे समय में सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा भी पीछे नहीं हैं समिति के अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता सक्रिय सदस्य बीएल देवांगन कोषाध्यक्ष के के गुप्ता सचिव मेदनी शर्मा पूर्व सचिव आरके श्रीवास्तव पूर्व कोषाध्यक्ष आर के पांडे पूर्व अध्यक्ष डी के श्रीवास्तव के सहयोग से एक 14061 की राशि प्रधानमंत्री सहायता कोष में एवं 12560 के राशि एवं समिति के वरिष्ठ सदस्य रविशंकर गुप्ता द्वारा 1500 रूपए का चेक मुख्यमंत्री सहायता कोष के भारतीय स्टेट बैंक कवर्धा शाखा में जमा विगत दिनों कराया गया।

खबर का असर नवप्रदेश ने खोकसरा ग्रापं के क्वारेंटाइन सेंटर का हाल प्रमुखता से किया था प्रकाशित

क्वारेंटाइन में रह रहे मजदूरों को अब मिल रही सुविधा

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। नवप्रदेश में समाचार प्रकाशित होने के बाद क्वॉरेंटाइन मैं रहे मजदूरों को चावल दाल सहित अन्य खाद्य सामग्री की व्यवस्था कराया गया। बकायदा पंचायत द्वारा मास्क सैनिटाइजर के अलावा तमाम व्यवस्था करते देख परिजन भी हल्का भार महसूस कर रहे हैं, उल्लेखनीय की ग्राम पंचायत खोकसरा के आश्रित ग्राम खमारगुड़ा के प्राथमिक शाला मैं रायपुर से लौटे दो मजदूरों को क्वॉरेंटाइन में रखा गया है। जिनके लिए दाल चावल तो दूर की बात पानी तक की उचित व्यवस्था नहीं रही। मजबूरी में परिजनों को घर से क्वॉरेंटाइन में रहे मजदूरों के लिए खाना पीना मास्क साबुन की व्यवस्था करनी पड़ती थी। इसे लेकर नवप्रदेश द्वारा प्रमुखता के साथ समाचार प्रकाशित किया और मामले को संज्ञान में लेते हुए जनपद सीईओ के निर्देशानुसार पंचायत में क्वॉरेंटाइन में रखे गए मजदूरों के लिए दाल चावल मार्क्स का पुख्ता इंतजाम कराया तब कहीं जाकर परिजनों ने राहत की सांस लिया।

पंचायत प्रतिनिधियों ने की व्यवस्था

क्योंकि खाली हाथ होने के बाद भी उधारी बाड़ी कर परिवार के सदस्यों के अलावा क्वॉरेंटाइन में रखे मजदूरों के लिए भी पूरी व्यवस्था करनी पड़ती थी। लेकिन समाचार प्रकाशित के बाद तत्काल पंचायत प्रतिनिधियों ने मजदूरों के लिए दाल चावल सहित अन्य व्यवस्था किया बकायदा अब समय-समय पर उस पर भी किया जाता है। जिसे लेकर क्वॉरेंटाइन मजदूर खुशी जाहिर करते हुए नव प्रदेश के प्रति आभार जताया।

> क्वॉरंटाइन में रखे गए मजदूरों के लिए खाना पीना सहित तमाम व्यवस्था कर दी गई है।
>
> **-कृष्ण कुमार चुरपाल,** सरपंच, खोकसरा

न्यूज गैलरी

कर्मचारियों के वेतन में कटौती का कोई प्रस्ताव नही : केन्द्र

नई दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने आज स्पष्ट किया कि केन्द्रीय कर्मचारियों के वर्तमान वेतन में किसी तरह की कटौती का कोई प्रस्ताव नहीं है। मीडिया में इस तरह की खबर आने के बाद वित्त मंत्रालय ने यहां स्पष्ट किया कि इस तरह की खबर पूरी तरह से गलत है और इसका कोई आधारहीन है। मंत्रालय ने कहा कि किसी भी श्रेणी के केन्द्रीय कर्मचारियों के वेतन में कटौती का कोई प्रस्ताव नहीं है।

उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस संक्रमण के कारण अर्थव्यवस्था में आयी मंदी के कारण केन्द्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते पर रोक लगा दी गयी है। इसमें अब एक जुलाई 2021 से बढोतरी होगी और इस वर्ष जनवरी में मिलने वाली किश्त भी नहीं दी गयी है।

रुपया 19 पैसे टूटा

मुंबई (वार्ता)। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में रही मजबूती के दबाव में सोमवार को अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 19 पैसे फिसलकर 75.83 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

पिछले दिवस रुपया 75.54 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था।

रुपया आज एक पैसा की मजबूती लेकर 75.55 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान इसका यही उच्चतम स्तर भी रहा। सत्र के दौरान यह 75.77 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक उतरा। अंत में यह पिछले दिवस के 19 पैसे फिसलकर 75.73 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

अमेजन बिजनेस ने पेश किया 'कोविड-19 सप्लाई स्टोर'

नई दिल्ली (वार्ता)। अमेजन बिजनेस ने उद्यमों को कोरोना वायरस 'कोविड-19' संबंधी उत्पादों की आसान खरीद सुविधा प्रदान करने के लिए सोमवार को 'कोविड-19 सप्लाई स्टोर' की शुरुआत करने की घोषणा की। फ्रंटलाइन संगठन जैसे हेल्थकेयर और सरकार इस वायरस के खिलाफप्रभावी जंग के लिए स्टोर से थोक में इससे संबंधी आवश्यक सामग्रियों की खरीद कर सकते हैं। अमेजन इंडिया के कैटेगरी मैनेजमेंट के उपाध्यक्ष मनीष तिवारी ने कहा, ''कोविड-19 सप्लाई स्टोर' संस्थागत खरीदारों को उनकी सुरक्षा और सेनीटाइजर्स जैसे उत्पादों की सभी जरूरत के लिए एक 'वन-स्टॉप शॉप' उपलब्ध कराने का हमारा प्रयास है। देश अभी भी वायरस के खिलाफ जंग लड़ रहा है ऐसे में यह स्टोर स्वास्थ्य देखभाल पेशवरों और संगठनों की थोक खरीद को पूरा करना चाहता है। इस अभूतपूर्व समय में, अमेजन त्वरित पहुंच प्रदान करने और पूरे देश में ग्राहकों को सुरक्षित उत्पादों की डिलीवरी के जरिये देश की सेवा करने के लिए

सोनी इंडिया ने स्टे होम स्टे सेफ प्रोग्राम लांच किया

इंदौर (ए.)। देश में लॉकडाउन की वर्तमान स्थिति की वजह से घरेलू ऑडियो वीडियो प्रोडक्ट्स की बढ़ी मांग के कारण सोनी इंडिया ने अपने अनेक चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर ग्राहकों को कई सारे फायदे देने का फैसला किया है ताकि वे अपने घर में सुरक्षित रहने के दौरान अपना पूरा मनोरंजन कर सकें। इस संबंध में श्री सुनील नैयर, मैनेजिंग डॉयरेक्टर, सोनी इंडिया ने अपनी प्रतिक्रिया में बताया कि,÷ग्राहक, सोनी इंडिया में हमारी सभी गतिविधियों का केंद्रबिंदु हैं। इस लॉकडाउन के दौरान घर में समय बिताने वाले हर किसी के लिए हम घरेलू मनोरंजन के सर्वोत्तम विकल्प पेश करना चाहते हैं। खरीदारियों को आकर्षक और खास बनाने के लिए, हम BRAVIATV पर विशेष कीमतों वाले ऑफर्स के साथ 20 प्रतिशत तक की जबरदस्त छूट, चुनिंदा लेन्सों के साथ Alpha फुल फ्रेंम बॉडी पर

रू.20k की छूट, 216 सेमी (85)TV की रू.5.9 लाख की अभूतपूर्व कीमत में पहली बार पेशकश और सर्वोत्तम TV और साउंडबार कॉम्बो ऑफर्स आदि की पेशकश कर रहे हैं। हम आकर्षक फाइनेंस स्कीमें भी पेश कर रहे हैं और हमने शॉप ऐट सोनी सेंटर www.ShopatSC.com के साथ ऑनलाइन खरीदारी का एक नया विकल्प भी पेश किया है ताकि ग्राहक अपने घर बैठे ही सुरक्षित ढंग से खरीदारी कर सकें। हमेशा की तरह हम अपने वर्ग में सर्वोत्तम ग्राहक सेवा और वारंटी के फायदे भी प्रदान करेंगे।÷81 सेमी (32) सेगमेन्ट में रू 2,000/- से लेकर 140 सेमी (55 इंच) पर रू. 20,000/- तक165 सेमी (65) और इससे अधिक पर रू. 40,000/- तक की रेंज में 20 प्रतिशत तक की छूट (अन्य कैशबैक ऑफर्स के विपरीत) के साथ, 216 सेमी (85) इंच पर रू. 2,00,000/- की शानदार छूट ये कुछ ऐसे फायदे हैं जो सोनी BRAVIA के हर ग्राहक को मिलेंगे। इसके अलावा, ग्राहक सोनी के रिटेल स्टोर्स के माध्यम से एडवांस बुकिंग का विकल्प भी चुन सकते हैं, और प्राथमिकता के आधार पर डिलीवरी और इंस्टालेशन की सुविधा का लाभ पा सकते हैं। यह एडवांस बुकिंग लॉकडाउन तक वैध है।हमने बजाज फाइनेंस के सहयोग से एक नया कन्ज्यूमर फाइनेंस ऑफर 24/7EMI स्कीम भी पेश किया है जो मौजूदा 12/4 और 18/5 के अतिरिक्त है। ग्राहकों को घर में सिनेमा का सम्पूर्ण अनुभव पाने में सक्षम बनाने के लिए सोनी इंडिया ने पहली बार 216 सेमी(85)TV को उद्योग जगत में रू. 5,99,990 की अभूतपूर्वक सर्वोत्तम कीमत पर लांच किया है। सोनी साउंडबार्स की व्यापक रेंज के साथ, ग्राहक अब अपने घर के सुविधाजनक माहौल में ही एक उन्नत और मंत्रमुग्ध कर देने वाला सिनेमाई अनुभव पा सकते हैं। अब कईचुनने के लिए उपलब्ध सोनी साउंडबार्स की व्यापक रेंज के साथ, ग्राहक अब अपने घर के सुविधाजनक माहौल में ही एक उन्नत और मंत्रमुग्ध कर देने वाला सिनेमाई अनुभव पा सकते हैं। अब कई OTTOTT प्लेटफार्मों पर स्ट्रीम की जाने वाली डॉल्बी डिजिटल सामग्री की व्यापक रेंज का डॉल्बी तकनीक से समर्थित सोनी साउंडबार के साथ ही सर्वोत्तम आनंद लिया जा सकता है। 0% ब्याज EMI(लंबी अवधि) के साथ सोनी इंडिया ने आकर्षक फाइनेंस स्कीमें पेश करते हुए ग्राहकों के लिए अब सोनी के प्रोडक्ट्स चुनना ज्यादा आसान बना दिया है। ग्राहकों की सुरक्षा, सोनी के लिए सर्वोपरि प्राथमिकता है और हम सोनी रिटेल स्टोर्स के माध्यम से एडवांस बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को विशेष फायदे प्रदान कर रहे हैं।

सस्ता हुआ सोना, चांदी हुई 725 रुपये मजबूत

नई दिल्ली। सोने-चांदी की कीमतों में सोमवार को बड़ा बदलाव देखने को मिला है। लॉकडाउन 3.0 के बीच आज सोना सस्ता हो गया है। 24 कैरेट सोने का भाव आज शुक्रवार के मुकाबले 368 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता होकर 45924 पर आ गया है। वहीं शुक्रवार को यह 46292 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था। बता दें लॉकडाउन के कारण सर्राफा बाजार बंद हैं। इस वजह से भले ही आम आदमी सोने की खरीददारी नहीं कर रहा, इसके बावजूद गोल्ड-सिल्वर की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। वहीं अगर हालमार्क वाली ज्वैलरी पर हॉलमार्क का निशान और कुछ अंक जैसे 999, 916, 875 की बात करें तो इन्ही अंकों में आपके सोने की शुद्धता का राज छुपा होता है। ध्यान रहे हालमार्क के निशान के साथ 999 नंबर वाले सोने की ज्वैलरी 24 कैरेट की होती है। मोदी सरकार 11 मई से 15 मई तक एक बार फिर सस्ता सोना बेचने जा रही है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के रेट का महत्व इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसी के रेट पर सरकार द्वारा जारी सॉवरेन गोल्ड बांड की कीमत तय होती है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन दिल्ली के मीडिया प्रभारी राजेश खोसला के मुताबिक देशभर के 14 सेंटरों से सोने-चांदी का करेंट रेट लेकर इसका औसत मूल्य बताता है।

घरेलू उड़ानें जल्द शुरू होने की उम्मीद, एयरलाइंस के शेयर चढ़े

नई दिल्ली (वार्ता)। सीमित ट्रेन सेवायें शुरू करने के बाद सरकार अब जल्द ही घरेलू यात्री उड़ानें शुरू करने की घोषणा कर सकती है।

सूत्रों ने बताया कि नागरिक उड्डयन सचिव प्रदीप सिंह खरोला ने मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रविवार को दिल्ली हवाई अड्डे का दौरा किया। उन्होंने कोरोना वायरस 'कोविड-19' से बचाव के लिए हवाई अड्डे की तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद वे सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। सूत्रों का कहना है कि अन्य हवाई अड्डों पर भी सामाजिक दूरी 'सोशल डिस्टेंस' बनाये रखने के लिए की गयी तैयारियों की रिपोर्ट मिलने के बाद सरकार नियमित घरेलू उड़ानें शुरू करने की अनुमति दे सकती है।

नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पिछले दिनों कई समाचार चैनलों को साक्षात्कार दिया है जिसमें उन्होंने कहा था कि मई के मध्य से घरेलू उड़ानें शुरू हो सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने के बारे में बाद में विचार किया जायेगा। उड़ानें दुबारा शुरू होने की उम्मीद में आज विमान सेवा कंपनियों में शेयरों में तेजी देखी गयी। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के शेयर चार फीसदी से अधिक चढ़ गये। किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट के शेयर भी करीब तीन प्रतिशत की बढ़त में रहे।

कोविड-19 के मद्देनजर 25 मार्च से राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन लागू है। तब से नियमित घरेलू यात्री उड़ान भी बंद हैं। अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें 22 मार्च से बंद हैं। पहले तीन सप्ताह के लिए लॉकडाउन की घोषणा की गयी थी। बाद में पहले उसे 19 और फिर 14 दिन के लिए और बढ़ाया गया।

लॉकडाउन में घर बैठे खरीदें ऑडी कार

नई दिल्ली। महिंद्रा एंड महिंद्रा, होंडा मोटर्स जैसी कंपनियों के बाद अब महंगी कार बनाने वाली जर्मनी की कंपनी ऑडी ने भी भारत में ऑनलाइन बिक्री शुरू की है। इससे ग्राहक कोविड-19 की रोकथाम के लिए जारी लॉकडाउन (बंद) के दौरान अपने घर से ही गाड़ी की बुकिंग कर सकेंगे। कंपनी ने सोमवार को बताया कि उसके अपने देशभर के डीलर नेटवर्क को इस ऑनलाइन मंच के साथ जोड़ दिया है। इसके माध्यम से ग्राहक घर बैठे ना सिर्फ कार की बुकिंग कर सकते हैं बल्कि अपनी कार की सर्विस बुकिंग भी करा सकते हैं। कंपनी के भारतीय परिचालन के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लन ने कहा कि कंपनी ग्राहकों के लिए भविष्य की प्रौद्योगिकी को पेश करने में हमेशा आगे रही है।

दिल्ली एनसीआर में ग्रोसरी शॉपिंग प्लेटफार्म स्टोर-से-डॉट-इन लॉन्च

नई दिल्ली (वार्ता)। एक नए ग्रोसरी डिलीवरी प्लेटफार्म स्टोरसे डॉटइन ने दिल्ली एनसीआर में अपनी सेवाओं के लॉन्च की घोषणा की है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि क्षेत्र के उपभोक्ता अब स्टोरसे पर भरोसेमंद ब्रांड्स की आवश्यक सामग्री तथा ग्रोसरी का आर्डर देकर अपने घर पर मंगा सकते हैं। ऑफलाईन रिटेल ब्रांड्स, जैसे विशाल मेगामार्ट, मॉडर्न बाजार, मेट्रो कैश एंड कैरी, मोर आदि के साथ साझेदारी के माध्यम से स्टोरसे विस्तृत श्रृंखला के उत्पादों के साथ 24 घंटों के अंदर गारंटीड डिलीवरी प्रदान करेगा। बेंगलुरू में लॉन्च के बाद स्टोरसे को अन्य प्रमुख शहरों में भी शुरू करने की प्रक्रिया जारी है। बेंगलुरू के बाद दिल्ली एनसीआर पहला शहर है, जहां स्टोरसे रिटेलर्स के साथ मिलकर सेवाएं देगा। ग्रोसरी एवं आवश्यक सामग्री का आर्डर ऑनलाईन देने से न केवल भीड़ को रोकने में मदद मिलती है, बल्कि नाजुक वर्ग के लोगों जैसे वरिष्ठ नागरिकों को उनका सामान उनके दरवाजे पर मिल जाता है।

स्टोरसे का उपयोग करने के लिए आपको स्टोरसेडॉटइन पर विज़िट करके अपना स्थान चुनना होगा, फिर आप उत्पाद के कैटालोग से अपनी जरूरत का सामान चुनकर अपने आर्डर के लिए भुगतान कर सकते हैं। नजदीकी स्टोर द्वारा आर्डर प्राप्त कर लिए जाने के बाद उन्हें आपका पूर्ण आर्डर तैयार करने के लिए अधिकतम 24 घंटे का समय दिया जाता है। ग्राहकों द्वारा भुगतान ऑनलाईन किया जाता है।

स्टोरसे के पास 5000 से ज्यादा वस्तुओं का प्रोडक्ट कैटालोग है, जिसमें ग्रोसरी, फल ,सब्जियां, स्नैक्स, पर्सनल केयर, डेयरी, बेवरेजेस एवं जरूरत के

उपलब्धि | अब राष्ट्रीय राजधानी में मोबाइल ग्राहकों की सर्वाधिक पंसदीदा बन गई जियो

दिल्ली में रिलायंस जियो बना नंबर वन

नई दिल्ली (वार्ता)। अपने विशाल और सबसे तेज़ 4 जी नेटवर्क के बूते मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो देश में धाक जमाने के बाद अब राष्ट्रीय राजधानी में भी मोबाइल ग्राहकों की सर्वाधिक पंसदीदा बन गई है।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के जनवरी-2020 के आंकड़ों के अनुसार जियो ने एक करोड़ 77 लाख 56 हजार 333 ग्राहकों और 33.36 प्रतिशत मार्केट शेयर के साथ भारती एयरटेल और वोडा-आइडिया को पछाड़ दिया है। पांच सितंबर 2016 को दूरसंचार क्षेत्र में कदम रखने वाली जियो ने मात्र 44 माह में यह महारथ हासिल की।

आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष जनवरी में मोबाइल सेवा से नेट दो लाख 67 हजार 180 नये ग्राहक जुडे जबकि जियो के इससे अधिक दो लाख 71 हजार 328 शुद्ध रुप से नये उपभोक्ता बने। पिछले साल जनवरी में जियो के दिल्ली में एक करोड़ 74 लाख 85 हजार पांच ग्राहक थे।

भारती एयरटेल के साथ जनवरी-2020 में 52 हजार 19 ग्राहक जुडे और पहले के एक करोड़ 55 लाख 72 हजार 577 से बढकर एक करोड़ 56 लाख 24 हजार 496 हो गए।

वोडा-आइडिया के 54 हजार 574 उपभोक्ता घटकर एक करोड़ 77 लाख एक हजार 405 से एक करोड़ 76 लाख 46 हजार 831 रह गए।

रिलायंस जियो ने दिल्ली में तेजी से अपने पांव पसारे हैं। जियो का नेटवर्क दिल्ली सर्किल में 100 प्रतिशत आबादी को कवर करता है। जियो के पास 110 से अधिक जियो स्टोर्स और रिलायंस डिजिटल स्टोर्स का एक मजबूत रिटेल नेटवर्क है। साथ ही दिल्ली में 25000 से अधिक रिटेलर्स का आधार है। इसके अलावा दिल्ली में 34 जियो सेंटर हैं जो ग्राहकों को सेवाओं के साथ किसी भी प्रकार के त्वरित समाधान सहायता भी प्रदान करते हैं।

मुकेश अंबानी की जियो पूरी तरह से 4 जी नेटवर्क है। सिर्फ4 जी नेटवर्क होने के कारण स्मार्टफोन उपभोक्ताओं की यह पहली पंसद बन गया है। जियो फोन ने भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कम आय वर्ग के लोग जो 4 जी की तेज स्पीड तो पाना चाहते है पर महंगे स्मार्टफोन नही खरीद सकते उनके लिए जियो फोन ने नए विकल्प प्रदान किए हैं। दिल्ली में जियो के प्रसार के प्रमुख कारणों में से जियो फोन भी एक है।

देश में ग्राहकों की संख्या के मामले में भी जियो शीर्ष पर है। जनवरी 20 तक उसकी बाजार हिस्सेदारी 32.56 प्रतिशत थी। वहीं वोडा-आइडिया 28.45 प्रतिशत के साथ दूसरे और 28.38 फीसदी के साथ एयरटेल तीसरे स्थान पर है। जनवरी में रिलायंस जियो ने जहां देश भर में 65 लाख 55 हजार से अधिक ग्राहक जोड़े वही भारती एयरटेल ने आठ लाख 54 हजार के करीब ग्राहक जोड़े तो वोडा-आइडिया ने 36 लाख से अधिक ग्राहक खोए। ट्राई की रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष जनवरी तक रिलायंस जियो के ग्राहकों की संख्या 37 करोड़ 35 लाख से अधिक थी।

क्वाई के लाइव प्रोग्राम से बढ़ी लाइव स्ट्रीम होस्ट्स की आमदनी

क्वाई ने होस्ट्स की शेयरिंग 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 80 प्रतिशत की

नई दिल्ली। लोकप्रिय शॉर्ट वीडियो एप क्वाई ने आज कहा कि उनके विशेष क्वाई लाइव प्रोग्राम से लाइव स्ट्रीम होस्ट्स की आमदनी में काफी इज़ाफा हुआ है। यह विशेष प्रोग्राम देशभर में जारी लॉकडाउन की स्थिति के मद्देनज़र चलाया गया है और इसके अंतर्गत क्वाई ने लाइव स्ट्रीम होस्ट्स के लिए मिलने वाले गिफ्ट शेयरिंग 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 80 प्रतिशत कर दी है। तीन माह का यह प्रोग्राम 15 अप्रैल से शुरू हुआ और 14 जुलाई 2020 तक जारी रहेगा। पहले दो सप्ताह में ही सैकड़ों लाइव स्ट्रीम होस्ट्स क्वाई के इस लाइव प्रोग्राम का फायदा उठाकर कुल हजारों-लाखों रूपये के गिफ्ट्स कमा चुके हैं। क्वाई के अनुसार सबसे ज्यादा कमाई एक होस्ट ने दस हज़ार रुपये के गिफ्ट्स के साथ की है। उल्लेखनीय है कि कई लाइव स्ट्रीमिंग एप्प्स पर उनके यूज़र्स लोकप्रिय होस्ट्स या कॉन्ट्रीब्युटर्स के लिए असली धनराशि खर्च करके वर्चुअल (आभासी) गिफ्ट्स खरीद सकते हैं। एक अच्छी परफॉरमेंस की सराहना करने के लिए यूज़र्स कॉफ़ी, चॉकलेट या फूल जैसे गिफ्ट्स खरीद सकते हैं। लाइव स्ट्रीम के दौरान हासिल की गई इन गिफ्ट्स की कुल राशि एप और होस्ट्स के बीच बांटी जाती है। जहाँ अन्य प्लेटफॉर्म्स अपने होस्ट्स के साथ गिफ्ट की धनराशि का 20 से 30 प्रतिशत हिस्सा ही बांटते हैं, क्वाई ऐसा पहला लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म है जो अपने होस्ट्स के साथ इस राशि का 80 प्रतिशत हिस्सा शेयर करता है।

आज का भविष्यफल



मेष: मेष राशि के जातकों का प्रभावशाली व्यक्तित्व और कठोर परिश्रम करने की ताकत आज उन्हें मान सम्मान दिलाएगी। आज कुछ जातकों को ब्याज के रूप में धन प्राप्ति के अवसर भी उपलब्ध होंगे।

वृषभ: वृष राशी के जातक को आज वाद-विवाद विवाद से बचना चाहिए। आपका तुरंत प्रतिक्रिया देना भारी पड़ सकता है अतः संयम बनाए रखें। धन प्राप्ति के कोई खास अवसर नजर नहीं आ रहे हैं ।



मिथुन: मिथुन राशि के जातक कार्यक्षेत्र में अपने क्लाइंट्स पर ज्यादा फोकस रखेंगे। उनका सारा ध्यान अपने ग्राहकों को संतुष्ट करने पर रहेगा ताकि अधिक से अधिक धन कमाया जा सके।



कर्क: कर्क राशि के लोग आज अपने प्रतिद्वंद्वियों के गूढ़ रहस्य को जानने में कामयाब होंगे। जिसके बल पर उन्हें सफलता मिलेगी। विचार अपने मन में ही रखें तो यह ज्यादा सहायक होगा।

सिंह: सिंह राशि के जातक आज कुछ आराम करना चाहेंगे। मनोरंजन में समय व्यतीत होगा। सभी काम आसानी से पूरे होंगे। मन प्रसन्न रहेगा।

कन्या: कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन शांत रहकर काम करने का है। ज्यादा जिद पर अड़ना ठीक नहीं है वरना विरोधी सक्रिय हो जाएंगे। धन प्राप्ति के लिए दिन सामान्य है।



तुला: तुला राशि के जातकों के लिए आज एक मुश्किल दिन है। मेहनत का फल नहीं मिलेगा। भाग्य साथ नहीं दे रहा है। मन की शांति तथा धन प्राप्ति के लिए विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करना अच्छा है।



वृश्चिक: वृश्चिक राशि के जातकों को बोलते समय बहुत सावधानी बरतना है। गलत शब्दों के प्रयोग की वजह से उनकी सुख-शांति भंग हो सकती है।

धनु: धनु राशि के जातकों का अपने निर्णय पर अड़े रहना आत्मघातक हो सकता है। दोस्तों की सलाह भी मददगार हो सकती है। इस बात का ध्यान रखना जरूरी है।

मकर: मकर राशि के जातकों की बौद्धिक क्षमता आज गजब की रहेगी। जो भी निर्णय लेंगे उसके दूरगामी शुभ परिणाम मिलेंगे। धन प्राप्ति के शुभ अवसर उपलब्ध होंगे। जरूरी चीजों पर धन खर्च होगा।



कुंभ: कुंभ राशि के जातकों का सारा दिन आज मनोरंजन व रिलैक्सेशन में व्यतीत होगा। काम करने का ज्यादा मन नहीं करेगा। धन को लेकर भी मन में आज विरक्ति रहेगी। आज शांत रहकर ही समय व्यतीत करना चाहेंगे।

मीन: मीन राशि के जातक अपने कलात्मक क्षमता की बदौलत कार्यक्षेत्र में नाम कमाने में कामयाब होंगे। यह समय कुछ नया क्रिएट करने का भी है।

सु- दोकू क्र.019

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिनमें [illegible] वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक [illegible] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.18 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

शब्द सामर्थ्य -019

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

ऊपर से नीचे
1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 18 का हल

अं	त	■	म	री	ज	■	■	■
ग	ह	न	ता	■	ब	र	ब	स
■	की	■	धि	क्का	र	■	र	मा
■	का	■	का	■	द	वा	खा	ना
प	त	वा	र	■	स्त	र	■	■
ह	■	■	■	■	■	दा	मि	नी
ना	■	ए	ह	ति	या	त	■	लां
वा	च	क	■	हा	■	■	खू	ब
■	■	ता	ब	ड़	तो	ड़	■	र

गुजरात से लौटे लोग बोले- छत्तीसगढ़ वापस लाने मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। श्रमिक स्पेशल ट्रेन से सोमवार को बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे छत्तीसगढ़ के लोगों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल धन्यवाद दिया है। कोरोना के कारण लॉक डाउन में गांधीनगर में परिवार सहित फंसे कोरबा के प्रदीप कुमार चैहान ने भावुक होते हुए कहा- 'लगता था कैसे छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे..? कैसे घर वापसी होगी..? कोरोना के कारण खाने-पीने के भी लाले पड़ गये थे.. सेठ ने भी खाना देने और रखने से मना कर दिया था.. पत्नी के साथ दो बच्चों को लेकर घर लौटने की चिन्ता हर समय सताती रहती थी। भला हो हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का.. मेरे परिवार सहित ऐसे कई परिवारों को छत्तीसगढ़ की धरती पर वापस लाने के लिए ट्रेन की व्यवस्था की। ऐसे मुख्यमंत्री के कारण ही हम लोग आज रेलगाडी से बिलासपुर पहुंचे हैं। अपने छत्तीसगढ़ आ गये हैं, अब अपने घर जा सकेंगे।

कोरबा के प्रदीप कुमार चैहान ने भावुक होते हुए बताई अपनी कहानी

प्रदीप व उनके परिवार को लाने कोरबा कलेक्टर ने भेजी टीम

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रयासों से आई इसी ट्रेन से कोरबा से हरदीबाजार से नौ किलोमीटर दूर नवाडीह गांव के निवासी प्रदीप कुमार चैहान अपनी पत्नी श्रीमती संतोषी बाई चैहान और दो छोटे बच्चों के साथ बिलासपुर पहुंच गये हैं। कलेक्टर किरण कौशल ने इस परिवार को कोरबा लाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से विशेष दल बिलासपुर भेजा है। आज शाम तक प्रदीप कुमार अपने परिवार के साथ कोरबा पहुंच जायेंगे। जहां उन्हें आगामी 14 दिनों के लिए क्वारेंटाइन सेंटर में रखा जायेगा।

दीपावली के बाद गांधीनगर कमाने-खाने गया था प्रदीप का परिवार

दूरभाष पर बात करने पर प्रदीप कुमार चैहान ने बताया कि पिछले साल दीपावली के बाद वे अपने परिवार के साथ गांधीनगर कमाने-खाने पहुंचे थे। अपनी पत्नी और पांच साल तथा ढाई साल की दो बेटियों को साथ लेकर वे गांधीनगर के पास के गांव में ईंट भट्ठा में ईंट बनाने का काम करते थे। प्रदीप कुमार चैहान ने बताया कि कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण हुए लॉक डाउन से ईंट भट्ठे का व्यवसाय बंद हो गया। कुछ दिन तक सेठ ने बैठाकर खिलाया परंतु बाद में उसने भी हाथ खड़े कर दिये। कमाई की रकम भी खतम होने की कगार पर है। ऐसे में लॉक डाउन की सख्ती के कारण जरूरी सामान लेने के लिए भी नहीं निकल पा रहे थे। जल्दी से जल्दी वापस घर लौटने की चिन्ता थी।

श्रमिकों ने ली चैन की सांस

प्रदीप कुमार की तरह कुछ अन्य लोगों ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ के अन्य लोगों ने भी मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया । अहमदाबाद से चली विशेष श्रमिक स्पेशल रेलगाड़ी आज सुबह लगभग पौने दस बजे बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची तो इसमें सवार ग्यारह सौ से अधिक श्रमिकों ने चैन की सांस ली और अपने राज्य पहुंचने पर उनके मन मस्तिष्क में संतोष का भाव साफदेखा जा सकता था।

पता चलते ही कराया पंजीयन

उन्होंने बताया कि ऐसे में पता चला कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने दूसरे राज्यों में फंसे लोगों को वापस लाने के लिए ट्रेनों की व्यवस्था की है। प्रदीप कुमार ने अपने परिवार का पूरा विवरण स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराकर पंजीयन कराया और छत्तीसगढ़ के श्रमिकों को वापस लेकर आने वाली पहली गाड़ी से वे बिलासपुर पहुंच गये। प्रदीप कुमार ने कोरोना के इस माहौल में भी घर से दूर दूसरे राज्य में बिना काम के भूख-प्यास से परेशान छत्तीसगढ़ के लोगों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्हे वापस लाने के लिए ट्रेन भेजने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बार-बार आभार और धन्यवाद जताया।

रेल की सीटी बजते ही दो महिने से ठहरी जिंदगी ने छत्तीसगढ़ के लिए दुबारा पकड़ी रफ्तार

कैसे घर वापस आएंगे की चिंता में जी रहे थे प्रवासी मजदूर, छत्तीसगढ़ सरकार की स्पेशल ट्रेन से समस्या दूर हुई

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। दो माह से लॉकडाउन में फंसे मस्तूरी विकासखंड के ग्राम सरगवां के लाभो बघेल को यकीन नहीं आ रहा है कि वह इतनी आसानी से सफर तय कर बिलासपुर पहुंच चुका है और थोड़ी ही देर में गांव पहुंचकर अपनों के बीच होगा। आज ट्रेन से उतरे सभी श्रमिकों ने छत्तीसगढ़ सरकार का आभार माना और बिलासपुर जिला प्रशासन की व्यवस्था की सराहना की।

लाभो बघेल गुजरात में फंसे उन 1208 प्रवासी मजदूरों में से एक है जो छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई स्पेशल ट्रेन से आज अपने वापस घर लौट सका है। सुबह ट्रेन से उतरने पर लाभो, उसकी पत्नी तीन बच्चों और चार भाईयों के पूरे परिवार के चेहरे में खुशी एवं संतोष का भाव था। उन्होंने बताया कि कल शाम चार बजे अहमदाबाद से रवाना हुई इस ट्रेन में सभी को सामाजिक दूरी के साथ आरामदायक सीट दी गई थी और रास्ते में भोजन-पानी की

व्यवस्था भी की गई थी। ट्रेन स्पेशल होने के कारण रास्ते में कहीं पर नहीं रुकी और वे बहुत कम समय से बिलासपुर पहुंच गये। ट्रेन के स्टेशन आने और स्टेशन से बस में बैठकर गांव जाने तक की बहुत अच्छी व्यवस्था प्रशासन ने की है। उसने कहा कि अब हम गांव पहुंच रहे हैं। कोरोना महामारी से बचाव के लिए हम सभी खुशी-खुशी निर्धारित समय तक गांवों के क्वारांटाइन सेंटर में रहेंगे।

गांव में रहकर संभालेंगे परिवार : विजय

इसी ट्रेन से जयरामनगर का विजय अपने माता-पिता व भाई के साथ उतरा। उसने बताया कि वे छह माह पहले गुजरात के वरसाड़ गये थे, लेकिन दो माह से लॉकडाउन के कारण वहां खाली बैठ गये थे। उन्हें गांव पहुंचने की चिंता थी क्योंकि अपनी थोड़ी जमीन में खेती की तैयारी भी करनी थी। उन्हें आने के लिए कोई साधन नहीं दिख रहा था। वे संशय में थे कि आगे चार माह किस तरह गुजारेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार की तरफ से ट्रेन की व्यवस्था होने से उनकी चिंता दूर हो गई। अब वह गांव में रहकर अपना परिवार संभालेगा।

...तो दो माह पहले ही वापस आ गए होते : मथुरा बाई

मस्तूरी विकासखंड के ही ग्राम भिलई की मथुरा बाई अपने पति के साथ स्पेशल ट्रेन से आज वापस आई। उसने बताया कि यदि लॉकडाउन नहीं होता तो वह और उनके साथी श्रमिक दो माह पहले अपने घर आ चुके होते। अचानक सभी ट्रेन, बस बंद हो जाने पर वे चिंतित हो गये थे कि अब कैसे गांव लौटेंगे। इसी बीच उन्हें पता चला कि छत्तीसगढ़ सरकार ने ट्रेन की व्यवस्था कर दी है । दो माह काम बंद हो जाने के कारण उन्हें खर्च चलाने में परेशानी होने लगी थी। अब गांव पहुंचकर खेती और मजदूरी का काम शुरू कर सकेंगे।

इसी तरह से तखतपुर विकासखंड के खजुरी की चमेली सतनामी, समडिल के सुमरित लाल खांडे, बिल्हा विकासखंड के ग्राम दुर्गडीह के राजप्रसाद निराला, फूलबाई निराला, प्रियंका निराला, ग्राम झाल के रामचंद्र बंजारे, हसीना कुमारी, बेलतरा के योगेश महिलांगे, हिर्री के संतोष कुर्रे, बिटकुली के देवलाल कुर्रे आदि श्रमिकों ने अपने गांव-घर पहुंचने पर खुशी जताई।

प्रदूषण इतना की सांस लेना मुश्किल
घरों में बिछ रहा है डस्ट का चादर

यशवंत राजवाड़े

बैकुंठपुर। कोयलांचल क्षेत्र चरचा कॉलरी में रहने वाले लोग कोल डस्ट की समस्याओं से परेशान हो रहे है फिर भी एसईसीएल के जिम्मेदार अधिकारी अब तक इस समस्या का समाधान नहीं निकाल सके जब कि शासन द्वारा कोल परिवहन के दौरान इसे कवर ढक कर ले जाने का निर्देश है इसके पश्चात भी इन निर्देशों का पालन होता नहीं दिख रहा जिसका ही परिणाम है कि अब घरों के दीवारों पर भी कोल डस्ट जमा होने लगा है वही कोयला निकासी की चिंता तो चरचा आर.ओ के सब एरिया मैनेजर को है लेकिन प्रदूषण नियंत्रण के प्रति ध्यान नहीं है। चरचा आर.ओ के रेलवे साइडिंग स्थानीय वार्ड नंबर 4 सुभाष नगर के लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। इस साइडिंग में रेल रैक लोड करने तथा बैंकर से उड़ने वाले कोल डस्ट से पूरी कॉलोनी प्रदूषण की चपेट में आ जाती है कोल डस्ट की वजह से बैंकर के किनारे रहने वाले लोग और व्यापारी बहुत ज्यादा परेशान है लोग बताते हैं कि मकान और दुकान में नियमित साफ-सफाई नहीं की जाए तो 24 घंटे में ही धूल की मोटी परत बैठ जाती है जिस वजह से इन व्यापारियों के व्यापार पर भी फर्क पड़ता है ठंड और गर्मी में यह समस्या और बढ़ जाती हैं कोल डस्ट की समस्या से लोगों को निदान नहीं मिल पा रहा है कॉलरी प्रबंधक भी इन समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रही है और ना ही कॉलरी प्रबंधक द्वारा पानी का छिड़काव किया जाता है।

बताया जाता है कि इस इलाके में प्रदूषण का कहर इस कदर हावी है कि खाने से लेकर के पानी तक दूषित हो जाता है इसके बावजूद प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रबंधन की ओर से कोई सार्थक पहल नहीं किया जा रहा हैं जब कि कोल डस्ट से सॉस संबंधित बीमारियां होने का खतरा ज्यादा रहता है कोल डस्ट से आंख की बीमारियां भी होती है यह बच्चों के लिए और घातक होता है किंतु इसके बावजूद भी कॉलरी प्रबंधक अपनी गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाए खड़ा है ।

जानकारी देने का अधिकार हमे नही -

वही जब इस संबंध में एसईसीएल के अधिकारियों से जानकारी चाही गई तो उन्होंने कोई भी जानकारी देने से मना कर दिया गया वही कहा गया कि इस संबंध में मीडिया को जानकारी बिलासपुर के जन सम्पर्क अधिकारी ही उपलब्ध करा सकते हैं जिन्हें अधिकार है।

अब ऊर्जाधानी में भी घर बैठे ऑनलाइन मिलने लगी शराब

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। मदिरा प्रेमियों को शराब खरीदी के लिए अब दुकान के सामने कतार नहीं लगानी पड़ेगी। शासन ने जिले में ऑनलाइन बिक्री को हरी झंडी दे दी है। एजेंसी तय करने के बाद सेवा जारी सप्ताह में शुरू हो जाएगी। इसके अलावा लॉकडाउन के दौरान जिन 11 दुकानों को बंद रखा गया था वे सभी दुकानें सोमवार से खुल जाएंगी। शराब की ऑनलाइन बिक्री लॉकडाउन खुलने के बाद भी जारी रहेगी।

कोरोना वायरस के कारण देश भर में तीसरे चरण का लॉकडाउन जारी है। इस बीच शराब दुकान शुरू किए जाने से दुकान के सामने भीड़ लगने लगी है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए शासन ने शराब की घर पहुंच सुविधा देने का निर्णय लिया है। जिले में जारी 37 में से किसी दुकान से ऑनलाइन ऑर्डर देकर होम डिलीवरी करा सकेंगे। ऑनलाइन बिक्री कोरबा और राजधानी रायपुर को छोड़ अन्य जिलों में जारी है। कोरोना संक्रमण के कारण रेड जोन में होने से दोनों जिले में एजेंसी तय नहीं की गई थी। जिला आबकारी अधिकारी की मानें तो जारी सप्ताह के भीतर एजेंसी तय होने के साथ सेवा शुरू कर दी जाएगी। ऑनलाइन शराब मंगाने के लिए आबकारी की ओर से जारी एप को गूगल में जाकर डाउनलोड करना होगा। ऑर्डर में भुगतान और जगह की जानकारी दिए जाने के बाद होम डिलीवरी दी जाएगी। शराब दुकान खुलने के बाद फिजिकल डिस्टेंस का जमकर उल्लंघन हो रहा है। संक्रमण के खतरे के बाद भी दुकान खोले जाने से सरकार को जमकर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। बहरहाल ऑनलाइन बिक्री के लिए ग्राहक को 120 रुपये डिलवरी चार्ज देना पड़ेगा। इसके अलावा निर्धारित मापदंड के अनुसार ही ग्राहक खरीदी कर सकेंगे।

आबादी क्षेत्र में गंभीर परिणाम की संभावना

कोरोना संक्रमण को देखते हुए आबादी क्षेत्र की बंद दुकानों को शुरू करने के परिणाम गंभीर हो सकते हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए नगर पालिका परिषद दीपका के पार्षद अरुणीश तिवारी ने जिला प्रशासन से दुकान अन्यत्र शिफ्ट कराने की मांग की है। पार्षद का कहना है कि सोमवार से दीपका में शराब की बिक्री होगी। प्रशासन को ध्यान देना चाहिए कि दीपका में दुकान बीच बस्ती में संचालित है। दुकान शुरू होने से लॉकडाउन नियम का उल्लंघन होगा। दुकान को हटाने की मांग कई साल से की जा रही है। नगरीय प्रशासन की ओर से प्रस्ताव प्रशासन को दिया भी जा चुका है। इसके बाद भी इस पर अमल नहीं हो रहा है। दीपका एक बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है और यहां प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का बाहर से आना जाना रहता है। ऐसे में जो लोग दीपका में शराब की खरीदी करते हैं, तो निश्चित रूप से कहीं न कहीं संक्रमण का खतरा बढ़ेगा।

एजेंसी तय होते ही ऑनलाइन सेवा शुरू कर दी जाएगी। लॉकडाउन के दौरान से इससे भीड़ कम होगी। शराब दुकान खुलने के बाद भीड़ लगातार कम हो रही है। दुकानों में पि?जिकल डिस्टेंस का पालन कराया जा रहा है।

जेआर पैकरा, जिला आबकारी अधिकारी